■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 290
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
25 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**421 :** इटली में वेनिस शहर की स्थापना हुयी।
**1306 :** रॉबर्ट ब्रूस को स्कॉटलैंड का नया राजा बनाया गया।
**1668 :** अमेरिका में पहली बार घुड़दौड़ का आयोजन।
**1700 :** इंग्लैंड, नीदरलैंड और फ्रांस ने दूसरी उन्मूलन समझौते पर हस्ताक्षर की।
**1788 :** समाचारपत्र 'कलकत्ता गैजेट' में भारतीय भाषा बांग्ला का पहला विज्ञापन प्रकाशित।

# बिहार में 10225 शिक्षकों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों के बहुप्रतीक्षित स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत शिक्षा विभाग ने सोमवार को 10225 शिक्षकों के स्थानांतरण की सूची को जारी किया है। इसमें सर्वाधिक स्थानांतरण उन महिला शिक्षिकाओं के हुए हैं जो पति के पदस्थापन के आधार पर स्थानांतरण के लिए आवेदन की हुई थी। शिक्षा विभाग ने इससे पहले असाध्य रोग के आधार पर 220 शिक्षकों का स्थानांतरण किया था। लेकिन इस बार विशेष समस्या ग्रसित होने के सभी क्षेत्र प्रकार के आधार पर स्थानांतरण किए गए हैं।

शिक्षा विभाग ने इस बार पूर्व के स्थायी शिक्षक, बीपीएससी प्रथम और दूसरे चरण में चयनित शिक्षक और सक्षमता उत्तीर्ण होकर विशिष्ट शिक्षक बने शिक्षकों के स्थानांतरण के आवेदन पर विचार करते हुए उनका स्थानांतरण किया है। स्थानीय निकाय वाले शिक्षकों के आवेदन पर विचार नहीं किया गया है।

**असाध्य रोग पर विशेष ध्यान :**

शिक्षकों के स्थानांतरण में असाध्य रोग के आधार पर कुल 226 शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ है, जिसमें 113 पुरुष शिक्षक और 113 महिला शिक्षिका हैं। गंभीर रुग्णता के आधार पर 495 पुरुष शिक्षक और 442 महिला शिक्षकों को मिलकर कुल 947 शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं।

**पति के पदस्थापन के आधार पर महिला शिक्षिकाओं का स्थानांतरण :**

इसी प्रकार दिव्यांगता के आधार पर कुल 2685 शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं। जिसमें 2065 पुरुष शिक्षक और 620 महिला शिक्षिका हैं। बच्चे, स्वयं, पति अथवा पत्नी के ऑटिज्म और मानसिक दिव्यांगता के आधार पर कुल 573 स्थानांतरण हुए हैं। जिसमें 280 पुरुष शिक्षक और 293 महिला शिक्षिका हैं। विधवा एवं परित्यक्ता के आधार पर कुल 516 महिला शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ है। सर्वाधिक स्थानांतरण पति के पदस्थापन के आधार पर 5288 महिला शिक्षिकाओं का हुआ है।

**स्थानांतरण में कोई यात्रा भत्ता देय नहीं :**

प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने स्पष्ट किया है कि इन सभी शिक्षकों को विद्यालय आवंटन 10 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच किया जाएगा। यह शिक्षकों का ऐच्छिक स्थानांतरण है इसलिए स्थानांतरण में कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। इसके अलावा भविष्य में शिक्षक छात्र के अनुपात में संतुलन होने पर इन शिक्षकों का अन्यत्र स्थानांतरण भी हो सकता है।

# चार नई औद्योगिक इकाइयों का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के औद्योगिक विकास को एक नई गति और दिशा मिलने वाली है। राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा आज मंगलवार को बिहटा के औद्योगिक क्षेत्र में एक साथ चार इकाइयों का भव्य उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से न केवल बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूती मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के सैकड़ों अवसर भी सृजित होंगे। इस पहल से बिहार में औद्योगिक क्रांति को गति मिलेगी और बिहटा जल्द ही एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेगा। इन 4 नई इकाइयों में एक 'डी वेगा बॉन्ड' भी शामिल है। डीवी रंजन के स्तर से संचालित इस इकाई में कुल 3 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश किया गया है, जिससे 70 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# भारतीय खाद्य निगम ने शुरू की गेहूं खरीद की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने आगामी रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया। यह बैठक आज पटना के होटल मौर्य में आयोजित की गई, जिसमें खाद्य एवं सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारतीय खाद्य निगम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य में गेहूं खरीद को बढ़ाने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ समय पर दिलाने के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य विभाग के सचिव डॉ. एन. सरवण कुमार (भा.प्र.से.) ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में 1 अप्रैल 2025 से 5000 गेहूं खरीद केंद्र सक्रिय होंगे, जहां किसानों से सीधे खरीद की जाएगी। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घंटे के भीतर किया जाएगा। उन्होंने किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए डीबीटी पोर्टल और सहकारिता विभाग के पोर्टल का उपयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस साल राज्य में गेहूं खरीद का लक्ष्य 1.50 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने बताया कि 50,000 एमटी गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राज्यभर में 151 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो 15 जून 2025 तक कार्यरत रहेंगे। गेहूं की उत्पादकता को देखते हुए रोहतास, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, सिवान, गया, सारण, नालंदा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सासाराम, गोपालगंज, औरंगाबाद, बेगूसराय, पटना और दरभंगा जैसे जिलों में अधिक संख्या में क्रय केंद्र खोले जाएंगे। इस बार सरकार ने किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की योजना बनाई

# रिश्वत की रकम के साथ जीएम गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने सोमवार को छापेमारी कर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक को 15 लाख रुपए के साथ धर दबोचा। आरोपित रामप्रीत पासवान एनएचएआई के पटना रीजनल ऑफिस में महाप्रबंधक हैं। बताया जा रहा है की छापेमारी में 1 करोड़ 18 लाख रुपए कैश बरामद किया गया है। सीबीआई की टीम ने रामप्रीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही जांच एजेंसी ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के महाप्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की सुबह सीबीआई की टीम ने बिहार, झारखंड से लेकर वाराणसी तक छापेमारी की। सीबीआई ने 15 लाख रुपये की रिश्वत का लेन-देन करने के तुरंत बाद एनएचएआई के एक महाप्रबंधक सहित चार आरोपितों और एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक सहित तीन निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सीबीआई के सूत्रों ने बताया कि एनएचएआई के एक महाप्रबंधक रामप्रीत पासवान और राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के महाप्रबंधक सुरेश महापात्र सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।




- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

**उत्तर प्रदेश नं. 1**

- 15 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

## खुशहाल किसान, यूपी की पहचान

- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

## सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+ को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

## काम दमदार, युवाओं को रोजगार

- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

## सबके साथ सरकार

- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

## स्वास्थ्य का उपहार

- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

## विकास पथ पर यूपी का रथ

- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

## अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस

- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

## विरासत भी, विकास भी

- महाकुम्भ 2025 में 66.30 करोड़+ श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान
- महाकुम्भ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3.50 लाख करोड़+ की वृद्धि
- 6 आध्यात्मिक कॉरिडोर के विकास से पर्यटन में वृद्धि
- अयोध्या में दिव्य-भव्य प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण
- वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास
- अयोध्या में भव्य-दिव्य दीपोत्सव, काशी में देव-दीपावली

## अंत्योदय से गरीब कल्याण

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

## सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा

- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय







सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

# कानून-व्यवस्था को लेकर विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को कार्यवाही शुरू होते ही कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों जमकर हंगामा किया। बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्य वेल में पहुंचकर शोरगुल और हंगामा करने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विपक्षी सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद विधायक अपनी बात रखेंगे, आपकी बात सुनी जायेगी। भारी शोरगुल के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तरकाल शुरू करा दिया। इसी बीच भाकपा-माले विधायकों ने सदन में सिया और सुन्नी के अलग-अलग कब्रिस्तान की मांग पर हंगामा करना शुरू कर दिया। 18 मिनट में दूसरी बार विपक्ष के विधायक फिर वेल में पहुंच गए। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर लौट आए। वहीं मंत्री विजेंद्र यादव ने राजद विधायक भाई वीरेन्द्र को फटकार लगा दी। दरअसल, राजद विधायक ललित यादव के पुलिस महकमे से जुड़े सवाल पूछे जाने के बाद भाई वीरेंद्र ने हस्तक्षेप किया। भाई वीरेंद्र के इस रवैये से नाराज मंत्री विजेंद्र यादव ने उन्हें फटकार लगा दी। विजेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा कि क्या आप ज्यादा काबिल हैं? विपक्षी विधायकों ने कब्रिस्तान की घेराबंदी के मुद्दे पर सरकार से सवाल किया। उन्होंने मांग की कि सरकार कब्रिस्तानों की घेराबंदी की समय सीमा निर्धारित करे और नए कब्रिस्तानों को सूचीबद्ध करने के लिए सर्वे कब किया जाएगा, इसकी जानकारी दे। गृह विभाग के प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव ने बताया कि जिलाधिकारी और एसपी को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। सरकार के इस जवाब से विपक्षी विधायक संतुष्ट नहीं हुए और सभी विधायक वेल में पहुंच गए। नाराज विधायकों ने वेल में नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हंगामा क्यों कर रहे हैं? अगर सदन नहीं चलने देना चाहते हैं तो कहिए, बंद कर दें? विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी विधायक अपनी सीटों पर लौट आए। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने मदरसा निर्माण के संबंध में एक सवाल पूछा। इस पर मंत्री जमा खां ने जवाब दिया कि मदरसा का निर्माण करवाया जा रहा है और कई स्थानों पर यह प्रक्रिया जारी है। उधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर हंगामा किया और विभिन्न मुदों पर सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्षी सदस्यों ने बिहार में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने, आरक्षण के मुद्दे समेत अन्य मामलों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि बिहार की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है और हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। अपराधी तांडव कर रहे हैं, लेकिन सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। वामपंथी विधायकों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर हंगामा किया। विधायकों ने बताया कि हम लोगों ने आज कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया था। बिहार के भीतर बागमती और सिकरहना नदी पर सरकार ने बांध निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। उसके दायरे में आने वाले लगभग सैकड़ों गांवों के बांध निर्माण से नदी के पानी में डूबने की आशंका है। वहां एक रिव्यू कमेटी बनी थी, लेकिन बिना रिव्यू कमेटी से रिपोर्ट लिए निर्माण कार्य को शुरू कर दिया गया। क्षेत्र की जनता के बीच इसको लेकर काफी आक्रोश है। ऐसे में सिकरहना नदी के बाध निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर जनता की समस्या को देखा जाए।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 , पटना द्वारा राजभाषा सम्मेलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-I, द्वारा पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, स्थित प्रेक्षागृह, पटना में राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त सम्मेलन में क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के सभी कार्मिक एवं बिहार एवं झारखंड में अवस्थित उपकेंद्र प्रमुख/राजभाषा प्रभारी समेत लगभग 150 कार्मिकों ने प्रतिभागिता की। राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन अरिंदम सेनशर्मा, कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र-I, ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं अपने सम्बोधन में हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया एवं उपस्थित सभी कार्मिक से हिन्दी में अपना अधिकतम कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बताते चलें कि उक्त एक दिवसीय सम्मेलन में 3 सत्र आयोजित की गयी।

# बड़ी मुश्किल से बिहार की प्रतिष्ठा बढ़ी है, फिर इसे गिराना चाहते हैं : सभापति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोमवार को सदन में राजद के सुनील कुमार सिंह को कहा कि आप बिहार को बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से बिहार की प्रतिष्ठा बढ़ी है, एक बार फिर से इसे गिराना चाहते हैं। दरअसल सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सुनील कुमार सिंह ने फिर राष्ट्रगान के अपमान का मुद्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। ऐसे में इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। इस पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सुनील कुमार सिंह को उपरोक्त बातें कही। इस पर सुनील सिंह ने कहा कि मैं नहीं बल्कि मुख्यमंत्री बिहार की प्रतिष्ठा गिरा रहे हैं। इसके बाद सभापति ने कहा कि इस मुद्दे पर अब कोई चर्चा नहीं होगी। इसके बाद प्रश्नकाल के दौरान सुनील सिंह ने खाद्य तस्करी का मुद्दा उठाया। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि विभाग सजगता से इस मामले में जांच करा लेगा जिसके बाद नेता विरोधी दल राबड़ी देवी खड़ी हो गई और उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का चावल मिल रहा है। पूरे बिहार में प्लास्टिक का चवाल मिल रहा है। ये कृषि मंत्री हैं तो इनको इस मामले में संज्ञान लेनी चाहिए। इसके जवाब में विजय सिन्हा ने कहा कि सदन की गंभीरता को हमलोग ध्यान में रखकर इसकी जांच कराएंगे। औचक निरक्षण और छापेमारी की जाएगी। उड़न दस्ता से भी जांच की जाएगी, लेकिन आप लोग भी बता देंगे कि किन स्थानों पर ये काम हो रहा है तो आसान हो जाएगा। उधर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सदस्यों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर विधान परिषद के गेट पर नारेबाजी की। बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर राबड़ी देवी के नेतृत्व में सदस्यों ने बाहर प्रदर्शन किया।

# ताला तोड़ खाद दुकान से हजारों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के गबसपुर गांव के समीप स्थित खाद बीज के दुकान से ताला तोड़कर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में दुकान के मालिक दिलीप कुमार के द्वारा पुनपुन थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवेदन में पुनपुन थाना क्षेत्र के गवसपुर गांव के रहने वाले खाद बीज दुकान के मालिक दिलीप कुमार का कहना है कि वह अपना दुकान बंद कर घर गया था अगले दिन जब वह दुकान पर आया तो उसके दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान से 5000 गायब था।

# जो लोग फर्जी होते हैं, उनको हर चीज फर्जी दिखती है : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विधानसभा में सोमवार को विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जमकर हमला बोला। विपक्ष के विधायकों से उन्होंने कहा कि आप लोग बैठे रहिएगा तो अच्छा लगेगा। जाइएगा नहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग तीन मार्च को 2025-26 का बजट पेश कर चुके हैं और आज उस बजट की कुंजी लेने आए हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विकास की सोच के साथ बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। 2004-05 का आखिरी बजट तेइस हजार करोड़ का था और आज वह तीन लाख करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि पता नहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहां से आंकड़ा लाने का काम किया? इनको जानना चाहिए कि पिछले दो बजट में भी हमारे यहां 98 प्रतिशत राशि और पिछले बजट में 97 प्रतिशत राशि हम लोगों ने खर्च की है। उनको थोड़ा आइना दिखा देता हूं। सम्राट चौधरी ने कहा कि तेजस्वी भाई के समान हैं। बजट छोटा है, लेकिन पूर्व उप मुख्यमंत्री के माता पिता के शासन काल में महज 23 फीसदी बजट की राशि खर्च होती थी जो लोग फर्जी होते हैं, उनको हर चीज फर्जी दिखती है। उन्होंने कहा कि 1989 के बाद बिहार में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बना, यही तो मैं कह रहा हूं कि 1990 के बाद बिहार में कुछ नहीं हुआ। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं जाति पर राजनीति नहीं करता और मैं भाजपा का सदस्य हूं। मैंने लालू जी के साथ काम किया है। लेकिन, हमारे विचार अलग थे। लोग पूछते हैं कि क्या मैं संघ कार्यालय गया हूं, तो मैं पूछता हूं कि जब आपके पिता मुख्यमंत्री बने थे, क्या वे उस दिन संघ कार्यालय गए थे? मैं कहता हूं कि जिस दिन आप संघ कार्यालय जाएंगे, आपका भाग्य खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपराधियों को नहीं छोड़ूंगा। अगर अपराधी कट्टा दिखाएगा तो पुलिस उसे मार गिराएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने साफ कह दिया है कि जो भी अपराधी है उसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू जी कहते थे कि रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा, लेकिन, यहां राजा भी आया, रानी भी आई, राजकुमार भी आया और राजकुमारी भी आई। लालू यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि लालू 1990 से नाच ही देख रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं लालू के अत्याचार से राजनीति में आया हूं। उन्होंने कहा कि मैंने गांधी मैदान में लालू यादव से माफी भी मंगवाई थी और आगे भी लालू यादव को झुकाने का काम करूंगा।

# इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा व मुजफ्फरपुर द्वारा जागरुकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा व मुजफ्फरपुर द्वारा पानी सती टेक्सटाइल एवं मेसर्स पब्लिक स्कूल में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दीजाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# व्यापार संघ ने 101 लोगों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** व्यापार संघ ने समाज में अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 101 लोगों को राष्ट्रीय एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। राजधानी पटना के धारामेंशन वैंकवट हॉल में व्यापार संघ की ओर से राष्ट्रीय एक्सीलेंस अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मनेजमेंट साउंटर्स ग्रुप ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शिवकुमार यादव, उपेंद्र प्रसाद अधिवक्ता बीना कुमारी



जैसवाल, फिल्म अभिनेता कुणाल सिंह, समीर परिमल, सुषमा साहू ने किया। इस मौके पर व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से व्यापारियों में एक अलग तरह का उत्साह बढ़ेगा और व्यापारियों को आकर्षित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार जहां एक और व्यापारियों पर ध्यान नहीं देती है जिसके बाद व्यापारियों को एक होना पड़ा है और आने वाले समय में इस तरह कार्यक्रम होने से व्यापारियों में मजबूती होगी। इस मौके पर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम अपने बिहार में होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बबली चंद्रा और गरिमा यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुराग फिल्म के रंजीत महापात्र, भोजपुरी कलाकार माही खान, विमल पांडे, सुजीत सार्थक, पल्लवी गिरी, आदित्य मोहन दुबे, राहुल श्रीवास्तव के साथ हीं अमृता दीक्षित, प्रियंका रंजन, डॉ राकेश कुमार, प्रिया रंजन, डॉ विजेंद्र कुमार, अधिवक्ता राजीव रंजन समेत मधुकर कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग उपस्थित हुये जिन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रेडिया पार्टनर बजाओ रेडिओ को सम्मानित किया गया।

# नोडल जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, राज्य स्तर के 10 वक्ता चयनित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मौलाना मजहरूल हक अरबी - फारसी विश्वविद्यालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत युवा संसद नोडल जिला स्तरीय कार्यक्रम' का आयोजन विश्विद्यालय के सभागार में किया गया और राज्य स्तर के लिए दस सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं का चयन किया गया। ये नाम हैं - वर्तिका, खुशी राज, ह्तिक रोशन, रतिकेश पूर्णोदय, सुमंत कुमार, सृष्टि, कृति कुमारी, आयशा फातिमा, कोशकी, अनिशा भारती। कार्यक्रम का उद्घाटन राम कृपाल यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मो० आलमगीर, विश्वविद्यालय के कुल सचिव, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक बिहार गिरधर उपाध्याय भी उपस्थित थे।

# बिहार दिवस पर कलाकारों ने दिया पैगाम, सब मिलकर करें स्वच्छता के लिए काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन गांधी मैदान में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा पटना वासियों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा, बिहार के प्रसिद्ध पेंटर मनोज कुमार बच्चन, पार्षद श्वेता कुमारी तथा नगर निगम के अधिकारी रामाशीष तिवारी, श्वेता भास्कर द्वारा किया गया। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीतों के माध्यम से उपस्थित लोगों को पटना शहर को साफ रखने तथा स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन्होंने बिहार के अनेक पारंपरिक गीत भी प्रस्तुत किए जिनमें पनिया के जहाज से पलटनिया ले ले अइह पिया, सिया जी बहिनिया हमार हो, राम जी से पूछे जनकपुर की नारी और जगदंबा घर में दियरा जैसे गीत शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान राजू, सिद्धार्थ, गोलू, बिट्टू, रोशन, विजया, अंकिता, वंदना मुस्कान और सोनू ने झिझिया नृत्य प्रस्तुत करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। नुक्कड़ टीम के कलाकारों ने पटना की स्वच्छता और हम विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान हजारों लोगों ने स्वच्छता हेतु काम करने का संकल्प लिया और स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में भाग लिया। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने कहा कि स्वच्छता हमारी जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। हम सबको मिलकर स्वच्छता के लिए काम करना चाहिए।

# 26 मार्च से सात दिवसीय रामलीला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** श्रीराम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का आयोजन आगामी 26 मार्च से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में काशी बनारस से आए कलाकारों के द्वारा रामलीला की प्रस्तुति की जाएगी। रामलीला कार्यक्रम श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति ठाकुरबाड़ी के द्वारा आयोजित की गई है। यह कार्यक्रम 26 मार्च से प्रत्येक दिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलेगी। श्री राम जानकी मंदिर न्यास कमिटी के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सोनू ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

# मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने जू एम्बेसडरों की शैक्षणिक यात्रा को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार और भारत पेट्रोलियम के संयुक्त तत्वावधान में आज जू-एम्बेसडरों की एक टीम कैमूर एवं रोहतास जिलों के इकोटूरिज्म क्षेत्रों में दो दिवसीय शैक्षणिक यात्रा पर निकली जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जू-एम्बेसडर, इको टूरिज्म की संभावनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी इकट्ठा कर पर्यावरण और इकोटूरिज्म को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में इको पर्यटन स्थलों की अपार संभावनाएं हैं, जरूरत सिर्फ उन्हें खोजने और प्रचारित करने की है जिससे राज्य के लोग भी बिहार में ही इकोटूरिज्म का आनंद ले सकें। वहीं मंत्री डॉ. सुनील कुमार के द्वारा 'हर रविवार, इको फ्रेंडली काम / एक घंटा पर्यावरण के नाम' अभियान की भी शुरूआत की गयी। इसको लेकर मंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तर्ज पर इस अभियान के तहत प्रदेश के नागरिकों को हर रविवार एक घंटे का समय पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ें और पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में प्रभात कुमार गुप्ता, भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय अधिकारी समेत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य पदाधिकारीगण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# विश्व क्षयरोग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** विश्व क्षयरोग दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के अंतिम संस्करण के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डा. संजय कुमार गुप्ता, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिसियन के द्वारा समग्र रूप से टी.बी. बीमारी के इलाज एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक रहने एवं अन्य जानकारियां, डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा टी.बी. के इलाज एवं बचाव तथा डा. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/ फिजिसियन के द्वारा टी.बी. से संबंधित इलाज एवं बचाव पर व्याख्यानें उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। संगोष्ठी में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडीकल कर्मचारी एवं इस अस्पताल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए।

# मसौढ़ी में कचरा से बनेगा खाद, नगर परिषद ने शुरू की प्रोसेसिंग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद की ओर से अब फेके गए कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दरअसल नगर परिषद क्षेत्र से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को डंपिंग जोन नहीं होने के कारण सड़कों के किनारे इधर-उधर फेंक दिए जाते थे जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अब नगर परिषद उन सभी कचरों को इस्तेमाल करने के लिए कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जिसको लेकर 8 कट्ठा जमीन को चिन्हित करते हुए वहां पर तकरीबन डेढ़ लाख की लागत से एक कटिंग मशीन प्लांट किया गया है जहां पर गीला एवं सूखा कचरे से जैविक खाद तैयार की जा रही है, जो यह खाद किसानों के बीच खेती-बाड़ी में काम आएगा। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र से निकलने वाले कचरा के लिए डंपिंग जोन के लिए जमीन अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन फिलहाल जो कचरा शहर से निकल रहा है। इधर-उधर सड़क के किनारे फेंकी जाती है जिसको लेकर कई तरह की परेशानियां भी बढ़ रही थी ऐसे में एक नई प्लानिंग के तौर पर आप सभी कचरों को इधर-उधर न फेंक कर उन्हें उन कचरों से खाद बनाने की तैयारी हो गई है, वहीं अमीन रामाधार कुमार यादव ने बताया कि कटिंग मशीन लगाकर उन कचरों को खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# प्रसव के नाम पर पैसा वसूली मामले में एसडीएम ने लिया संज्ञान

## अस्पताल प्रभारी से जबाब तलब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी का अनुमंडल अस्पताल जिसे मिनी पीएमसीएच कहा जाता है जहां मरीजों के साथ प्रसव के नाम पर नजराना वसूली का खेल चल रहा है। मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने संज्ञान लिया है और अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी और प्रबंधक से जांच रिपोर्ट मांगी है और एक हफ्ते में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। एसडीएम द्वारा लिये संज्ञान के बाद अस्पताल कर्मियों के बिच हड़कप मची है। दरअसल बीते 19 मार्च को मसौढ़ी प्रखंड के काजीचक और चपौर गांव से आए हुए मरीजों से नजराना वसूली की गई थी और यह मामला सिर्फ आज का नहीं है बल्कि प्रत्येक दिन होता रहता है। ऐसे में एसडीएम ने अस्पताल की व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अस्पताल प्रबंधन से जवाब तलब किया है और जल्द ही उक्त कर्मियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मच्छर भगाने की बत्ती से झोपड़ियों में लगी आग, दो मासूमों की दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में रविवार की आधी रात दर्दनाक हादसा हुआ। जनकपुर मोड़ के पास सड़क किनारे बनी चार झोपड़ियों में अचानक आग लग गई जिससे दो मासूम बच्चों की झुलसकर मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। मौके पर पहुंची गौरीचक थाना पुलिस और तीन दमकल की गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद घंटों बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था। स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार झोपड़ी में रहने वाले मजदूर परिवारों ने रात में मच्छर भगाने वाली बत्ती (क्वॉइल) जलाई थी जिससे आग लगी जब परिवार के लोग सो रहे थे, तब जलती हुई बत्ती गिर गई और धीरे-धीरे झोपड़ी में आग फैल गई। तेज हवा के कारण आग ने पास की तीन अन्य झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। रात करीब 12 बजे आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। झोपड़ियों में सो रहे लोग जान बचाने के लिए बाहर भागे, लेकिन 8 वर्षीय सन्नी कुमार और 4 वर्षीय आदित्य कुमार अंदर ही फंसे रह गए। आग इतनी भयानक थी कि उन्हें बाहर निकालने का मौका नहीं मिल पाया और उनकी मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य बच्चे घायल हो गए जिनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना पुलिस और दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक चारों झोपड़ियां पूरी तरह जल चुकी थीं। परिवारों का सारा सामान, कपड़े, राशन और पैसे भी राख हो गए। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

CMYK

# कैमूर में एडीजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, कांडों की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कैमूर।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अपराध अनुसंधान विभाग, पारस नाथ ने सोमवार को कैमूर पहुंचकर कलेक्ट्रेट स्थित मुण्डेश्वरी सभागार भवन में कैमूर और रोहतास जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रमादी मिलर कांडों की समीक्षा की और इनसे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। समीक्षा के दौरान एडीजी ने कांडों की जांच में तेजी लाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जांच की गुणवत्ता बनाए रखने और निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने की हिदायत दी। बैठक में शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी), कैमूर और रोहतास के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर ध्यान दें और अपराध नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दें। बैठक के दौरान पारस नाथ ने पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों की गहन मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बैठक के दौरान अपने-अपने जिलों में अपराधों की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में अपराध रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की गई और भविष्य की रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया। कैमूर और रोहतास जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि एडीजी के निर्देशों से पुलिसिंग में और अधिक प्रभावी सुधार होगा और आम जनता को न्याय मिलने में तेजी आएगी।

## 13आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 13आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, शराब तस्कर व वारंटी शामिल है। 18 लीटर देशी शराब, सोने का लॉकेट बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख नौ हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** इंद्रपुरी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार वाहन जांच के दौरान औरंगाबाद जिले के एनटीपीसी खैरा थाना के गूंजा गांव निवासी शुभम कुमार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर आरती गुप्ता का वैश्य समाज ने किया स्वागत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती गुप्ता का भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने वैश्य ने रविवार शाम स्वागत अभिनंदन किया। न्यू डिलिया में आयोजित अभिनंदन समारोह में श्रीमती गुप्ता ने कहा कि एनडीए की सरकार में महिलाए सशक्त हो रही है। वे अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन कर रही है। अध्यक्षता पूर्व मुख्य हरिद्वार प्रसाद व संचालन कृष्णा प्रसाद ने किया। काजू गुप्ता ने कहा कि पार्टी में उनके पदोन्नति से समाज को बेहद बहुत खुशी हुई। आगे प्रदेश एवं राष्ट्र में नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर संजीव गुप्ता, ललन प्रसाद गुप्ता, काजू गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, चंदन गुप्ता, रामबली साह, संजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, डॉ महेंद्र गुप्ता, डॉ मनोरंजन गुप्ता, डॉ अंकित गुप्ता, किरण देवी, संजू देवी, साधना कुमारी, ममता गुप्ता, पूनमदेवी आदि मौजूद थे।

# नूतन कुमारी को आईपीएस विकास वैभव ने 'प्रेरणा स्त्रोत सम्मान' से किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत गार्गी अध्याय की मुख्य समन्वयक नूतन कुमारी को आईपीएस विकास वैभव ने 'प्रेरणा स्त्रोत सम्मान' से किया सम्मानित। पटना के बापू सभागार में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गार्गी अध्याय की जिला मुख्य समन्वयक नूतन कुमारी को समाज के वंचित और गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उनके अद्वितीय समर्पण के लिए 'प्रेरणा स्त्रोत सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक, आईपीएस विकास वैभव द्वारा प्रदान किया गया। नूतन कुमारी के नेतृत्व में गार्गी पाठशाला में शिवगंज, बढैयाबाग, अमरा तालाब और गायघाट जैसे क्षेत्रों के लगभग 160 बच्चें नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ये सभी बच्चे गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं और उनके पास सामान्य शिक्षा प्राप्त करने के साधन सीमित हैं। इस प्रयास को सफल बनाने में सुधा कुमारी, कंचन कुमारी, सौरभ कुमार, मनीष कुमार जैसे समर्पित सहायक शिक्षक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये सभी शिक्षक निःस्वार्थ भाव से अपना समय निकालकर बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर आईपीएस विकास वैभव ने कहा नूतन कुमारी और उनके साथ काम करने वाले सभी शिक्षक हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। इनके प्रयासों से न केवल बच्चों का भविष्य संवारा जा रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी आ रहा है। गार्गी अध्याय की यह पहल शिक्षा का दीप जलाने और हर बच्चे को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नूतन कुमारी और उनके सहयोगियों का यह समर्पण और योगदान सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# नपं को दस दिनों का अल्टीमेटम, अब होगा चक्का जाम

### नपं में भ्रष्टाचार के खिलाफ 25 दिनों से चल रहा है धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** मांगों को लेकर पिछले 25 दिनों से धरना पर बैठे वार्ड पार्षद व स्थानीय ग्रामीणों ने नगर पंचायत कार्यालय को दस दिनों का अल्टीमेटम दिया है। धरनार्थियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे नगर पंचायत में चक्का जाम करेंगे। धरनास्थल पर पहुंचे कई संगठनों के समर्थन से धरनार्थियों के हौसले बुलंद है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग भी धरनास्थल पहुंचे और धरनार्थियों को अपना समर्थन दिया। मालूम हो कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ड पार्षद व स्थानीय लोग अनिश्चिकालीन धरना पर बैठे हैं। धरनार्थियों का कहना है कि पच्चीस दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन के बाद भी सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा मांगों पर विचार करने का आश्वासन नहीं दिया गया जिसके चलते लोगों में आक्रोश है। मालूम हो कि धरनार्थियों ने धरना के पूर्व धरना से संबंधित ज्ञापन डीएम को दिये थे। सोमवार को धरना से सम्बंधित मांग पत्र को ग्रामीणों द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। जिसमें नगर पंचायत में भ्ष्टार्चार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि मांगों से सम्बंधित आवेदन ग्रामीण द्वारा दिया गया है जिस पर कार्रवाई के लिए संबंधित वरीय पदाधिकारी को फारवर्ड किया जाएगा। धरना पर भ्रष्टाचार निरोधक जन विकास समिति के संयोजक धीरेंद्र प्रताप सिंह, कृपा नारायण सिंह, लल्लन सिंह, राम कुमार जायसवाल, रविन्द्र सिंह, विजय दुबे, बबन पासवान, अश्वनी सिंह, पियन पासवान, सत्यनारायण राम, रामजी राम, शिवप्रसाद राम, महेंद्र राम, डॉ. चंदन गुप्ता, जाकिर हुसैन, संजय राम, चुनकी कुंवर, आलोक सिंह, योगी राम, मोती लाल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ईल्ताफ खा, मोहन खरवार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। पिछले पच्चीस दिनों से चल रहे अनिश्चतकालीन धरना को लेकर एक शिष्टमंडल कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज से मिला जिसमें धरनार्थियों के मांगों पर विचार करने व धरना समाप्त कराने पर विचार-विमर्श किया गया।

# शहीद भगत सिंह के बलिदान को याद कर राष्ट्र के प्रति कुछ करने की सीख लेनी चाहिए : सोनू सिंह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** लोक जनशक्ति पार्टी रा ने डिहरी में शहीद -ए-आजम भगत सिंह, राज गुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। लोजपा रा प्रदेश नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि मौजूदा पीढ़ी को देश के इन महान सपूतों को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति कुछ कर गुजरने की सीख लेनी चाहिए। लोगों ने महान सपूतों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। लोजपा के नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, प्रधान महासचिव धमेंद्र पासवान सहित कई लोगों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गोपाल जी मुखिया, महिला प्रभारी रंजू सिंह, सपना देवी, रिंकी, रूपा, सीमा, प्रभा, रीमा देवी, उमेश रजक, प्रिन्स कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# 25.50 लाख की लागत से इंद्रपुरी बराज के पास बनेगा पर्यटन हाट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के इंद्रपुरी बराज के पास 25 करोड़ 50 लाख 48 हजार की लागत से पर्यटन हाट का निर्माण किया जाएगा। राज्य पर्यटन विकास कार्पोरेशन लिमिटेड ने हाट के निर्माण के लिए शुक्रवार को निविदा किया है। जारी निविदा के अनुसार टेंडर आगामी 25 अप्रैल को खोले जाएंगे। निर्माण में 18 माह लगेगा। 2026 सितंबर तक हाट का निर्माण हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान इंद्रपुरी बराज के पास पर्यटन हाट का निर्माण की घोषणा किया था। हाट के निर्माण के लिए इंद्रपुरी बराज के पास दस एकड़ भूमि पर जलसंसाधन विभाग से मिला है।

**पर्यटकों की संख्या में होगी वृद्धि**

इंद्रपुरी बराज अपने निर्माण काल से ही पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। रोहतास और औरंगाबाद की सीमा पर स्थित सोन नदी पर बने बराज का निर्माण 1965 में किया गया था। यहां प्रतिवर्ष जिले के अलावा पड़ोसी जिले औरंगाबाद, झारखंड के पलामू और गढ़वा जिले से हजारों पर्यटक यहां पिकनिक मनाने आते हैं। हाट के निर्माण से पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होगी।

**स्थानीय उत्पाद को नए बाजार मिलेंगे**

पर्यटन हाट के निर्माण से स्थानीय उत्पाद को नए बाजार उपलब्ध होंगे।

हाट के निर्माण से एक तरफ जहां लोगों को रोजगार मिलेगा। वही स्थानीय किसानों और कैमूर के वनवासियों के उत्पाद बेचने को बड़ा बाजार मिलेगा।

**लोक कला को मिलेगा प्रोत्साहन**

भोजपुरी समेत अन्य स्थानीय संस्कृति और लोक कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार होने के साथ कलाकारों को अपनी हुनर दिखाने के साथ रोजगार मिलेगा। मिथिला हाट की तर्ज पर निर्मित होने वाले पर्यटन हाट निश्चित तौर पर आपका दिल जीत लेगा।

# बिहार दिवस पर फोटो वर्कशॉप का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को एनिकट रोड स्थित एक निजी मैरिज हॉल में डिहरी फोटोग्राफर एसोसिएशन ने बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर अपना 11वां फोटो वर्कशॉप का आयोजन किया जिसमें डिहरी, डालमियानगर, अकोढ़ी गोला, तिलौथू, नौहट्टा, बारुण, सीरीस एवं नवीनगर के दर्जनों फोटोग्राफर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। पटना से आए हुए प्रशिक्षक सोहेल अख्तर ने डेप्थ ऑफ फील्ड, प्री रिकॉर्डिंग , वेडिंग शूटिंग एवं लेंस के इस्तेमाल की बारीकियों को बताया। बनारस से आए हुए सुमित की टीम ने वेडिंग एल्बम की जानकारी दी तो वहीं बनारस से ही आए हुआ कैमरा रिपेयरिंग एक्सपर्ट अनिल वर्मा की टीम ने फ्री में सभी के कैमरे की सर्विस की। कार्यशाला में मॉडल नेहा सिंह की विभिन्न मुद्राओं की तस्वीर सभी ने खींची। संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश मौर्य ने आगत अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर किया। उन्होंने बताया कि संस्था 2018 से अब तक डिहरी के आसपास के क्षेत्र के फोटोग्राफरों के लिए कार्य करती आई है यह 11वां वर्कशॉप है जिसका लाभ क्षेत्र के सभी फोटोग्राफरों ने उठाया। फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बनारस जोन ने अध्यक्ष जयप्रकाश मौर्य को एवं उनकी पूरी टीम को काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित फोटोत्सव 4.0 में सहयोग के लिए मोमेंट से सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के संदीप जयसवाल सोनू कुमार ॠतुराज मौर्य, मुकलेश सिंह, पंकज कुमार, ॠषि निषाद, अरुण कुमार सहित भारी संख्या फोटोग्राफर मौजूद थे।

## दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** दरिहट थाना के हुरका गांव निवासी अमृता देवी ने पति शांतनु कुमार सिंह पर दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

ई-निविदा सूचना सं०:-

टी.एम/वर्क्स/मिस./2025/ई०सी०आर०, दिनांक: 11/03/2025

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है:- **ई-निविदा बंद होने की तिथि: 02/04/2025** (1) **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** टी.एम._वर्क्स_मिस._2025-आई०ओ०एच०/पी०ओ०एच०/या ट्रैक मशीन के किसी अन्य रखरखाव कार्य से संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन जो टी.एम.सी. शेड/जोनल मशीन डिपो/प्लांट डिपो/डी.डी.डू., सैटेलाईट शेड/सी. एस.आर./एस.ई.ई. डिवीजन और सैटेलाईट शेड/आर.आर.एम.ई./डी.एच.एन. डिवीजन पूर्व मध्य रेल में किया जायेगा (2) **कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 4,57,80,905.64 (3) **जमानत राशि:** रू० 3,79,000/- (4) **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 02.04.2025, 15.00 बजे तक (5) **वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकता है:** www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)
प्लांट डिपो, डी०डी०यू०

पीआर/02333/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/32

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 20.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-269-24-25, कार्य का नाम:** घोलसापुर रेलवे कॉलोनी में: सहायक अभियंता/कार्य/2/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/न्यू अलीपुर के अधीन कम ऊँचाई के बाउंडरी वॉल का निर्माण, नए बाउंडरी वॉल का प्रावधान और संपूर्ण बाउंडरी वॉल पर कंसर्टिना कॉइल का प्रावधान, साथ ही अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.2,02,03,301.72, **बयाना राशि:** रु.2,51,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य (अप्रतिदेय) :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-388/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# करियर मार्गदर्शन कैंप सर्विस पोर्टल के यूज की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** मॉडल करियर सेंटर सह जिला नियोजनालय द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, भगवान में एक दिवसिय करियर मार्गदर्शन कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित कैंप मे महाविद्यालय के बच्चों को नियोजनालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं नेशनल करियर सर्विस पोर्टल की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कौशल विकास हेतु सरकार द्वारा दिये जा रही सेवाओं जैसे केवाईपी डोमेन स्किलिंग से सम्बन्धित जानकारी भी बच्चों को प्रदान की गई। इस कैंप में विशेष तौर पर पी. एम. इंटर्नशिप की जानकारी प्रदान करते हुए इस इंटर्नशिप की अहर्ता प्राप्त योग्य अभ्यर्थियों का पंजीकरण भी किया गया। नियोजनालय द्वारा प्रत्येक माह 2 नियोजन कैंप किया जाता है साथ ही एनसीएस पोर्टल पर ऑनलाइन जॉब कैंप एवं अन्य उपलब्ध जॉब्स की जानकारी दी गई। ताकि सुदूर क्षेत्र के अभ्यथी भी इसमें भाग ले सकें और इसका लाभ उठा सके। कैंप में श्रम विभाग से आये सोनू जयसवाल, जिला नियोजन पदाधिकारी , श्री कृष्ण कुंदन (वाईपी जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय) के अलावा महाविद्यालय के प्लेसमनेंट कोऑर्डिनेटर रामसेवक जी एवं साज अहमद शिक्षकगण उपस्थित थे।

# रोहतास जिला लोक समिति का किसान- मजदूर सम्मेलन संपन्न

### अंधविश्वास को समाप्त करने केलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा : गिरिजा सतीश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिनारा ( रोहतास)।** विगत 23 मार्च दिन रविवार को शहीदे- ए- आजम सरदार भगत सिंह की शहादत दिवस एवं प्रखर समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया जयंती के अवसर पर रोहतास जिला लोक समिति के तत्वावधान में दिनारा प्रखंड के करंज गांव में एकदिवसीय किसान- मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लोक समिति शाहाबाद जोन के अध्यक्ष एवं गांधीवादी किसान नेता श्री सुरेश प्रसाद तथा संचालन डॉ. विकास शर्मा ने किया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष किसान- मजदूर कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश ने अपने भेजे संदेश में कहा कि बिहार के किसान आज अनेकों समस्याओं से जूझ रहे हैं। उत्तर बिहार बाढ़ एवं दक्षिण बिहार सूखा से बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने कहा कि छुआछूत, अंधविश्वास और पाखंड को समाप्त करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। महिलाओं के ऊपर हो रहे शोषण, जुल्म एवं अत्याचार को समाप्त करना होगा। उन्होंने बिहार सरकार से मांग किया कि शराब बंदी कानून का सख्ती से पालन कराना बहुत जरूरी हो गया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित समिति राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि देश में आज किसान गंभीर संकट के दौर से गुजर रहे हैं। समिति के साथ में भानु प्रकाश राय पिछले एक महीना से कर रहे सत्याग्रह (उपवास) को जूस पिलाकर, राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने सत्याग्रह को समाप्त कराया। इनके अलावा सम्मेलन के मुख्य अतिथि जे.पी.सेनानी एवं किसान नेता राज नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रो.(डॉ) दिनेश कुशवाहा, भानु प्रकाश राय, रोहतास जिला लोक समिति के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, सुमेर प्रसाद , ललन ठाकुर, ललन शर्मा, दिनेश यादव, चतुरी साह, रामझारो देवी, उर्मिला देवी, उमेश सिंह, नौशाद खां, कृष्णा यादव, उत्तर प्रदेश से आये किसान नेता राजेन्द्र चौधरी, राजीव रंजन शर्मा आदि गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

**शपथ पत्र**

मैं महंथ बैठा पुत्र स्वर्गीय देवनारायण राम, ग्राम बिशुनपुरवा पो.-आदापुर जिला-पूर्वी चंपारण का निवासी हूं। मैं घोषणा करता हूं कि मेरा नाम महंथ बैठा उर्फ महंथ राम है तथा मुझे दोनों नामों से जाना जाता है। मैं एसबीआई खाता संख्या- 11715149799 का खाताधारक हूं जिसमें मेरा नाम महंथ बैठा है, लेकिन मेरे आधार खाता संख्या- 939754340294 में मेरा नाम महंथ राम है। महंथ बैठा मेरा उपनाम है, जो मेरे बिहार सरकार के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार बैंक पास बुक में दर्ज है। मैं अपने नाम के साथ अपनी सेवा पुस्तिका का शीर्षक बनाए रखने के लिए यह शपथ पत्र दे रहा हूं तथा मैं महंथ राम केवाईसी पूर्ण करता हूं। मैं, उपरोक्त अभिसाक्षी, आगे यह घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सामग्री मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है।

**शपथकर्ता**
**महंथ बैठा**

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**आम सूचना**

ज्ञापांक: 583 दिनांक. 22.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत PPP मोड पर दुकान निर्माण कर पूर्व से विस्थापित दुकानदार, बेरोजगार को प्राथमिकता के आधार पर दुकान का आवंटन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 31.03.2025 तक कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जमा करेंगे।

**नोट-**

1. आवश्यक दस्तावेज कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 349108 (Urban Development)24-25*D

**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा**

**अति अल्पकालीन निविदा (Very Short Term Tender)**
**(इच्छा की अभिव्यक्ति), प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-(N) 273 (अनु0) दिनांक-03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में गढवा जिला के 20 प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में योजना स्थल पर बागवानी संबंधी कार्यो के बेहतर प्रबंधन एवं ससमय क्रियान्वयन हेतु खाद, फफूंदनाशक, कीटनाशक, रसायनिक खाद, Antibiotic एवं प्लास्टीक आदि सामग्रियों को क्रय किया जाना है, जिसके लिए योग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकताओं से मुहरबंद अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है।

अत: अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 148/मनरेगा, गढ़वा दिनांक 21.03.2025 से खाद, फफूंदनाशक, कीटनाशक, रसायनिक खाद, Antibiotic एवं प्लास्टीक आदि सामग्रियों का क्रय हेतु निविदिा का जमा करने की अंतिम तिथि 09.04.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक है एवं निस्तारण की तिथि 09.04.2025 अपराह्न 02:00 बजे जिला तकनिकी समिति एवं निविदादाता/उनके प्रतिनिधि के समक्ष निविदा खोले जाने हेतु निर्धारित की गई है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी जिला-गढ़वा की वेबसाई - www.garhwa.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा के सूचना पट्ट से देखा जा सकता है।

उपायुक्त-सह-
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR 349101 Rural Development(24-25)#D

# लोडेड पिस्टल के साथ पकड़ा गया शराब माफिया

## पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो अपराधियों को पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में अपराध और शराब माफियाओं की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस ने रविवार देर रात हिसुआ थाना क्षेत्र के पांचूगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत दो अपराधियों को लोडेड पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि शराब की होम डिलीवरी के बाद हुए विवाद में इन अपराधियों ने हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद आरोपियों समेत 15-20 अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हिसुआ थाना की प्रभारी रूपा कुमारी ने बताया कि कांड संख्या 173/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि 15-



20 लोगों के बीच झड़प हो रही है और कुछ लोग हथियार लेकर मारपीट करने पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही कई लोग फरार हो गए। हालांकि, एक नाबालिग और एक युवक अंगद कुमार उर्फ कालीचरण को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में अंगद कुमार उर्फ कालीचरण, मोहित कुमार, राजा कुमार और एक नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अंगद कुमार ने बताया कि वह अपने साथियों-हिसुआ नगर परिषद के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मोहित कुमार, राजा कुमार और अन्य लोगों के साथ मिलकर शराब का अवैध कारोबार करता था। उसने स्वीकार किया कि 36 हजार रुपये में मुंगेर से पिस्टल और कारतूस खरीदे थे। अंगद कुमार के अनुसार, रविवार को शराब की होम डिलीवरी के दौरान खरीदारों ने शराब को नकली बताया और विवाद हो गया। इस दौरान उसकी पिटाई भी हुई। इसके बाद उसने अपने साथियों को सूचना दी और हत्या की नीयत से पिस्टल में पांच कारतूस लोड कर इलाके में पहुंच गया, लेकिन पुलिस के पहुंचने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सदर डीएसपी-2 सुनील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चार नामजद आरोपियों और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एक आरोपी को जेल भेजा जाएगा, जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। डीएसपी ने कहा कि इस तरह की आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ऑपरेशन में लापरवाही व रुपए ऐंठने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ला स्थित एक निजी क्लीनिक में ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सोमवार को हंगामा किया। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। पीड़ित मरीज, नूरसराय थाना क्षेत्र के होरिलबिगहा निवासी श्याम सुंदर प्रसाद के पुत्र प्रभात कुमार ने आरोप लगाया कि उनके पिता को 27 दिसंबर को गॉल ब्लैडर में पथरी के ऑपरेशन के लिए उक्त क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। सभी जरूरी जांच प्रक्रियाओं के बाद ऑपरेशन किया गया, लेकिन इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। क्लीनिक के डॉक्टरों ने मरीज को



पटना रेफर कर दिया, जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि अब तक इलाज में 10 लाख रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं, लेकिन पटना के डॉक्टरों का दावा है कि मरीज का गॉल ब्लैडर ऑपरेशन किया ही नहीं गया। ऐसे में परिजन सवाल उठा रहे हैं कि स्थानीय डॉक्टरों ने आखिर किस चीज का ऑपरेशन किया था। वहीं, क्लीनिक संचालक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने लापरवाही के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने बताया कि मरीज का ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किया जा रहा था, लेकिन ऑपरेशन के दौरान ही उनकी हालत नाजुक हो गई, जिसके कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि तीन महीने बाद मरीज को दोबारा उनके क्लीनिक लाया गया, लेकिन इस दौरान उसका कहां-कहां इलाज हुआ, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस मामले पर बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने कहा कि परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कोरियोना आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार का वितरण



**गोविंदपुर (नवादा)।** समेकित बाल विकास परियोजना के तहत सोमवार को कोरियोना आंगनबाड़ी केंद्र (कोड संख्या- 64) पर लाभार्थियों के बीच पोषाहार (टीएचआर) का वितरण किया गया। एफआरएस प्रणाली के माध्यम से चावल, दाल और सोयाबीन का वितरण किया गया, जिससे 6 माह से 3 वर्ष तक के 38 बच्चों, 2 कुपोषित बच्चों, 8 गर्भवती महिलाओं और 8 प्रसूति महिलाओं को लाभ मिला। यह वितरण समाज कल्याण विभाग, पटना के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीता कुजूर के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर सेविका सुशीला कुमारी, सहायिका सुनीता कुमारी, अध्यक्ष मंजू कुमारी समेत कपूर्वा देवी, पुजवा देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, पूनम देवी, गायत्री देवी, काजल देवी, पिंकी देवी, गौरी देवी, पांव देवी, ममता देवी, सालो देवी, पूजा देवी, आरती देवी, फुलवा देवी, रीता देवी, सुलेखा देवी, रणजीत राम सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड में बिहार दिवस के तीसरे दिन भी कार्यक्रमों की धूम रही। प्रखण्ड के मध्य विद्यालय धमौल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो, प्राथमिक विद्यालय असवां सहित अन्य विद्यालयों में बिहार दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, चित्रांकन, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार की देख रेख में बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। उन्होंने बताया कि बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी में प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह एवं शिक्षक संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार सहित अन्य की देख रेख में प्रतियोगिता कराई गई।

### इंटर विद्यालय के गेट के पास से बाइक चोरी

**रजौली (नवादा)।** मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में सोमवार सुबह बिहार दिवस के उपलक्ष्य में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम देखने आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित झिरझो गांव निवासी रामखेलावन पासवान के पुत्र सुबोध पासवान ने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे अपनी स्प्लेंडर प्रो को विद्यालय के गेट के पास खड़ा कर कार्यक्रम देखने अंदर चले गए। लगभग 15 मिनट बाद जब वे लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सुबोध पासवान ने बताया कि बाइक में ही उसके सभी जरूरी कागजात रखे थे, जो बाइक के साथ ही चोरी हो गए। उन्होंने कहा कि वह चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर प्राइवेट नौकरी करते हैं, और बाइक चोरी होने से उनके बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में कठिनाई होगी। घटना को लेकर पीड़ित ने रजौली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस का लोगो लगी स्कॉर्पियो से शराब बरामद, आठ गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार रात पुलिस का लोगो लगी एक स्कॉर्पियो से पांच बोतल विदेशी शराब बरामद की। साथ ही वाहन में सवार आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रेस, पुलिस, एंबुलेंस, बिहार सरकार, भारत सरकार जैसे लोगो लगाकर कई लोग जांच चौकियों पर धौंस जमाने का प्रयास करते हैं। इसी तरह की एक स्कॉर्पियो, जिस पर पुलिस का लोगो लगा था, जब जांच चौकी पर रोकी गई तो उसमें से पांच बोतल विदेशी शराब बरामद हुई।

### अग्निशमन विभाग ने लोगों के बीच वितरित किए जागरुकता कैलेंडर और पर्चे

**हिलसा (नालंदा)।** सोमवार को हिलसा शहर के मेन रोड स्थित दुकानदारों और अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अग्निशमन कर्मियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्थानीय लोगों को कैलेंडर और पर्चों के माध्यम से गैस सिलेंडर, बिजली और आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। इस अवसर पर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिसे रोकने के लिए यह पहल की गई है। वितरित किए गए कैलेंडर में अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के साथ फायर स्टेशन का आपातकालीन नंबर भी दिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोग समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने लोगों को आग से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि गैस सिलेंडर का उपयोग सावधानीपूर्वक करें, जले हुए कोयले या राख को पूरी तरह बुझाने के बाद ही फेंकें और जलती हुई बीड़ी-सिगरेट को खुले स्थानों पर न छोड़ें। साथ ही, बिजली के तारों और पोल के पास धान या अन्य ज्वलनशील वस्तुएं न रखें। इस अवसर पर अग्निशमन कर्मी राजू कुमार, सत्येंद्र सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### यात्री सुविधाओं को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान

**हिलसा (नालंदा)।** यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर करने की मांग को लेकर सोमवार को हिलसा रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष टुनटुन सिंह यादव के नेतृत्व में यह अभियान स्टेशन परिसर और ट्रेनों में सवार यात्रियों के बीच चलाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी सहमति दर्ज कराई। प्रमुख मांगें प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाए - वर्तमान में प्लेटफार्म काफी नीचे है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और बच्चों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में परेशानी होती है। इस कारण यात्रियों के गिरने और घायल होने की घटनाएं भी सामने आती हैं। ओवर ब्रिज का निर्माण - स्टेशन पर ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण यात्री ट्रेनों के नीचे से गुजरने को मजबूर होते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अतिरिक्त ट्रेनों की मांग- पटना से इस्लामपुर के लिए सुबह 10:00 से 11:00 बजे के बीच एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाए।

# पेंशनर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज, नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारदीगंज के सौजन्य से सोमवार को पेंशनर भवन, नारदीगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। शिविर में सीएचसी के चिकित्सक डॉ. इरशाद हसन ने प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए 15 पेंशनरों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श दिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। समय पर दवा लेना, पौष्टिक एवं सुपाच्य आहार का सेवन करना जरूरी है, ताकि स्वस्थ जीवन बना रहे। शिविर में लैब टेक्नीशियन आशुतोष कुमार और




एएनएम रिंकी कुमारी ने पेंशनरों का रक्तचाप (बीपी) और मधुमेह की जांच की। जांच के दौरान अधिकांश पेंशनर उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित पाए गए। स्वास्थ्य जांच शिविर में अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह, सियाशरण दास, कामता प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, दशरथ प्रसाद, सुखदेव प्रसाद और रामाधीन सिंह समेत अन्य पेंशनरों ने भाग लिया और स्वास्थ्य जांच कराई।

# रमजान के मौके पर डॉ. अनुज ने आयोजित की इफ्तार पार्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रमजान के पाक महीने के अवसर पर शहर के कुंती नगर स्थित खेल मैदान में रोजेदारों के लिए भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह के सौजन्य से किया गया। मौके पर उपस्थित डॉ. अनुज ने सभी रोजेदारों को रमजान की बधाई देते हुए कहा कि रमजान पाक महीना है, जिसमें की गई हर दुआ कबूल होती है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष उनकी ओर से रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है।

मगरिब की अजान से पहले सभी ने एक साथ हाथ उठाकर अल्लाह की रजामंदी और मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ मांगी। इस दौरान इस्लाम धर्मावलंबियों ने रमजान के महत्व पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों से भरा होता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस महीने में रोजा रखने के साथ नमाज, कुरान और अल्लाह की इबादत की जाती है।

इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों ने कहा कि रमजान समाज में भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है। छोटी दरगाह के मोहम्मद अरमान हुसैन राही ने कहा कि रोजेदार को इफ्तार कराना बहुत बड़ा सवाब (पुण्य) है और अल्लाह ऐसे व्यक्ति को रोजेदार के बराबर इनाम देता है। इफ्तार पार्टी में मौजूद मुख्तार सईद ने कहा कि इस आयोजन ने साबित कर दिया कि एकजुटता से किसी भी समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है, जो वर्तमान समय की जरूरत भी है।

इस इफ्तार पार्टी में नवादा सहित आसपास के गांवों से हिंदू और मुस्लिम समुदाय के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया। इफ्तार में शामिल प्रमुख लोगों में लोक अभियोजक नवादा मोहम्मद तारिक, आदर्श होम डेवलपर्स के निदेशक राजीव कुमार सिन्हा, मो. दाऊद खान, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, मॉडर्न शैक्षिक समूह के सचिव डॉ. शैलेश कुमार, समाजसेवी अनिल सिंह पसई, प्रभारी सिविल कोर्ट जैकी हैदर, कांग्रेस ईटक सेल के अध्यक्ष मनीष सिंह, मोहम्मद फैयाज अहमद उर्फ प्यारे जी, नौशाद आलम अंसार नगर, शकील खान सोनसिहारी, जावेद खान आंती, अजहर साबरी कव्वाल, मंजूर आलम नरहट, मोहम्मद सलीम अख्तर, साबिर हुसैन चिरैयां, जाहिर अनवर राजा नगर, मोहम्मद जहांगीर खान, मोहम्मद इब्राहिम, सलाउद्दीन बेरौटा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी मुन्ना केसर, अबू सलीम वारसी अंसारी, जसीमुद्दीन कमालपुर, मो. राजा साहब इस्लामनगर, मो. अनु मलिक मरूई, इम्तियाज खान आंती सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनुज ने सभी मुस्लिम भाइयों को रमजान और ईद की मुबारकबाद दी।

# हिसुआ के लाल पियूष रंजन का म्यूजिक इंडस्ट्री में जलवा, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले के हिसुआ प्रोफ़ेसर कॉलोनी निवासी म्यूजिक प्रोड्यूसर पियूष रंजन मुंबई की म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना रहे हैं। बिना किसी गॉडफादर के हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने वाले पियूष कई बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुके हैं। उनकी कंपोज की गई फिल्म ''अरावली'' को गिरीश फिल्म फ़ेस्टिवल में सम्मानित किया गया है। पियूष रंजन ने उदित नारायण, पलक मुछाल, शान और नफीस अजीज जैसे दिग्गज गायकों के साथ काम किया है। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में आशा भोसले जैसी अनुभवी गायिका का गाया गीत शामिल है। वे तेरा यार हूं मैं फिल्म



के म्यूजिक पर काम कर रहे हैं, जो संजीव दर्शन के निर्देशन में बन रही है। साथ ही, देश के प्रसिद्ध गीतकार समीर और कुमार के साथ भी उनके कई गाने जल्द ही रिलीज होने वाले हैं। इसके अलावा, इंद्र कुमार के निर्देशन में बनने वाली एक बड़ी फिल्म का पूरा म्यूजिक भी पियूष रंजन ने दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी आवाज भी दी है। पियूष ने अब तक अयोध्या महोत्सव, गोरखपुर महोत्सव, लखनऊ महोत्सव, गोवा महोत्सव सहित सैकड़ों स्टेज शो किए हैं। भोजपुरी संगीत को नई दिशा देने के लिए पियूष ने भोजपुरी के पारंपरिक गीतों को रीक्रिएट कर अपने यूट्यूब चैनल पर जारी किया है। दर्शकों ने हंसी-हंसी पनवा गीत को खूब सराहा है। उन्होंने कहा, भोजपुरी संगीत को अश्लीलता से जोड़कर बदनाम किया जा रहा था, इसलिए मैंने इसकी खोई हुई गरिमा को वापस लाने का प्रयास किया है। हमारा संगीत इतना समृद्ध है कि हमें अश्लीलता की जरूरत नहीं। पियूष ने रामचरितमानस की चौपाइयों और दोहों को संगीतबद्ध किया है और कई भक्ति गीत गाए हैं। आगामी रामनवमी और छठ महापर्व के लिए भी वे विशेष भक्ति गीत और पारंपरिक बिहारी संगीत लेकर आ रहे हैं। पियूष ने कहा कि अश्लीलता फैलाने में जितना दोषी कलाकार होते हैं, उतनी ही जिम्मेदारी श्रोताओं की भी होती है। दर्शकों को सार्थक और पारिवारिक गीतों को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि अश्लीलता को बढ़ावा देने वाले कंटेंट पर रोक लग सके। उन्होंने कहा, मैं हमेशा ऐसे गीत बनाने का प्रयास करता हूं, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर सुना जा सके। हिसुआ के इस युवा संगीतकार की सफलता से जिले में हर्ष का माहौल है, और लोग उनकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# एक बूथ 11 यूथ नीति लागू करेगा जदयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वारिसलीगंज (नवादा)।** बिहार विधानसभा चुनाव छह माह बाद होनी है लेकिन उसके पहले ही सभी राजनीतिक दलों द्वारा पार्टी की मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में रविवार को जदयू प्रखंड कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रखंड कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें एक बूथ पर 11 यूथ बनाने का संकल्प लिया गया। व जदयू कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष अजय कुमार राय व नगर अध्यक्ष रणविजय कुमार द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया जबकि संचालन कंचन साव द्वारा किया गया। मौके पर विधानसभा प्रभारी शादिक असार तथा मुख्य अतिथि जदयू की महिला नेत्री सह प्रदेश महामंत्री कुसुम कुमारी मंजूबाला उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में वारिसलीगंज विधानसभा सीट जदयू कोटे में देने तथा महिला नेत्री कुमारी मंजूबाला को उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव रखा गया। मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष सह नगर उपाध्यक्ष अरुण कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष अनील यादव,जिला महामंत्री संजय सिंह एवं महेश भाई पटेल, विजय कुमार राय एवं मीडिया प्रभारी विकास कुमार सन्नी, बिन्दु प्रसाद, तनवीर आलम, मो. इरफान, दयानन्द पासवान, पूर्व प्रखमु प्रमुख नरेश पासवान, राजमुनी देवी, शैलेन्द्र प्रासाद, मुकेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेल युवाओं को देता है सही दिशाः एसडीपीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार दिवस के अवसर पर सोमवार सुबह 7:30 बजे इंटर विद्यालय मैदान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार तरुण द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 800 मीटर और 1600 मीटर दौड़ कराई गई। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ गुलशन कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान रजौली विधानसभा के प्रत्याशी कैप्टन राकेश चौधरी, अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार, एएसआई संजय कुमार, एएसआई पवन कुमार, एएसआई सचिन कुमार, लाइब्रेरियन संजीव रंजन, रिटायर्ड मेजर रामरतन यादव, सीआरपीएफ के चंदन कुमार सिंह, कमांडो फिजिकल एकेडमी के विक्रम कुमार, दीपक कुमार और विकास कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं की 800 मीटर दौड़



में प्रथम स्थानः बासु कुमारी (हरदिया), द्वितीय स्थानः शिल्पी कुमारी (घसियाडीह), तृतीय स्थानः काजल कुमारी (ग़ैरिबा) शामिल रही। छात्रों की 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थानः कारू कुमार (गंगटा मोहनपुर), द्वितीय स्थानः अखिलेश कुमार (बेलाडीह), तृतीय स्थानः शिबू यादव (गंगटा मोहनपुर) शामिल रहे। विजेता और अन्य प्रतिभागियों को एसडीपीओ गुलशन कुमार, आयोजक संजय कुमार तरुण, एसआई अजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नगद पुरस्कार, शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को सही दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने आयोजन समिति और सहयोगियों द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। रजौली विधानसभा के प्रत्याशी कैप्टन राकेश चौधरी ने भी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि रजौली के युवा जोश और प्रतिभा से भरपूर हैं। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# ट्रैक्टर चालक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के गोपालबाद गांव में रविवार को हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने सोमवार सुबह 7 बजे बढ़िया गांव के पास सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। वे मुआवजे की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही प्रमुख संकेत कुमार,



प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन भूषण, पूर्वी जिला परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार और वार्ड सदस्य त्रिपुरारी सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों को शांत करने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और सड़क जाम समाप्त हुआ। लगभग आधे घंटे तक सड़क बाधित रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मृतक की पत्नी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

# दीपक के शानदार शतक से नवादा ने आखिरी लीग मुकाबले में दर्ज की जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सिरदला स्थित लोन्द उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित बीसीए मेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी 2024-25 के मगध जोन का आखिरी मुकाबला नवादा और शेखपुरा के बीच खेला गया। इस मैच में नवादा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 344 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

**दीपक यादव का लगातार दूसरा शतक, नवादा ने बनाया विशाल स्कोर**

नवादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 422 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान दीपक यादव ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ते हुए 157 रन की शानदार पारी खेली। रोहित ने 55, हर्षमन ने 42 और सुमन सौरभ ने 43 रन का योगदान दिया। शेखपुरा की ओर से गेंदबाज अंशु ने तीन और गगन ने दो विकेट लिए।

**शेखपुरा की टीम महज 12 ओवर में ढेर**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेखपुरा की टीम सिर्फ 12 ओवर में 78 रनों पर ऑलआउट हो गई। अंकुश ने 19 और गौरव ने 12 रन बनाए। नवादा की ओर से गेंदबाज अर्णव यादव ने 5, सुमन सौरभ ने 3 और आदर्श पांडे ने 2 विकेट झटके।

**दीपक यादव बने 'मैन ऑफ द मैच'**

शानदार शतकीय पारी खेलने वाले दीपक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका में राजीव कमल मिश्रा और राजीव कुमार थे, जबकि तीसरे अंपायर के रूप में अजय कुमार मौजूद रहे।


Govt. of Bihar

**Government Engineering College Aurangabad**

Arthua, Kasma, Rafiganj Aurangabad Bihar-824125
Website : www.gecaurangabad.ac.in Email : principal@gecaurangabad.ac.in

**Science, Technology & Technical Education Dept. Govt. Of Bihar**
**Inviting Short-term e-Tender Notice**
**Through e-procurement mode only https://epoc2.bihar.gov.in**

**E- Tender Notice No- GEC/Abad/Vechile-hiring/01/2025** Date: 20.03.2025
Name of Work: "Request for proposal (RFP) For Hiring four- Wheeler Car"

| Sl. No. | Scope of work | Estimated cost ( In Rupees) | Cost of tender document (In Rupees) | Tender processing Fee (Non-Refundable) (Inclusive GST) | Earnest Money (In Ruppes) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Request for proposal (RFP) For Hiring four - Wheeler Car | NA | Rs. 2000/- | Rs. 590/- | Rs. 10000/- |

**Schedule for RFP Process:**

| | |
|---|---|
| Download RFP document | 31-03-2025 till 4 pm. |
| Last date for RFP submission | 31-03-2025 till 5 pm. |
| Opening of Bid | 02-04-2025 at 11 am. |
| Submission of EMD | 31-03-2025 till 5 pm. |
| Pre-Bid meeting | 29-03-2025 at 11 am. |
| Contact person | Principal, GEC Aurangabad, Bihar 8743074732 principal@gecaurangabad.ac.in |

**Note :** Government Engineering College Aurangabad, reserves the right to Accept/Cancel/Reschedule tenders without assigning any reasons.
This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

Principal
Government Engineering College
Aurangabad

PR. No. 22525 (SCIENCE) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# रामनवमी एवं रमजान पर विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पदाधिकारी, गया डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी एवं रमजान के अवसर पर संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला परिषद सभागार में बैठक की गई। इसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष शामिल हुए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पर्व गया जिले में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। प्रशासन की ओर से लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नगर निगम, आरसीडी, बिजली विभाग के स्तर के कार्य थोड़ी बहुत बाकी है उसे तेजी से अनुपालन करवाने का निर्देश दिए हैं। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया जा चुका है। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों



द्वारा लगातार निगरानी भी करवाया जा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया कि होली पर्व को जिले में काफी शांति सौहार्दपूर्वक संपन्न कराया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी पर्व 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम के जन्म दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा स्थानीय आजाद पार्क से निकलकर विभिन्न मार्गो से होते हुए नई गोदाम, अमीर सफायर रोड मुरारपुर, काली स्थान, खैरात अहमद रोड, दवा मंडी, टिकारी रोड, बाटा मोड़, स्वराजपुरी रोड, ढोलकिया गली, केपी रोड, जीबी रोड, बजाजा रोड, रमना, पीर मनसूर रोड, कोइरी बारी, नादरा गंज, टिल्हा धर्मशाला, नवागढ़ी, चांद चौराहा होते हुए विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में संपन्न होगा। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग शहरी को निर्देश दिया कि शोभायात्रा के मार्ग में जर्जर तारों तथा लो हाइट पर यत्र-तत्र बिखरे बिजली तार को भौतिक सत्यापन कर लें ताकि शोभायात्रा में कोई समस्या न हो। जिला पदाधिकारी ने रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया है कि शोभा यात्रा के दौरान पर्याप्त संख्या में भोलेन्टियर रखें तथा किसी प्रकार का कोई भी विवादित गाना पर पूरी तरह पाबंदी रखें, लाउड स्पीकर में बजने वाले गानों को हर हाल में अधिकारी सत्यापन करवा लें। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को कहा कि सभी शोभा यात्रा का लाइसेंस लेना अनिवार्य है तथा लाइसेंस निर्गत के दौरान जो भी नियम शर्तें दिए जाएंगे उसे शत-प्रतिशत अनुपालन करवाया जाना अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा हर हाल में 11 रात्रि तक समाप्त करवा लें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष त्योहारों के दौरान संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए संबंधित स्थानों पर कड़ाई से अनुपालन करवाया जाएगा। शांति व्यवस्था भंग करने वाले जो भी असामाजिक तत्व होंगे, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गया जिलावासियों से अपील किया है कि आपसी सौहार्द के साथ सभी समुदाय आपस में भाईचारा के साथ त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए जिला नियंत्रण कक्ष 24गुणे 7 सुचारू रूप से संचालित है। किसी भी व्यक्ति को कहीं भी समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0631-2222253/59 पर जानकारी या शिकायत कर सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए बैरीकेटिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निदेश दिया कि संवेदनशील स्थलों पर भ्रमनशील रहते हुए शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर ले। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए किसने संख्या में तथा किन स्थानों पर सीसीटीवी की आवश्यकता, वीडियो ग्राफर की आवश्यकता, ड्रोन के माध्यम से निगरानी की आवश्यकता तथा किन स्थानों पर बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, का पूरी विवरण 2 दिनों के अंदर उपलब्ध करावे। ताकि उन सभी स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था रखते हुए विधि व्यवस्था संधारित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखना आवश्यक है। कोई भी अफवाह फैलाते हैं तो उन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करें। रमजान पर्व को लेकर डीएम ने सभी अधिकारियों को कहा कि संभावित 31 मार्च को मनाया जाएगा, लोग सुबह-सुबह अपने निकटतम मस्जिदों में नमाज के लिये जाएंगे। उस दौरान भी ट्रैफिक व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था का ध्यान रखेंगे।

# टैंकर चालक और फेरीवाले के वेष में पकड़े गए शराब तस्कर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के डोभी चेकपोस्ट पर जांच के दौरान मद्य निषेध विभाग की टीम ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के टैंकर से 117 कार्टून विदेशी शराब जब्त की है। इस टैंकर में कुल 5616 बोतलें छुपाकर झारखंड से बोधगया ले जाई जा रही थीं। इस मामले में वाहन चालक गणेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जो वैशाली जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। शराब माफिया अब इतनी सफाई से काम कर रहे हैं कि पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। इसी कड़ी में एक शातिर तस्कर साइकिल फेरीवाले के वेष में गया में शराब की तस्करी कर रहा था। मद्य निषेध विभाग की टीम ने शक के आधार पर उसे रोका और जांच की तो उसके पास से 131 लीटर विदेशी शराब, बीयर और देसी चुलाई शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मुकेश चौधरी के रूप में हुई है जो गया जिले के मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के केंदुआ का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि झारखंड से शराब लाकर गया में बेची जानी थी।

# भारतर विश्व ऐतिहासिक स्थल – अनन्य संस्कृति, अनन्य प्रकृति' पुस्तक का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** भारत के 43 स्वीकृत विश्व धरोहर स्थलों पर आधारित पुस्तक 'भारतर विश्व ऐतिहासिक स्थल - अनन्य संस्कृति, अनन्य प्रकृति' (भारत के विश्व धरोहर स्थल - अनोखी संस्कृति, अनोखी प्रकृति) का भव्य विमोचन सोमवार को कोलकाता के पश्चिम बंगाल बंगला अकादमी ऑडिटोरियम में हुआ। इस पुस्तक के लेखक डॉ. सुतापा जोति और सुदीप्तो भट्टाचार्य हैं जिन्होंने भारतीय धरोहर स्थलों की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विशिष्टताओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का संचालन दक्षिण पूर्व रेलवे की जनसंपर्क अधिकारी सोमा दास बोस ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे जिनमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कोलकाता के अधीक्षण पुरातत्वज्ञ डॉ. राजेन्द्र यादव, आईआईटी खड़गपुर की पूर्व प्रोफेसर डॉ. संगमित्रा बसु, अनन्या भट्टाचार्य और कोलकाता चैप्टर के जी. एम. कपूर शामिल थे। वक्ताओं ने इस पुस्तक के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे विश्व धरोहर स्थलों पर उपलब्ध एक समग्र और अद्वितीय बांग्ला भाषा संसाधन बताया। इसमें इन स्थलों की चयन प्रक्रिया, मान्यता, संरक्षण और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। कार्यक्रम के दौरान सह-लेखक डॉ. सुतापा जोति ने एक आकर्षक स्लाइड शो प्रस्तुत किया जिसमें भारत के विश्व धरोहर स्थलों से संबंधित अमूल्य जानकारियां साझा की गईं। एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया। यह पुस्तक सिग्नेट प्रेस द्वारा प्रकाशित की गई है, जो आनंदा पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड का एक इम्प्रिंट है।

# दो समुदायों के बीच मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार, गए जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती गांव में दो समुदायों के बीच हुई मारपीट के दो आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार के जेल भेजा गया है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि बीते आठ दिनों पूर्व आंती के पोखरा में मछली पकड़ने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी जिसे लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार मेहता के आवेदन पर आंती थाना कांड संख्या 37/25 दर्ज किया गया था। उसी मामले के नामजद अभियुक्त दिनेश पासवान एवं अरुण कुमार उर्फ अरुण पासवान दोनों के पिता स्व. राम प्रवेश पासवान ग्राम आंती थाना आंती जिला-गया को आंती गढ़ के मैदान से गिरफ्तार किया गया है और अग्रेतर कार्रवाई करते हुए मेडिकल जांच उपरांत जेल भेजा गया है।

# यात्रियों की भीड़ को लेकर रेलवे में 31 मार्च तक विशेष सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्टेशनों पर और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को लेकर रेलवे में 31 मार्च तक विशेष सुरक्षा का अलर्ट घोषित किया गया है। होली त्योहार मनाकर अपने गंतव्य को वापस लौटने वालों तथा आम यात्रियों का आवागमन बढ़ने की अभी भी ट्रेनों में भीड़ उमड़ रही है। भीड़ के बीच अप्रिय घटना नहीं हो तथा भीड़ को नियंत्रित बनाये रखने के साथ चोर-उचक्कों पर वे संदिग्धों पर निगरानी बढ़ाने के लिए गया जंक्शन सहित आसपास के बड़े और छोटे स्टेशनों पर भी जीआरपी व आरपीएफ को अलर्ट किया गया गया है।

# प्रखंड के सभी कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्रों पर वर्ग 1 से 8 तक की उत्तर पुस्तिका की हो रही जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग 1से 8 तक के विद्यार्थियों का संपन्न वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2024- 25 के व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सभी कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्र पर विभिन्न शिक्षकों द्वारा गत वार से शुरू हो गई है। ये मूल्यांकन कार्य 26 मार्च तक चलेगी। इसी कड़ी में कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय दखिनगांव में समन्वयक सह प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार के देखरेख में उत्तर पुस्तिका का परिक्षण सह मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है। समन्वयक ने बताया कि इस संसाधन केंद्र के अंतर्गत उर्दू मध्य विद्यालय, वजीरगंज कन्या मध्य विद्यालय, वजीरगंज विद्यालय, वजीरगंज मध्य विद्यालय दखिनगांव, प्राथमिक विद्यालय बरौनी एवं प्राथमिक विद्यालय बैजनाथपुर के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन किया जा रहा है जिसमें अलग- अलग शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का परिक्षण सह मूल्यांकन कार्य के बाद 26 मार्च को अपराह्न में सभी शिक्षकों को मूल विद्यालय के लिए विरमित किया जाएगा जहां वे बच्चों का रिजल्ट एवं प्रगति-पत्रक संधारण करेंगे जिसे 29 मार्च को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में छात्रों एवं अभिभावकों के बीच प्रदर्शित किया जाएगा।

# डीएम ने समाहरणालय परिसर में पालनाघर का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना अंतर्गत गया जिला मुख्यालय में स्थित समाहरणालय परिसर, गया में पालनाघर का विधिवत उद्घाटन सोमवार को जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा फीता काटकर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डीएम द्वारा पालनाघर के उद्देश्य एवं इनकी सेवाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं के 05 वर्ष या उससे कम के उम्र के बच्चों को कार्यालय अवधि में डे -केयर की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।



ताकि कामकाजी माताऐ अपने बच्चों की आवश्यक मातृत्व संबंधित जिम्मेवारियों का निर्वाहण करते हुए कार्यालय कार्य सही तरीके से सम्मपन्न कर सके। साथ ही पालनाघर के बच्चों के समुचित डे-केयर के लिए सोने की उचित व्यवस्था, खेलने के लिए उचित खिलौना पालनाघर में उपलब्ध रहेगा। डीपीओ आईसीडीएस डॉ० रश्मि वर्मा द्वारा बताया गया कि पालनाघर में लाभुक माताए यदि चाहे तो अपने बच्चों को आवश्यकतानुसार पालनाघर में आकर स्तनपान करा सकती है। स्तनपान कराने हेतु पालनाघर में स्थान चिन्हित है। पालनाघर का संरचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का मानसिक विकास एवं बच्चों को प्री-स्कुल जैसा व्यवस्था दिया जायेगा। इस मौके पर डीडीसी नवीन कुमार, डीपीआरओ दीपक चंद्र देव, समाहरणालय परिसर के अधिकारीगण एवं महिला एंव बाल विकास निगम, गया के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# बिजली के झटके से एक की मौत, एक घायल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के रौना गांव में बिजली के झटके से एक व्यक्ति की मौत रविवार की रात हो गयी। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार टिकारी थाना के फेनागी के रहने वाले सुभाष पासवान (38) अपने फूफा के यहां रौना गांव में रहकर उसके साथ मजदूरी का काम करता था। रविवार को एक मकान में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से सुभाष पासवान और उसका फूफा उदय पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त दोनों को सीएचसी में इलाज उपरांत बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया जहां सुभाष पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# विशेष प्रशिक्षण सत्र का किया गया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार की अध्यक्षता में जस्टिस जुवेनाइल बोर्ड के वरीय अधिकारी एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस कार्यालय, गया के सभाकक्ष में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में गया जिले के सभी थानों में नियुक्त चाइल्ड वेलफेयर पुलिस पदाधिकारी ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य चाइल्ड वेलफेयर पुलिस पदाधिकारियों को बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों तथा किशोर न्याय अधिनियम, 2015




और पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि अधिकारी इन कानूनी प्रावधानों का सही तरीके से उपयोग कर बच्चों के अधिकारों की रक्षा में और अधिक सक्षम हो सके। इसमें बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की पहचान, उनकी रिपोर्टिंग और निवारण के उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया।प्रशिक्षकों ने इन कानूनी प्रावधानों को गहराई से समझाया और वास्तविक जीवन में इसके उपयोग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। गया पुलिस का यह प्रयास बच्चों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण तैयार करने में सहायक होगी।

# शहीद -ए- आजम भगत सिंह के कालजयी विचारों पर मगध विश्वविद्यालय में परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहीद दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय बोध गया के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, मगध वि वि, बोध गया के तत्वावधान में आज 24 मार्च को एक विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित कर अमर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विभाग में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। स्मृति सभा में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ साथ चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो मुकेश कुमार ने शहीद - ए - आजम भगत सिंह के कार्यों का मनन करते हुए समाज और देश के प्रति उनके विचारों पर प्रकाश डाला। आजादी की लड़ाई सभी धर्मो, सम्प्रदायों एवं वर्गों ने मिलकर लड़ी थी। उन्होंने भगत सिंह के कालजयी विचारों पर प्रकाश डालते हुए




समाज में परस्पर सौहार्द्र, सदभावना, सहिष्णुता और शांति हेतु उनके समाजवादी एवं राष्ट्रवादी चिंतन से अवगत कराया। प्रो. पीयूष कमल सिन्हा ने भगतसिंह के बिहार आगमन से संबन्धित कई उद्धरणों के माध्यम से उनके कार्यों का उल्लेख किया। प्रो. नृपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने चर्चा में भाग लेते हुए भगत सिंह के क्रांतिकारी गतिविधियों की राष्ट्रीय आंदोलन पर प्रभाव की व्याख्या की। डॉ. सचिन कुमार मंदिलवार ने उनके प्रारंभिक जीवन और क्रांतिकारी गतिविधियों में उनकी भागीदारी का उल्लेख किया। डॉ. हरि बाबू बोडो ने भगत सिंह के देश के प्रति समर्पण को अपने जीवन में उतारने पर बल दिया। मंच संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक श्री रवि शंकर कुमार ने तात्कालिक परिदृश्य में भगत सिंह के कार्यों और स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी कार्यों की आवश्यकता को बताया। स्मृति सभा में आयोजित परिचर्चा में विभाग की शिक्षिका डॉ अस्मिता खलखो, मैसी चरण सहित बड़ी संख्या में छात्र, छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आमस थाना परिसर में ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर आमस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आमस थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने की। बैठक में आमस प्रखंड प्रमुख लड्डुन खान, जन सुराज नेता रामाधार सिंह, कलवन पंचायत की मुखिया जानकी चौहान समेत बड़ी संख्या में प्रखंड के गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। थाना अध्यक्ष ने सोमवार को शाम 5 बजे कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। शांति समिति के सदस्यों ने भी आपसी सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया।

# कोंच में रोजगार मेला सह रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कोंच में रोजगार मेला सह रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 30 मार्च को होगा जिसकी जानकारी जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने दी है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि कोंच स्थित संस्कार वैली स्कूल के प्रांगण में रोजगार मेला सह रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह के 10 बजे से शाम 4 बजे तक है। डॉ बी डी शर्मा ने कहा कि रोजगार मेला में बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार नौकरी प्रदान करना है। वहीं, उन्होंने बताया है कि रक्तदान एक महान कार्य है जिससे हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। रक्तदान से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। रक्तदान से हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

## शपथ पत्र

मैं श्रीमति देवी उर्फ सुमित्रा देवी पति-रमेश सिंह उम्र करीब 54 वर्ष, ग्राम-हुसैनाबाद, पो.-राजपुर, थाना-राजपुर, जिला-रोहतास शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं व हिन्दू धर्म को मानती हूं। श्रीमति देवी एवं सुमित्रा देवी दोनों मेरा ही नाम है तथा मैं उक्त दोनों नामों से जानी पहचानी व पुकारी जाती हूं। इस नाम एवं बल्दीयत का मेरे गांव में दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।

**शपथकर्ता**
**श्रीमति देवी उर्फ सुमित्रा देवी**

# समस्याओं को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता ने डीएम से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम से उनके कार्यालय में मुलाकात कर भेंट की। उन्होंने जिले की जनता द्वारा झेली जा रही समस्याओं को विस्तार से रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने समस्याओं पर चर्चा करते हुए डीएम को बताया कि आने



वाले भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली और पानी की समस्या को दुरुस्त करवाने के साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान की अपील की, ताकि जनता को राहत मिल सके।इस पर जिले के डीएम ने आश्वासन दिया कि वह इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर देखेंगे और जल्द ही समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाएंगे। मौके पर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भी उपस्थित रहे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 20.03.2025,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_22_ओटीआर, दिनांक : 20.03.2025, कार्य का नाम:** निम्नलिखित के सिलसिले में एस एंड टी कार्य: (क) बरियारपुर-बरियारपुर स्टेशन में अप डायरेक्शनल लूप का प्रावधान, (ख) अकबरनगर-अकबरनगर स्टेशन में अप डायरेक्शनल लूप का प्रावधान, (ग) सुलतानगंज स्टेशन में डाउन दिशा में लॉंग हॉल लूप लाइन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.5,35,73,856.06, **बयाना राशि:** रु. 4,17,900/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 28.03.2025 से 11.04.2025 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-257/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## e-Procurement Cell
## Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Ref. No.-23/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 24.03.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Old Circuit House at Daltonganj, Palamu. | 40,60,200.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and Partition Wall at Campus of Fishery Office Building Daltonganj, Palamu. | 15,38,700.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of Barrack, Boundary Wall, Soak Pit, PCC Flooring, Landscaping and Deep Boring in IG, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 22,95,600.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 06 Months |
| 5. | Renovation and Roof Treatment of PDJ, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 17,92,700.00 | 02 Months |
| 6. | Renovation of Barrack 1, Barrack 2 and Construction of Bike Shed in S.P Palamu Residence Campus at Daltonganj. | 19,25,300.00 | 02 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05-04-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 12-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 15-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 349136 Building(24-25).D

संपादकीय

# ये कैसा रिश्ता जो हत्या में बदल जाए

मुंबई से एक खौफनाक खबर आई है. गोरेगांव के बनजारीपाड़ा में 36 साल के चंद्रशेखर चौहान अपने घर में मृत पाए गए. पुलिस ने जब पड़ताल शुरू की तो जो कहानी सामने आई उसने सबको चौंका दिया. पत्नी रंजू ने पति की गला घोंटकर हत्या कर दी. इस हत्याकांड में एक 'वो' शामिल था जिसकी पहचान शाहरुख नामक व्यक्ति के रूप में हुई है. हत्या की रात रंजू ने काफी देर तक शाहरुख से फोन पर बात की थी.

पुलिस ने रंजू और उसके प्रेमी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. हाल ही में ऐसी ही एक खबर उत्तरप्रदेश के मेरठ से आई थी. वहां मुस्कान रस्तोगी नाम की महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला, उसके शव के टुकड़े किए और उसे ड्रम में डाल कर उसमें सीमेंट का घोल डाल दिया. लेकिन उसकी चाल काम न आई और पुलिस ने हत्या की पूरी कहानी सामने ला दी.

इसके पहले भी इस तरह के कई हत्याकांड सामने आ चुके हैं जहां पति, पत्नी और वो के त्रिकोण में मामला इतना संगीन हो जाता है कि अक्सर पति की हत्या कर दी जाती है और उसमें पत्नी के साथ उसका प्रेमी भी शामिल होता है. इसी तरह कई बार पति भी किसी अन्य महिला के साथ संबंधों में आ जाता है और फिर पत्नी को रास्ते से हटा देता है.

सवाल यह है कि पति-पत्नी के बीच के रिश्ते में आखिर ऐसी खटास क्यों आ जाती है कि किसी तीसरे की उसमें एंट्री हो जाती है? हमारी सामाजिक परंपरा ऐसे रिश्तों को अवैध संबंध मानती है क्योंकि विवाह नामक पवित्र संस्था में पति और पत्नी के बीच कोई दूसरा आ जाए तो संबंधों का गंभीर खतरे में पड़ जाना स्वाभाविक है. मनोविज्ञान कहता है कि पति या पत्नी एक दूसरे से यदि संतुष्ट नहीं हैं तो वे अपनी उम्मीदों को दूसरी जगह तलाशते हैं.

संतुष्टि का यह अधूरापन शारीरिक, मानसिक या आर्थिक कुछ भी हो सकता है. तीनों ही कारणों से या तीनों में से किसी एक कारण से भी किसी अन्य के प्रति आकर्षण पैदा हो सकता है. जो लोग विवेकशील होते हैं, जिन्हें अपने वैवाहिक जीवन की फिक्र होती है, परिवार की फिक्र होती है वे ऐसे आकर्षण को रोकने में सफल हो जाते हैं लेकिन जिनका आकर्षण मतांधता की श्रेणी में जा पहुंचता है वे फिर कुछ भी याद नहीं रखते कि उनका भविष्य क्या होगा.

वे यह सोचते हैं कि अपने वर्तमान साथी को यदि बीच से हटा दें तो उनका प्रेमी या उनकी प्रेमिका उनके साथ हो जाएगी और वे अपनी चाहत वाली जिंदगी जी सकेंगे. यही सोच उन्हें हत्या करने की स्थिति में पहुंचा देती है. मतांधता उन्हें कई तिकड़म सिखाती है कि हत्याकांड को ऐसे छिपा लेंगे, वैसे छिपा लेंगे लेकिन उन्हें क्या पता कि हर अपराधी कोई न कोई सुराग छोड़ता है और पुलिस उस तक पहुंचती जरूर है.

ऐसे लोगों को यह समझना चाहिए कि यदि आप एक-दूसरे के साथ नहीं रह सकते तो अलग हो जाइए ! कानूनी रूप से संबंध विच्छेद कर लीजिए और जिसके साथ मर्जी हो रहिए. मजबूत कारण होने पर तलाक कोई कठिन चीज नहीं है. और सबसे बड़ी बात कि ऐसी सभी हत्याओं के पीछे प्रेम की बात करना, प्रेम शब्द के प्रति बहुत नाइंसाफी है.

यदि आप किसी से भी प्रेम करते हैं या करती हैं तो किसी दूसरे की भी जान लेने का भाव आपके मन में आने का सवाल ही पैदा नहीं होता है. जिस जेहन में प्रेम पलता है वहां किसी का खून कर देने का खयाल कैसे आ सकता है? इसलिए प्रेम को बदनाम मत कीजिए.

# मुस्लिम आरक्षण का मोह नहीं छोड़ पा रही है कांग्रेस

**कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है।**

योगेंद्र योगी

कांग्रेस ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया। मुसलमानों को बेवजह देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा ने कांग्रेस के जरिए मुसलमानों को भी घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। ऐसे में बेवजह राजनीति में घसीटे गए मुसलमानों की मुश्किलें बढ़ गई। मुसलमान कांग्रेस के दिखावटी वोट प्रेम का विरोध नहीं कर सके और भाजपा के निशाने पर आ गए।



कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा अभी भी मुसलमानों के लिए कोटा के अपने समर्थन पर कायम हैं या नरेंद्र मोदी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

गौरतलब है कि यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल ने कर्नाटक में लागू किया था। दिलचस्प बात यह है कि देवगौड़ा की जद (एस) अब बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। कर्नाटक सरकार के 14 फरवरी, 1995 के एक आदेश में जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि यह निर्णय चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है और आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करता है। कांग्रेस ही नहीं किसी न किसी बहाने मुस्लिम वोट बैंक पर गैरभाजपा दलों की भी खीचतान रही है। विपक्षी दलों का प्रयास रहा है कि किसी भी तरह यह अल्पसंख्यक वोट बैंक छिटकना नहीं चाहिए, यही वजह है कि साफ तौर पर धर्म के आधार पर आरक्षण को राजनीति का मोहरा बनाया गया। केरल में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को नौकरियों में 8 प्रतिशत और उच्च शिक्षा में 10 प्रतिशत कोटा प्रदान किया गया। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय की 95 प्रतिशत जातियां शामिल हैं। इसी तरह बिहार में ओबीसी को 32 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। आंध्र प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पश्चिम बंगाल में कुछ मुस्लिम जातियों को शामिल किया गया लेकिन अलग से कोटा नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में भी 2005 में मायावती सरकार ने 18 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण का प्रस्ताव रखा, लेकिन कोर्ट ने रोक दिया। सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण का प्रावधान कानूनी है।

इसकी भी सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण के मामलों को खारिज किया है। इसके बावजूद राजनीतिक दलों का आरक्षण के प्रति लोभ संवरण कम नहीं हुआ। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल आरक्षण के जरिए वाकई मुसलमानों का भला चाहते हों, दरअसल इनकी नीयत में खोट है। यह खोट वोट बटोरने का है। क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक दायरा एक या दो राज्यों से अधिक नहीं है, किन्तु कांग्रेस का नेटवर्क देशभर में है। ऐसे में मुस्लिमों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस को सर्वाधिक राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी है। भाजपा ने इसी आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण किया है। पता नहीं यह बात कांग्रेस को कब समझ आएगी कि देश के बहुसंख्यक वोट बैंक को नाराज करके देश की सत्ता किसी भी सूरत में हासिल नहीं की जा सकती। कांग्रेस जब तक तुष्टिकरण की नीति का त्याग नहीं करेगी, तब तक भविष्य में सत्ता तक पहुंचना उसके लिए आसान नहीं होगा।

अध्यात्म

## एकता और मित्रता की जीत

हर साल गर्मी बढ़ती जा रही थी। गर्मी के मौसम में घांस सुख जाते। जंगल से कोई नदी नही गुजरती थी। जिसके कारण जानवरों को पानी की दिक्कत हो जाती थी। इस साल भी जोरो की गर्मी पड़ रही थी। गर्मी के कारण भयंकर सूखा पड़ा था। हरी-भरी वनस्पतियाँ सूखने लगीं। जानवर भोजन एवं पानी के लिए भटकने लगे। उसी जंगल मे चमगु नाम का चमगादड़ और मिट्ठू नाम की भैंस बिल्कुल अलग-अलग जीवन जीते थे। चमगु अपना दिन एक पेड़ पर उल्टा सोकर बिताता, जबकि मिट्ठू हरे-भरे घांस की तलाश में घूमती रहती। मिट्ठू भोजन खोजने के लिए संघर्ष करते हुए, थकी हारी अपने मित्र चमगु के पेड़ से टकरा गई। चमगु ने मिट्ठू की परेशानी को महसूस किया। इसका हल ढूंढने के लिए चमगु ने अपने प्रतिध्वनि स्थान निर्धारण क्षमता का प्रयोग किया। जंगल के पीछे पहाड़ी में झरने का पता लगाया। झरना का पता चलते ही चमगु ने मिट्ठू से कहा, 卐मुझे एक जल स्रोत का पता चला है। मैं तुम्हारी पीठ पर बैठ जाता हूं। मैं तुम्हे दिशा बताऊंगा, तुम वैसे-वैसे चलना।卐 चमगु के बताए रास्ते पर चलकर मिट्ठू झरने के पास पहुंच जाती है और भरपेट पानी पीकर अपनी प्यास बुझाती है। मिट्ठू कहती है, 卐मुझे तो तुम मिल गए, परंतु जंगल के बाकी जानवरों का क्या? वो कैसे अपनी प्यास बुझाएंगे?卐 चमगु ने कहा, 卐 बात तो तुम उचित कह रही हो। एक काम करते हैं आज शाम को जंगल मे एक बैठक बुलाते हैं। हम लोग वहीं इस पर चर्चा करेंगे।卐 मिट्ठू ने सहमति जताई। फिर चमगु को अपने पीठ पर बिठा कर उसके पेड़ के पास ले गई। चमगु ने अपने आसपास के बंदर, भालू, बगुला एवं गिलहरी साथियों को बैठक की बात बताई। सबसे जंगल के हर सदस्य को बैठक में बुलाने को कहा। धीरे-धीरे बैठक की बात जंगल में आज की तरफ फैल गई। पानी की समस्या को सुलझाने के लिए हर कोई बैठक में आया। बैठक में मिट्ठू भैंस ने सबको जंगल के पीछे वाली पहाड़ी पर झरने की बात बताई, जिससे जंगल के सभी जानवर ताली बजाने लगे। जंगल के सदस्यों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। फिर मिट्ठू भैंस ने कहा, 卐परंतु यह समस्या इतनी आसान नहीं है। खाना पानी की समस्या को जड़ से मिटाने के लिए हमें जमीनी कार्रवाई करनी होगी। इसके लिए चमगु चमगादड़ आपको विस्तार से बताएंगे की, हमे कैसे क्या करना चाहिए। जंगल के सभी सदस्य ध्यान पर ध्यान पूर्वक सुनने लगे। चमगु ने कहा, 卐खाना पानी की समस्या समाप्त करने के लिए हमें बरसात आने से पहले बहुत सारे छोटे-छोटे तालाब बनाने होंगे। ताकि जब बरसात आए, तो पानी उसमें ठहर जाए और गर्मियों में हमें पानी की समस्या ना हो। उन तालाबों के रहने से पेड़ भी नहीं सूखेंगे और घास भी नहीं सुखेगी क्योंकि आसपास की जमीन नम रहेगी। इस पूरी गर्मी हमें मेहनत करना होगा और पानी पीने के लिए हमें जंगल के पीछे पहाड़ी पर जाना होगा। यदि हम बरसात से पहले तालाब बनाने में सफल हो पाते हैं, तभी हम आगे खाना पानी की समस्या को हल कर पाएंगे। चमगु चमगादड़ की बात से जंगल का हर सदस्य सहमत था और सब ने अपनी-अपनी की क्षमता के अनुसार काम ले लिया। अगले ही दिन से जंगल में छोटे-छोटे बहुत सारे तालाब बनाने का कार्य शुरू हो गया। जब जानवर थकते तो पहाड़ी के पास जाकर जल पी आते। उधर सुखा न होने के कारण जानवरों की आबादी भी बहुत थी और हरियाली भी। इधर से थके हारे जानवर जब उधर जाते तो उन्हें खाना पानी दोनो मिल जाता। ऐसे ही करते-करते एक महीने के अंदर जानवरों ने छोटे-बड़े बहुत सारे तालाब बना लिए। जब बरसात आया तो यह सारे तालाब भर गए। जिससे उनकी पानी की समस्या भी समाप्त हो गई और जमीन भीगी रहने के कारण जंगल हरा भरा हो गया।

# हर जगह दिखती है विवेकहीन भीड़

**यह विडंबना है कि आज मानव मूल्यों का इतना पतन होता जा रहा है कि समस्याओं के प्रति हमारी संवेदनाएं कुंद हो गई लगती हैं। इसी का परिणाम है कि हम स्थितियों को सही संदर्भ, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने की क्षमता खोते जा रहे हैं और परस्पर किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र या समाज की अस्मिता पर चोट करने से बाज नहीं आते। सामाजिक और मानवीय व्यवहार भूलकर व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं या अनुशासन की आड़ में एकाधिकारशाही थोपने लग जाते हैं। अपनी ठिठुरन दूर करने के लिए दूसरों को मिटाकर उनकी आग में हम अपनी ठंडक को मिटाने लग जाते हैं।**

भगवती प्रसाद गेहलोत

आज दुनिया के हर देश में लोप होती जा रही मानवीयता के चलते वास्तव में किसी मनुष्य को खोज पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। मगर इसके लिए जरूरी है कि हम मनुष्य होने के बुनियादी तत्त्वों की पहचान कर सकने में सक्षम हो सकें। अगर इंसानियत के तकाजे के मुताबिक देखें तो वास्तव में मनुष्य कहे जाने वाले लोगों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। कोई भी क्षेत्र हो, वहां इंसानियत से लैस इंसान नहीं मिलते हैं। अगर कहीं कोई भला आदमी दिख जाता है, तो उसे 'मूर्ख' या 'दुनियादारी का पागल' करार दे दिया जाता है।

आज हर क्षेत्र की आपाधापी और बेलगाम दौड़ में, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मनुष्य दिखाई नहीं देते। किसे हम मनुष्य कहें, यह प्रश्न पैदा होता है। जिसमें अन्य के प्रति दया और परोपकार का भाव हो, मुसीबत या कठिनाइयों से घिर जाने पर परस्पर निस्वार्थ सहयोग की भावना हो, जिसमें सत्य, अहिंसा, त्याग, दया, प्रेम, शुद्धता, नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के भावों से युक्त मनुष्यत्व हो, उसे मनुष्य कहा जा सकता है।

भूमध्य सागर के तट पर बसे यूनान की राजधानी एथेंस सुकरात जैसे दार्शनिक और उनके शिष्य प्लेटो की जन्म भूमि रही। वहां का एक प्रसंग बेहद महत्त्वपूर्ण है। एक दिन एक दार्शनिक संत डायोनिसिस दिन के उजाले या तेज धूप में लालटेन लेकर कुछ ढूंढ़ते हुए जा रहे थे, तो उन्हें देख कर धीरे-धीरे कुछ लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होती गई। चौराहे पर जब वे पहुंचे तो भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ में से एक मनचले ने उनसे पूछा कि दिन की इस तेज धूप में जलती लालटेन लेकर तुम क्या ढूंढ़ रहे हो। संत ने उत्तर दिया कि मैं मनुष्य को ढूंढ़ रहा हूं, इंसान को ढूंढ़ रहा हूं। एक उद्दंड व्यक्ति ने कहा कि क्या हम तुम्हें इंसान दिखाई नहीं देते। इस पर डायोनिसस ने कहा कि नहीं, तुम मानव नहीं होज तुममें से तो कोई किसी का स्वामी है, दास है, पिता है, बेटा है, नेता है, पदाधिकारी, रसूखदार है, अंध धार्मिक है, लेकिन मनुष्य नहीं है; मैं मनुष्य और उसकी मानवीयता को ढूंढ़ रहा हूं।

इंसानियत और मानवीयता की चाह में हर सामान्य आदमी को अपने और पराए स्वत्व की रक्षा के लिए संभल कर ही चलना होगा, क्योंकि धुरीहीनता संगठन के हर क्षेत्र में व्याप्त है और मतलबपरस्तों की काई हर ताल तलैया पर जम चुकी है। हर जगह विवेकहीन भीड़ दिखती है, जो न तो कुछ वास्तविक संदर्भ समझ पाती है, न उसके मुताबिक अपनी प्रतिक्रिया दे पाती है। अब नारे-जलूस और सभाओं से आम आदमी की आस्था उठ गई है। वह इनमें राजनीतिक स्वार्थ और आचरण की मक्कारी देख रहा है। जबकि आज एक व्यवस्था में रहते हुए मनुष्य का जीवन राजनीतिक ढांचे से ही तय होता है।



दूसरी ओर, ऐसी भीड़ खड़ी हो रही है, या कहें कि भीड़ खड़ी की जा रही है, जिसे वैसे मुद्दों से कोई वास्ता नहीं, जो मानवीयता को बचाने की मांग करते हों। उसे सिर्फ वह उन्माद प्यारा लगने लगा है, जिसमें डूब कर वह वैसी सारी समस्याओं को भूल जाए, जो उसकी और समूचे समाज और देश को प्रभावित करती हों। उसकी जिंदगी की गुणवत्ता निम्नतर हो जाए, लेकिन वह अफवाह और आक्रामकता के प्रभाव में जीना पसंद करने लगता है। दरअसल, मनुष्य और मानवीय मूल्यों के प्रति निष्ठा का जहां अभाव हो जाता है, वहां किसी की वाणी भी अर्थहीन हो जाती है।

यह विडंबना है कि आज मानव मूल्यों का इतना पतन होता जा रहा है कि समस्याओं के प्रति हमारी संवेदनाएं कुंद हो गई लगती हैं। इसी का परिणाम है कि हम स्थितियों को सही संदर्भ, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने की क्षमता खोते जा रहे हैं और परस्पर किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र या समाज की अस्मिता पर चोट करने से बाज नहीं आते। सामाजिक और मानवीय व्यवहार भूलकर व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं या अनुशासन की आड़ में एकाधिकारशाही थोपने लग जाते हैं। अपनी ठिठुरन दूर करने के लिए दूसरों को मिटाकर उनकी आग में हम अपनी ठंडक को मिटाने लग जाते हैं।

हम मनुष्य जन्म लेने भर से यह समझने लगते हैं कि हम मनुष्य हैं। जबकि सही बात तो यह है कि हमारे कर्म, व्यवहार, सद्भावना, कामना और सदाचार की भावना से प्रेरित क्रियाकलाप ही हमें मनुष्य बनाने का आभास कराते हैं। मनुष्य किसी भी पद पर हो या कितना ही रईस हो, है वह एक सामाजिक प्राणी। उसे सबका खयाल रखकर अपना व्यवसाय, कार्य, व्यवहार, नेतृत्व करना चाहिए। नैतिक मूल्यों से रहित होकर चलना खोखलापन है।

अपने अति कलुषित लोभ में दूसरों के हक को छीनने की प्रवृत्ति और दूसरों के शवों पर अपनी भव्य इमारत खड़ी करना, अपनी विचारधारा के महल खड़े करने की कुप्रवृत्ति छोड़नी होगी। सबके हितों की चिंता करें तो मानवता का पोषण हो सकता है। हम क्यों अपने लिए पक्की सड़क और दूसरों के लिए गहरी खाई और गड्ढों से युक्त बनाएं। मानवता के पोषण के लिए सोचना होगा। मानवता के होते जा रहे ह्रास में कवि दुष्यंत की ये पंक्तियां कितनी सटीक बैठती हैं- 'इस सड़क पर इस कदर कीचड़ बिछी है/ हर किसी का पांव घुटनों तक सना है।' व्यवहार, व्यवसाय, राजनीति, धर्म के अनुपालन, पद प्राप्ति, जातिगत अहं, सत्ता प्राप्ति की लिप्सा में हर कोई मानवता को ताक पर रखता जा रहा है। बात तो तब बने, जब हम नैतिक मूल्य धारण कर आगे बढ़ें मानवता का राष्ट्रगान हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। जीवनसाथी को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। भविष्य को लेकर आप कुछ योजना बनाएंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कर्क**
आप अपने कामों में काफी व्यस्त रहेंगे। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप दोस्तों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे।

**सिंह**
रुपए-पैसे से संबंधित मामला सुलझेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

**कन्या**
आप अपने शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी कोई डील पार्टनरशिप में फाइनल होगी। आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें।

**तुला**
आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक**
आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें। आपको संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने रोजमर्रा के कामों में कोई बदलाव बिल्कुल ना करें। व्यापार में अजनबी पर भरोसा करना नुकसानदायक रहेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके मन में शांति बनी रहेगी। आपके बड़े बुजुर्गों का पूरा साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी।

**कुंभ**
आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। भाई- बहनों के बीच में आपकी खूब पटेगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे।

**मीन**
आपका मन परेशान रहेगा। आप टेंशनों में लगे रहेंगे, लेकिन जीवनसाथी को करियर में कोई अच्छी खशखबरी सुनने को मिल सकती है।

# समन्वय समिति की बैठक में हुई संचालित योजनाओं की समीक्षा

## विभिन्न विभागों के लगाये गये स्टॉल, बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और उनकी अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया।

बैठक के दौरान सामान्य प्रशासन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खान एवं भू-तत्व विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, खेल विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, परिवहन विभाग, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

**महादलित टोलों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश**

डीएम ने राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल का जल, शौचालय निर्माण कार्य, आयुष्मान भारत योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना एवं कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि महादलित टोलों में शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए।

**हर घर नल का जल और शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

डीएम ने कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी) को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नल-जल योजना का क्रियान्वयन अविलंब सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने और ''हर घर नल का जल'' योजना के तहत छूटे हुए घरों को जल्द से जल्द जोड़ने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**मतदाता सूची में सुधार के लिए विशेष अभियान**

जिलाधिकारी ने बूथ लेवल ऑफिसर्स को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने वार्ड में अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाएं और 90 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का पुनः सत्यापन करें। इसके अलावा, सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्रखंड स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सचिव एवं सदस्यों के साथ बैठक करें।

**भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण में तेजी लाने के आदेश**

डीएम ने सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण और भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए स्थल चयन सुनिश्चित किया जाए और संबंधित प्रमाण पत्र जल्द उपलब्ध कराए जाएं।

**लंबित एनओसी और बिजली भुगतान के निपटारे पर जोर**

डीएम ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित एनओसी को शीघ्र जारी करने के लिए नियमित निगरानी करें। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित बिजली भुगतान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डीआरडीए डायरेक्टर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राज्य सम्मेलन के लिए बड़हरा में चला जनसंपर्क

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार के राज्य सम्मेलन बक्सर में 10 से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में भागीदारी को लेकर बड़हरा प्रखंड सह अंचल कर्मचारियों के बीच चर्चा किया गया। परिचर्चा का नेतृत्व उमेश कुमार सुमन ने किया। मौके पर राजू कुमार, अजय कुमार सिंह, पूजा कुमारी, राजू श्रीवास्तव, वीरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, तारकेश्वर राम, अजित कुमार, सरोज, राहुल, राजेश कुमार, अमित कुमार समेत अन्य कोसम्मेलन में भाग लेने के लिए जागरुक किया।

### पटना में वी-बाजार का नया स्टोर खुला

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वैल्यू फैशन रिटेलर वी-बाज़ार ने पटना में तीन नए स्टोर्स खोले, जिससे बिहार में इसके कुल स्टोर्स की संख्या 29 हो गई। ये नए स्टोर्स लोहानीपुर (कांग्रेस मैदान के पास), गोला रोड, और जगनपुरा रोड पर स्थित हैं। वी-बाज़ार के सीएमडी हेमंत अग्रवाल ने कहा कि यह पटना में ग्राहकों को बेहतरीन फैशन, उचित कीमतों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खरीदारी का अनुभव देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ग्राहकों के लिए कुछ ऑफर दिये जा रहे हैं जिनमें1499 की खरीदारी पर डबल बेडशीट या डफल बैग मात्र 149 में, 2999 की खरीदारी पर एद्गद्यद्यध पुडिंग सेट मात्र 249 में, 4999 की खरीदारी पर घ्द्भद्ब्रद्दद्यद्ग मिक्सर ग्राइंडर मात्र 499 में दिये जा रहे हैं। स्टोर्स में युवाओं और परिवारों के लिए ट्रेंडी और किफायती फैशन कलेक्शन उपलब्ध है, जिसमें शर्ट, जींस, कुर्ते, साड़ियां, डिजाइनर सूट और बच्चों के कपड़ों की शानदार रेंज शामिल है।

### बबुरा थाना का उद्घाटन आज

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़हरा प्रखंड के आरा-छपरा फोरलेन के बबुरा में नया बबुरा थाना का उद्घाटन एसपी मिस्टर राज करेंगे। वे 25 मार्च सुबह 10 बजे सभी पुलिस अधिकारियों के मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न होगा। इस नये थाना के उद्घाटन के बाद नये थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी बढ़ जायेगी। सबसे अधिक अवैध खनन, परिचालन, शराब तस्करी, सोन दियारा में शराब बनाने समेत अन्य की जिम्मेवारी होगी। पहले यह बड़हरा थाना के क्षेत्राधिकार में था अब अलग थाना हो जाएगा।

### सारण के शिक्षक बक्शी विकास और गोप की प्रस्तुति ने पटना में मचाया धमाल

**रसूलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार दिवस पर पटना गांधी मैदान के कला संस्कृति मंच पर सारण के शिक्षकों को भी कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका मिला।परसा प्रखंड स्थित जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर कालेज परसौना के संगीत शिक्षक बक्शी विकास , आदित्या व आर एन हाईस्कूल योगिया के शिक्षक सह लोकगायक रामेश्वर गोप की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।भिखारी ठाकुर रचित बिदेशिया नाटक के संपादित नाट्य गीतों में बिदेशी की भूमिका में बक्शी विकास व प्यारी सुन्दरी की भूमिका में आदित्या की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना हुई। लोकगायक रामेश्वर गोप द्वारा प्रस्तुत भिखारी ठाकुर रचित बारहमासा, महेंद्र मिसिर रचित पूर्वी के साथ चैती व झूमर सुन लोग झूम उठे। उद्घोषिका ईशा स्वर्णकार ने एकरिंग की। सहयोगी कलाकारों में ढ़ोलक पर शशि भारती, झाल पर बलिराम भारती आदि की भूमिका भी सराहनीय रही। मालूम हो कि बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग और बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बिहार दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार के कलाकार शिक्षकों को भी शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुति के लिए चयन किया गया है।

## महादलित टोला में शिविर लगाने का निर्देश

**आरा (नबिटा संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार आरा में डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिलास्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुआ। बैठक में महादलित टोलों में आधार से आच्छादन की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग से प्राधिकृत एजेंसी के 27 में से 16 आधार ऑपरेटर क्रियाशील हैं। इसी प्रकार, शिक्षा विभाग द्वारा 06-18 आयु वर्ग के बच्चों का आधार बनाया जाता है, जिसमें वर्तमान में 28 में से 20 ऑपरेटर क्रियाशील हैं। डाक विभाग के माध्यम से 0-5 आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन के लिए 32 ऑपरेटर उपलब्ध हैं। डीएम ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि वे आपस में समन्वय स्थापित कर महादलित टोलों में विशेष शिविर आयोजित करें। मौके पर डीडीसी, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने भोजपुर के 3463 लाभुकों के बैंक खाते में अंतरित किये 13.85 करोड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** 24 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे ग्रामीण विकास विभाग, पटना से मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार श्रवण कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य के कुल 75,269 आवासों को स्वीकृति प्रदान करते हुए लाभुकों के बैंक खातों में कुल तीन खरब एक करोड़ सात लाख साठ हजार रुपये की प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई। भोजपुर जिले के अंतर्गत कुल 3,463 लाभुकों के बैंक खातों में कुल तेरह करोड़ पचासी लाख बीस हजार रुपये की प्रथम किस्त हस्तांतरित किए गए। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह द्वारा सांकेतिक रूप में कोईलवर प्रखंड के पांच लाभुकों-तोसमी देवी, लक्ष्मीना देवी, रविंद्र कुमार सिंह, शिवजी प्रसाद एवं राहुल प्रसाद को आवास पूर्ण होने के उपरांत चाबी प्रदान की गई। इसके अलावा, बड़हरा प्रखंड के 5 लाभुकों उषा देवी, मीरा देवी, मंजु देवी, केसरी कुंवर एवं पिंटू गिरी को स्वीकृत्यादेश प्रदान किया गया।

## लघु उद्यमी योजना के तहत 974 लाभुको को मिली प्रथम किश्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में उद्योग विभाग अंतर्गत संचालित बिहार लघु उद्यमी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जाति आधारित जनगणना सर्वेक्षण के आधार पर 6000 तक की आय वाले सभी वर्गों के गरीब परिवारों को 2,00,000 तक की राशि व्यापार करने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भोजपुर जिले में कुल 974 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 50,000 की राशि का भुगतान किया गया है, जबकि द्वितीय किस्त के रूप में कुल 387 लाभुकों को 1,00,000 की राशि दी गई है। डीडीसी ने लाभुकों को तृतीय किस्त शीघ्र प्रदान करने का निर्देश दिया तथा महादलित टोलों में आयोजित शिविरों में इस योजना के प्रचार-प्रसार का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि महादलित टोले के लाभुकों को विशेष रूप से चिन्हित कर योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## विश्व यक्ष्मा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** विश्व यक्ष्मा दिवस पर सोमवार को सामुदायिक अस्पताल कोइलवर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विभाग के कर्मचारी, एएनएम व चिकित्सकों ने जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान टीबी बीमारी होने से पूर्व के लक्षणों को बताया गया। सुबह में विश्व यक्ष्मा दिवस के कार्यकमों का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर अस्पताल के चिकित्सक के अलवे विभाग के कई कर्मचारी मौजूद थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने 2025 तक इस बीमारी का उन्मूलन का टास्क दिया है। इसमें सभी को लगकर पूरी निष्ठा से काम करना होगा। साथ ही कहा कि निजी दवा दुकानों को भी टीबी मरीजों का रिकॉर्ड रखना है। इस काम में सभी ड्रग इंस्पेक्टर की जवाबदेही तय होगी। साथ ही कहा कि तकनीकी कर्मचारियों को अधिक से अधिक टीबी मरीजों को खोज कर इलाज करवाने व दवा खाने वाले मरीजों को पोर्टल पर बैंक खाता अपलोड करवाने को कहा।

## रोजेदारों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की व अमन-चैन की मांगी दुआएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा (सारण)।** रमजान-उल-मुबारक के पावन महीने में रविवार को 22वें रोजा के अवसर पर एकमा विधायक श्रीकांत यादव द्वारा नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर स्थित अपने आवास परिसर में भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, एकमा जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इकबाल, अब्दुल जब्बार, राजद नेता सुभाष यादव, अवधेश यादव, कन्हैया यादव, जितेन्द्र यादव, उपेंद्र यादव, उमाकांत यादव, आलम खान, वकील यादव, राजेश्वर यादव, राजेश कुमार, मनन खान, अहमद अली, डॉ बाबूजान, कामरेड रविन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों रोजेदार, राजद नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं मीडिया कर्मी शामिल हुए। इससे पूर्व, एकमा स्थित जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद तबारक हुसैन एवं अहमद अली नेताजी ने रोजेदारों के साथ विधायक श्रीकांत यादव के आवास की छत पर नमाज अदा कर देश की तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगी।

**भाईचारे का दिखा अनूठा नजारा**

इस इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। मगरिब की अजान के बाद सभी रोजेदारों ने विधायक श्रीकांत यादव के साथ रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इकबाल ने कहा कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक महीना रहमतों और बरकतों से भरपूर होता है।

**विधायक ने दिया हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश**

विधायक श्रीकांत यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हैं।

## सारण के छात्र ने राज्यस्तरीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** बिहार दिवस 2025 के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना एवं द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन द्वारा आयोजित गणित ओलंपियाड (कक्षा नवम से बारहवीं वर्ग) में सारण जिला के दिघवारा प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय झौवां के कक्षा नवम के छात्र प्रणव भूषण ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, डीपीओ समग्र शिक्षा प्रियंका रानी, मीडिया समन्वयक डॉ अजय कुमार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का नाम रोशन करने वाले विजेता छात्र प्रणव भूषण और उनके मार्गदर्शक गणित शिक्षक नसीम अख्तर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षक नसीम अख्तर ने बताया कि प्रणव भूषण अत्यंत मेधावी छात्र हैं और विद्यालय स्तर पर भी हमेशा गणित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रणव ने इस सफलता से न केवल विद्यालय बल्कि जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। वहीं विद्यालय प्रधानाध्यापक विजय अमृत प्रसाद, शशिकांत प्रसाद, रंजन कुमार मांझी, अनिल कुमार सिंह, राज नारायण यादव, अभिषेक कुमार के अलावा शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, कमल कुमार सिंह आदि अन्य शिक्षकों ने भी प्रणव को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उधर छात्र प्रणव को पटना में सम्मानित करते हुए ओलंपियाड प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के राज्य स्तरीय सदस्य एस एस खड़े, के सी सिन्हा व डॉ विजय कुमार आदि ने भी उसकी उपलब्धि की सराहना की है।

## कायमनगर सड़क पर कचरे का लगा अंबार

### स्कूली बच्चे सहित राहगीर हो रहे परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** बक्सर-पटना फोरलेन पर अवस्थित कायमनगर बाजार के समीप सड़क पर कचरा जमा होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। राहगीर सहित स्कूली बच्चे ज्यादा परेशान हैं। ग्रामीण धर्मात्मा शर्मा ने बताया कि कायमनगर में दो जगह है, जहां सड़क पर कचरा जमा होने से ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में एनएचआई के निरीक्षण अधिकारी मंटू कुमार से दूरभाष पर जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि 20-25 दिन पहले जेसीबी से कचरा साफ कराया गया था। एनएचआई के द्वारा हमेशा कचरा साफ कराया जाता है पर ग्रामीणों तथा दुकानदारों के द्वारा बार-बार कचरा फेंक दिया जाता है। ग्राम पंचायत को इसकी देख-रेख करनी चाहिए। इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष के जरिए कायम नगर पंचायत के मुखिया पति सह मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि पंचायत से उठाओ होने वाले कचरा वहां नहीं फेंका जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत में कचरा भवन का निर्माण जल्द होने वाला है। उसके बाद इस समस्या से ग्रामीणों को निजात मिल जाएगा।

## जनहित परिवार का 25वां रजत जयंती समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** शहर के पकड़ी, आरा में जनहित परिवार भोजपुर का 25वां वार्षिक अधिवेशन एवं रजत जयंती समारोह 2025 का आयोजन हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में साहित्यकार गायत्री सहाय व जगत नंदन सहाय की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कवि गोष्ठी, नाट्य संगीत सम्मेलन, दीपोत्सव एवं सहभोज का आयोजन हुआ। उद्घाटन साहित्यकार अरुण मोहन भरवी ने किया। तत्पश्चात कवियों ने अपनी नूतन नवीन कविताओं का पाठ किया। दूसरे सत्र में नाट्य संगीत सम्मेलन हुआ। जिसमें भानु जी ने जगत नंदन सहाय एवं गायत्री सहाय के गीतों का सस्वर ज्ञान किया। मौके पर बक्शी विकास के शिष्यों ने भिखारी ठाकुर की रचित विदेशिया एवं कथक नृत्य की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों में रविशंकर, स्नेहा पांडेय, सौम्या जैन, राका श्रीवास्तव, दिपतारा श्रीवास्तव, सिद्धि सागर, विनीता कुमारी, रितिका कुमारी आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर जनहित परिवार पत्रिका का 44वां रजत जयंती अंक का लोकार्पण एवं कार्टूनिस्ट हरे राम सिंह का कार्टून प्रदर्शनी का उद्घाटन आरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ रेणु मिश्रा ने स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का योगदान, अधिवक्ता दाऊजी पांडेय ने घरेलू हिंसा कानून में महिलाओं का संरक्षण तथा रांची झारखंड से आए डॉ अजय ओझा ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में क्यों शामिल किया जाए विषय पर आलेखों का पाठ किया। अपने वक्तव्य में अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अपने सीमित साधनों के बावजूद जनहित परिवार ने 25 वर्षों तक अनवरत समाज की सेवा कर अपनी पहचान बनाई है। विशिष्ट अतिथियों में पद्म विभूषण से सम्मानित पत्रकार डॉक्टर भीम सिंह भवेश, मेयर इंदु देवी, जगदीशपुर के पूर्व विधायक भाई दिनेश, पत्रकार अजय ओझा, पूर्व प्रचार्या डॉ कमल कुमारी सिंह व अन्य ने सभा को संबोधित किया। काव्य पाठ करने वालों में डॉ किरण कुमारी, बक्सर से मीरा सिंह मीरा, लक्ष्मीकांत मुकुल, ओम प्रकाश मिश्र, अजय अज्ञानी, चंद्रशेखर मिश्र, रमेश सिंह, राजाराम प्रियदर्शी, भानु प्रताप सिंह, अशोक श्रीवास्तव, बृजमोहन त्रिपाठी आदि प्रमुख थे। मंच का संचालन अरविंद सिंह, अतुल प्रकाश तथा नंदकिशोर सिंह कमल ने किया।

## भूगोल विभाग और नई आशा का सर्वेक्षण विभागों के लिए प्रेरणा श्रोत : प्रो. धीरेन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा।** महाराजा कॉलेज, आरा के पी.जी. भूगोल विभाग और एनजीओ 'नई आशा' के संयुक्त तत्वावधान में उदवंतनगर प्रखंड के चैराई मुसहर टोला, में आयोजित 5-दिवसीय सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का आज सफल समापन हुआ। समापन समारोह में वीर कुंवर सिंह विवि स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता पी.जी. भूगोल विभागाध्यक्ष महाराजा कॉलेज प्रो. संजय कुमार तथा संचालन पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने किया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शराबबंदी पर जोर कार्यक्रम में 'हमरा टोला शराब ना बिकाई' नाटक का मंचन किया गया, जिसमें पर विनय, करण, चांदनी, राहुल, प्रगति, वीणा, आकांक्षा, मधु, अंकित, और नितीश द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें शराब की सामाजिक बुराइयों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गय। डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह ने सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा गाँव के बच्चों को किताबें, कॉपियाँ, पेंसिल, पेन और टॉफियाँ वितरित की गईं। शिक्षकों ने गाँव के सभी घरों में एलईडी बल्ब दान किए, जिससे गाँव में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह का शोधकार्य अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने कहा कि समाज के वास्तविक मुद्दों को समझने और समाधान निकालने में यह आर्थिक एवं सामाजिक सवेक्षण काफी कारगर होगा। इस अभियान में शामिल संस्था एवं विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रो. संजय कुमार ने कहा कि पांच दिनों के इस शोधकार्य के दौरान एकत्रित प्राथमिक डेटा का विश्लेषण कर रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी, जिससे यह अध्ययन शैक्षणिक और नीति-निर्माण स्तर पर सहायक साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने सभी छात्रों, शिक्षकों, एनजीओ प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और इस अभियान को एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सिंह, डॉ विशाल आनंद, काजल कुमारी, कुंदन कुमार सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य एवं एनजीओ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

CMYK

# खेल मैदान के निर्माण हेतु अंचल स्तर पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र कराएं उपलब्ध : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सभा भवन में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई, जिसमें उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक, लेखा, प्रशासन एवं स्वनियोजन, निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चले रहे सर्वे कार्य में अनुसूचित जाति/जनजाति की जिले में औसत संख्या मात्र 19.08 प्रतिशत है। जिसमें 16 प्रखण्डों में जिले के औसत से भी



कम भागीदारी है। खेद व्यक्त करते हुए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पहल करते हुए सभी महादलित बस्ती में अनुसूचित जाति/जनजाति का सर्वे कराकर सर्वे में उनका प्रतिशत बढ़ाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष-2024-25 में जिन लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि दी गई है, उन्हें नियमानुसार द्वितीय/तृतीय किस्त की राशि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। मनरेगा के तहत खेल मैदान के निर्माण हेतु अंचल स्तर पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र लंबित है। सभी अंचल अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर सभी लंबित अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अंचल स्तर पर कुछ अनापत्ति प्रमाण-पत्र लंबित है। सभी अंचल अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर सभी लंबित अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अंचल स्तर पर कुछ अनापत्ति प्रमाण पत्र लंबित है। सभी अंचल अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर सभी लंचित अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने के बावजूद कहीं-कहीं ग्रामीणों द्वारा अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है, जिसके कारण योजना कार्य लंबित है। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया है कि अपने अनुमण्डल पदाधिकारी को संज्ञान में देते हुए समस्या का समाधान कराने का निदेश दिया गया।सोलर स्ट्रीट लाईट प्रथम/द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में ग्राम पंचायतों में अधिष्ठापित किया जाना है। समीक्षा के क्रम सभी प्रखण्ड पंचायती राज को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सोलर स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कराते हुए नियमानुसार भुगतान कराना सुनिश्चित करें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर उक्त कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमण्डल पदाधिकारियों को उपरोक्त पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक कर संबंधित योजना में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

## जिले में भजनौस के द्वारा मनाया गया शहादत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) के द्वारा पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न अंचलों में शहीद ए आज़म भगत सिंह राजगुरु सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया मोतिहारी चांदमारी स्थित जिला कार्यालय में ओमप्रकाश कुमार के अध्यक्षता में तीनों शहीदों के तेल चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके याद में गगनभेदी नारा लगाया गया उसके बाद नौजवान सभा के राज्य उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने भगत सिंह के जीवनी पर विस्तार से चर्चा की और आज के समय में भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी व्यक्तित्व के पद चिन्ह पर चलकर साम्राज्यवाद सांप्रदायिकता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं को गुलबंद करने का आह्वान किया। रामगढ़वा में आधार अंसारी, सुगौली में पिंटू यादव, कोटवा में मुन्ना राम,मोतिहारी मेंओमप्रकाश कुमार, केसरिया में संजीत कुमार, कल्याणपुर में सुभाष कुशवाहा, संग्रामपुर में संदीप प्रजापति, ढाका में सत्येंद्र कुमार सूर्य के अध्यक्षता में शहादत दिवस संपन्न हुआ। सभी कार्यक्रमों में सतेंद्र कुमार मिश्रा, बंकिम चंद्र दत्त, संतोष कुमार, ध्रुव त्रिवेदी, शंभू शरण यादव, पूर्व जिला पार्षद ब्रजकिशोर गुप्ता, समसुल हक अंसारी, दीपक कुमार, पंकज कुमार सरपंच, सुधांशु कुमार शेखर ने विचार व्यक्त किया।

## कटे होंठ और तालु वाले बच्चों के इलाज की शुरुआत, जिले के 40 बच्चों की स्क्रीनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत चिह्नित कटे होंठ और तालु से पीड़ित बच्चों के इलाज की शुरुआत रक्सौल के डंकन हॉस्पिटल में शुरू हो गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), डंकन हॉस्पिटल के प्रबंधक और आरबीएसके के जिला समन्वयक (डीसी) ने वार्ड में जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग और इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने डॉक्टरों, परिजनों और स्टाफ नर्सों से भी जानकारी हासिल की। सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि कटे होंठ और तालु वाले बच्चों का मुफ्त इलाज अभिभावकों के चेहरों पर मुस्कान ला रहा है। उन्होंने इसे खुशी की बात बताते हुए कहा कि जिले में ही इस तरह की सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को परेशानियों से राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया कि 8 जिलों से 36 एंबुलेंस के जरिए 122 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। इनमें पूर्वी चंपारण से 40, पश्चिमी चंपारण से 22, सीतामढ़ी से 19, मधुबनी से 17, दरभंगा से 15, मधेपुरा से 6 और मुजफ्फरपुर से 3 मरीज शामिल थे। कुछ बच्चों की सफल सर्जरी भी की जा चुकी है, जिसमें सबसे अधिक बच्चे पूर्वी चंपारण से हैं। डीपीएम ने आगे बताया कि डंकन हॉस्पिटल में प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम द्वारा कटे होंठ और तालु की सर्जरी मुफ्त की जा रही है। साथ ही मरीजों और परिजनों के लिए भोजन व ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ. शशि मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जन्मजात दोष, कमी, और बाल रोगों की समय पर पहचान कर बच्चों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। कटे होंठ और तालु का ऑपरेशन बिहार सरकार के खर्च पर किया जाता है। इसके लिए आरबीएसके की टीम आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों की जांच करती है। चिकित्सकों के अनुसार, यह जन्मजात बीमारी कई बच्चों में देखी जाती है और समय पर इलाज न होने से यह जटिल हो सकती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दिल में छेद सहित 42 प्रकार की बीमारियों से ग्रसित बच्चों के इलाज की व्यवस्था पटना और अहमदाबाद जैसे स्वास्थ्य संस्थानों में भी की जाती है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, आरबीएसके डीसी डॉ. शशि मिश्रा, डंकन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रभु जोसेफ, समीर दुग्गल, समीना सईद, डॉ. जोश जॉन, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को टीबी से बचाव के बताए गए उपाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला यक्ष्मा केंद्र, सदर अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बैनर, पोस्टर और नारों के माध्यम से आमजन को टीबी के प्रति जागरूक किया। जिला यक्ष्मा केंद्र के अमरेंद्र कुमार और अनिल कुमार ने लोगों से टीबी के लक्षण छुपाने के बजाय तत्काल जांच कराने की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा, हमने ठाना है, जिले को टीबी मुक्त बनाना है और प्रधानमंत्री का यही सपना, टीबी मुक्त हो भारत अपना जैसे नारे लगाए। विश्व यक्ष्मा दिवस पर सिविल सर्जन (सीएस) ने बताया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को निम्नलिखित लक्षण हों, तो उसे तुरंत जांच करानी चाहिए– दो सप्ताह या अधिक समय से लगातार खांसी आना, बुखार और रात में अत्यधिक पसीना आना, बलगम में खून आना, भूख कम लगना और वजन में गिरावट, शारीरिक थकान महसूस होना इत्यादि शामिल है। स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की जांच, इलाज और दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा, सरकार टीबी मरीजों को पोषण सहायता के रूप में प्रति माह 1000 की आर्थिक मदद भी देती है। सीडीओ डॉ. संजीव ने बताया कि संतुलित आहार लेने और साफ-सफाई का ध्यान रखने से टीबी से बचाव संभव है। जागरूकता अभियान में अनिल कुमार, अमरेंद्र कुमार, कौशल कुमार, अरविंद कुमार, विभा कुमारी, आशा देवी, मनु सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## जनसुराज की व्यवस्था परिवर्तन रैली में 25 हजार जनसुराजी लेंगे भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जनसुराज पार्टी कार्यालय मोतिहारी में प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि, जिला प्रभारी राघवेंद्र पाठक की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष राम शरण यादव की अध्यक्षता में जिला संगठन पदाधिकारी, अनुमंडल संगठन पदाधिकारी, प्रखण्ड संगठन पदाधिकारी, महिला संगठन पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रवक्ता कार्यसमिति सदस्य की बैठक हुई, इस बैठक में 11 अप्रैल 2025 को गांधी मैदान, पटना में व्यवस्था परिवर्तन रैली को सफल बनाने हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने सभी पदाधिकारी को टास्क दिया, मोतिहारी जिला से 25 हजार जनसुराज कार्यकर्ताओं को गांधी मैदान पटना में ले जाना है। इस बैठक में शामिल वीर महतो, कुसुम देवी, कृष्ण कांत मिश्रा, पप्पू मिश्रा, रवीश मिश्रा, सुधा वर्मा, रजिया खातून, रीना रॉय, ऋतु रंजन, प्रकाश सिंह, काका, विजय कुमार गुप्ता, विजय कुशवाहा, अंशु जायसवाल, संजय सिंह, संजय शुक्ला,राजेश मिश्रा, सुबोध तिवारी, श्याम सहनी, लालधारी महतो, इत्यादि हुए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेल खंड पर कान में ईयरफोन लगाकर रेलवे लाइन क्रॉसिंग पार कर रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई द्य उक्त मृतक की अगले महीने शादी होनी थी, जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही थीं। लेकिन इस हादसे से पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल गईंद्य दर्दनाक हादसा मोतिहारी में उस समय हुआ। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब कान में ईयरफोन लगाकर गाना सुनते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने शादी की तैयारी में जुटे परिवार को गहरे शोक में डुबो दियाद्य मामला मुज़फ्फरपुर नरकटियागंज रेलखंड के बलुआ ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग के पास का है। घटना की सूचना मिलते ही रेल थानध्यक्ष संतोष कुमार



दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच बताया कि उक्त मृतक उक्त मृतक जिले के गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के झखरा निवासी अशोक सिंह का पुत्र रवि कुमार सिंह के रूप में पहचान हुई है। यहां बता दे कि उक्त मृतक तीन भाई और एक बहन था, जिसमे बड़ा भाई एसएसबी में कार्यरत हैद्य वही वह भाई में दूसरा स्थान पर थाद्य वह अल्केम साइटों कम्पनी में दवा प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थाद्य वही मृतक के पिता अशोक सिंह पुलिस विभाग में दरोगा के पद से गत 28 फरवरी को रिटायर हुए थेद्य उसे इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि मुजफ्फरपुर से आ रही बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन तेज रफ्तार से उसी पटरी पर आ रही है। ट्रेन की आवाज उसे सुनाई नहीं दी और ट्रेन से जोरदार टक्कर लगते ही उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक रवि कुमार मोतिहारी के आजाद नगर में रहकर दवा का कारोबार करता था। वही अगले माह 30 अप्रैल को उसकी शादी तय हुई थी। घर परिवार में शादी की तैयारियों का माहौल था। रिश्तेदार जुटने लगे थे, खरीदारी चल रही थी, घर में उत्सव की तैयारी थी। लेकिन एक पल में सपनों का घर उजड़ गया और शहनाई की जगह मातम की चीखें गूंज उठीं। वही बापूधाम रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा उसके परिजनों को सौंप दिया।

## रेलवे गुमटी 33, 34 व 18 पर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिलना भाजपा की गारंटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** सीमावर्ती शहर रक्सौल के सड़कों पर रेल फाटक संख्या 33, 34 व 18 पर केन्द्र सरकार के ओवरब्रिज निर्माण की मंजूरी दिया जाना क्षेत्रीय भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल का अथक प्रयास व एनडीए सरकार की गारंटी का फल है। उक्त बातें हरैया स्थित विधायक आवास भाजपा कैम्प कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कही। उन्होने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व इस ओवरब्रिज का शिलान्यास भी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व क्षेत्रीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल करेंगे। रेल ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अंतिम स्वीकृति तब मिली जब रेल




मंत्री हाल ही में बेतिया आए थे। इस दौरान स्थानीय सांसद श्री जायसवाल व स्थानीय विधायक श्री सिन्हा ने उन्हें रक्सौल की सड़क जाम की विकट ज्वलांत समस्या से रूबरू कराते रक्सौल में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र कराये जाने का आग्रह किया था। इसके बाद रेल मंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को निर्देश दिया कि इस मामले को प्राथमिकता दी जाए व आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जाएं। अंततः आखिकार रक्सौल के रेलवे गुमटी संख्या 33, 34 और 18 पर बनने वाले ओवरब्रिज को मंजूरी मिल गयी। विडंबना है कि दो दशक पूर्व शहर के दो रेल फाटक संख्या 33 व 34 का शिलान्यास 21 साल पहले 2004 में बिहार के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव के पिता तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने वगैर स्वीकृती के कर दिया था। तब से शहर में जाम कि समस्या सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ी थी जिसे भेजा की सरकार ने एक अतरिक्त रेल फाटक कुल तीन पर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति देकर सीमावर्ती नागरिकों को सड़क जाम से मुक्ति दिलाने का काम किया है।सीमाई लोगों के लिये उक्त रेल फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण किसी सपने के सच होने जैसा है। खासकर रेलवे गुमटी संख्या 33, व 34 जो अत्यंत व्यस्त फाटक है। वहां आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती थी। उस रेल फाटक पर ट्रैफिक का भारी दबाव विकट हो गई है। रोजाना इस रेलवे फाटक पर हजारों वाहनों की लंबी कतार लगती है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। ओवरब्रिज बनने से लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। साथ ही भारत नेपाल का ब्यापारीक सम्बन्ध और प्रगाढ़ होगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, राकेश कुशवाहा, अजय पटेल, रिंकू पांडये, मृत्युंजय सिंह, सहित अन्य भाजपा संगठन के अधिकारी उपस्थित थे।

## अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की एसडीओ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** पकड़ीदयाल अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल सभागार में आयोजित की गई। सर्वप्रथम पिछले बैठक में सदस्य द्वारा उठाए गए मामलों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया । तत्पश्चात बैठक में उपस्थित माननीय सदस्य श्री लालबाबू सिंह, मनोज कुमार सिंह एवं सदस्यों के द्वारा कछुआ मोती नदी के उड़ाही हेतु अनुरोध किया गया जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग से पत्राचार करने हेतु कार्यवाहक



सहायक को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित माननीय सदस्या किरण कुमारी द्वारा बहुआरा बाजितपुर रोड में लोहा का पुल जर्जर होने के कारण आम लोगों के आवागमन में परेशानियों के बारे में अवगत कराया गया। उक्त के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा को संबंधित विभाग से पत्राचार हेतु निर्देशित किया गया।

## जहानाबाद जिले के पात्र लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं मिशन गृह प्रवेश के तहत सौंपी गई प्रतीकात्मक चाभी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में जिला को प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के विरुद्ध 412 लाभुकों का प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन के सभा कक्ष में आयोजित किया गया । इस अवसर पर विभिन्नय प्रखंडों से आए लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया । साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्व में प्राप्त लक्ष्य से आवास पूर्णता वाले



लाभुकों को उप विकास आयुक्त द्वारा प्रतीकात्मक चाभी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा तीन माह के अंदर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा लाभुकों को बताया गया कि मनरेगा के अभिसरण से 90 दिनों का मजदूरी भुगतान संबंध में बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों से शौचालय का निर्माण निश्चित कराने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्व नियोजन, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम भी उपस्थित थे।

## कुर्की वारंट के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने कोहरा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपित संजय मांझी को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि कोहरा गांव निवासी संजय मांझी काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय से कुर्की का वरांट निर्गत था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद सदर अस्पताल में परिवार नियोजन पखवाड़ा पर मेला का आयोजन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन जहानाबद डॉ. देवेन्द्र प्रसाद एवं डॉ प्रमोद कुमार सिंह, कार्यकारी अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला प्रोग्राम प्रबंधक मो. खालिद हुसैन, जिला सामुदयिक उत्प्रेरक धीरज कुमार, अस्पताल प्रबंधक रितिका, एपिडेमोलॉजिस्ट अलोक कुमार सहित कई अन्य लोग भी सम्मलित हुए। उस दौरान सिविल सर्जन डा. देवेन्द्र प्रसाद के द्वारा बताया गया कि पुरुष नसबंदी काफी सरल एवं आसान है। जहानाबाद जिला में मिशन परिवार विकास के तहत 10 से 29 मार्च 2025 तक परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गर्भनिरोधक साधनों की पहुंच बढ़ाना, समुदाय को जागरूक करना और योग्य दंपतियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार परिवार नियोजन अपनाने के लिए सक्षम बनाना है। सिविल सर्जन डॉ देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन न केवल महिलाओं को यह अधिकार देता है कि वे कब और कितने बच्चे चाहती हैं, बल्कि यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। यह गरीबी को कम करने, शिक्षा के अवसर बढ़ाने और सतत जनसंख्या वृद्धि सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## एक नजर

### मानसिक विक्षिप्त महिला को उमता धरनई थाने की पुलिस ने परिवार से मिलाया

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के उमता धरनई थाना की पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को उसके परिवार तक पहुंचाया। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात उमता गांव में एक महिला भटक रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे थाना लाकर उसके पहचान की कोशिश शुरू की। वहीं इस दौरान सोमवार को महिला के भाई एवं भतीजा आकर थाने से ले गए। उन्होंने बताया की बेलागंज थाना क्षेत्र के हरिगांव निवासी गुड़िया कुमारी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। वो भटककर उमता आ गई थी। वहीं पुलिस ने उसकी पहचान कर उसके भाई उमेश प्रसाद एवं भतीजा शिव शंकर प्रसाद को थाना बुलाकर सुपुर्द कर दिया। वहीं थानाध्यक्ष द्वारा किए गए इस कार्य का लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

### घायल मजदूर के लिए देवदूत बने समाजसेवी प्रकाश सिंह

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेश जा रहे एक मजदूर के लिए समाजसेवी प्रकाश सिंह संकटमोचक बनकर सामने आए। प्रखंड क्षेत्र के महुआवा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर सात निवासी भूटेली पासवान (44), पिता मोहन हाजरा, मजदूरी के लिए रक्सौल स्टेशन से ट्रेन पकड़कर दूसरे राज्य जा रहे थे। यात्रा के दौरान बक्सर स्टेशन पर पानी लेने के लिए उतरे और रेल लाइन पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय रेल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण भूटेली पासवान इलाज कराने में असमर्थ थे। उनके पास घर लौटने तक के पैसे नहीं थे। घायल मजदूर ने महुआवा पश्चिमी पंचायत के मुखिया निसार अहमद से दूरभाष पर संपर्क किया। मुखिया ने समाजसेवी प्रकाश सिंह से मदद की अपील की। प्रकाश सिंह ने बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल और बिहार सरकार के स्वास्थ्य सचिव से संपर्क कर मजदूर के इलाज एवं घर वापसी की व्यवस्था सुनिश्चित की। सदर अस्पताल में भर्ती मजदूर के परिजनों ने प्रकाश सिंह को देवदूत बताते हुए कहा कि उनकी तत्परता से समय पर इलाज संभव हो पाया, जिससे मजदूर अब खतरे से बाहर है। इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में चहुंओर सराहना हो रही है और लोग प्रकाश सिंह के सेवा भाव की प्रशंसा कर रहे हैं।

### आदापुर चौकीदार निलंबित: ड्यूटी में लापरवाही का आरोप

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय थाना प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने आदापुर थाना के चौकीदार अच्छेलाल कुमार को निलंबित कर दिया है। चौकीदार पर ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, अच्छेलाल कुमार पर वारंटियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सहयोग न करने, शराब बरामदगी में मदद न करने और इन मामलों की गोपनीयता भंग करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। थाना प्रभारी की शिकायत के बाद एसपी ने यह कार्रवाई की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**पालीगंज (पटना)।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित धरहरा मोड़ के पास पालीऽपटना मुख्य मार्ग पर एक महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान पालीगंज महाराजगंज मुसहरी निवासी महेंद्र मांझी की 35 वर्षीय पत्नी जासो देवी के रूप में हुई है। महिला के ठुड्डी और मुंह से खून निकल रहा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया।

### रुद्रा टोयोटा लोन एक्सचेंज मेले का आयोजन

**मोतिहारी।** रुद्रा टोयोटा द्वारा सोमवार को लोन एक्सचेंज मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया। मेले में टोयोटा गाड़ियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सेल्स मैनेजर रोशन कुमार गिरी ने कहा कि कंपनी की मुख्य प्राथमिकता ग्राहकों का विश्वास जीतना है। उन्होंने कहा, हमारे ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई से वाहन खरीदते हैं। यदि वे संतुष्ट होते हैं, तो हम इसे अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ग्राहकों को बेहतर सेवा देना और उनकी जरूरतों को समझना ही हमारी सफलता का आधार है। मेले में ग्राहकों की गाड़ियों की बुकिंग और लोन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारियां लेने को लेकर भारी भीड़ देखी गई। ग्राहकों ने बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजों और एक्सचेंज ऑफर्स के बारे में पूछताछ की। लोन सुविधाओं और अन्य वित्तीय योजनाओं को लेकर भी ग्राहकों ने रुचि दिखाई। इस मौके पर एनएसएम रौनक नथानी, सत्य प्रकाश, भारतेंदु कुमार, मनीष कुमार, राजू दुबे, शिवम सिंह सहित कई अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित थे।

### सर्वे कार्य को लेकर भू-स्वामियों में असमंजस, अंतिम तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे कार्य को लेकर भू-स्वामियों और रैयतों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। राजस्व विभाग द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन में प्रपत्र-2 जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि विभागीय मंत्री द्वारा पिछले माह की गई घोषणा के अनुसार यह तिथि नवंबर तक बढ़ाई गई थी। तिथियों में इस भिन्नता के कारण भू-स्वामी और रैयत परेशान हैं। संसाधनों और कर्मियों की कमी के बावजूद गांवों में किश्तवाड़ (भूमि मापी) का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इसके तहत वारिसपुर मौजा (थाना नंबर-99) में किश्तवाड़ कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि सोमवार से हसनपुर मौजा में यह कार्य शुरू किया जाएगा। स्थानीय किसान प्रमोद कुमार ने बिना सीमांकन किए किश्तवाड़ करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीमांकन के बिना यह प्रक्रिया अधूरी रहेगी। वहीं, सरथुआ के किसान सुनील कुमार ने अधूरी तैयारियों के बीच सर्वे कार्य शुरू करने को भू-स्वामियों के साथ अन्याय बताया। भू-स्वामियों ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि उनकी परेशानियों का समाधान हो सके।

### छह वारंटी गिरफ्तार, पांच को जेल

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापामारी कर छह वारंटियों को गिरफ्तार की है। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में मठिया बरियारपुर का बच्चा महतो व वकिल राय, झखरा का नन्दु हजरा व कुणाल सहनी, पड़ौलिया का जगत दास व पंडीतपुर का श्रवण महतो शामील हैं। हालांकि इन में से एक श्रवण महतो को बेल स्लीप पर छोड़ दिया गया है। बल्कि सभी पांच वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### डीएम ने की जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सेना के पुराने पदाधिकारीयो की शिकायतों और मांगों को सुनी गई। जिलाधिकारी के द्वारा सेवानिवृत सैनिको की मांगों पर सभी जरूरी कार्रवाई का निर्देश जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी,जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मत्स्य प्रत्यक्षण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी।** जिला मत्स्य कार्यालय मोतिहारी के प्रांगण में एक दिवसीय मत्स्य प्रत्यक्षण - सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि विनोद कुमार उप मत्स्य निदेशक तिरहुत परिक्षेत्र मुजफ्फरपुर, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रही जिला मत्स्य पदाधिकारी डा. नूतन, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी, गोडवा पंचायत के माननीय मुखिया राजू बैठा, लखौरा पंचायत के मुखिया ध्रुव सहनी, मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि. पिपराकोठी के मंत्री, रविन्द्र सहनी, मत्स्य वैज्ञानिक, आदित्य कुमार एंव विभिन्न प्रखंडो से आए मत्स्य कृषकों का अभिवादन किया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा, राज्य योजना एंव केन्द्र योजना, केसीई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को सौंपी चाभी और स्वीकृति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** सोमवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्यभर के 75,000 परिवारों को प्रथम किस्त के रूप में 1,155.37 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा (भा.प्र.से.) ने गोरवा प्रखंड के 11 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इनमें शामिल हैंः काजल कुमारी (पति दिलीप राय), ममता देवी (पति राम बहल राय), बबीता देवी (पति मोहन कुमार सिंह), कुमारी रूपम (पति राकेश कुमार सिंह), दीपा कुमारी (पति हरिचंद्र कुमार), मीरा कुमारी (पति संतोष कुमार) गीता देवी (पति बिंद भगत), रीना देवी (पति रामबाबू चौधरी), सुनीता देवी (पति नवल चौधरी), अंजुम फिरदौस (पति शरफुर रहमान), मो. तरन्नुम बानो (पति मो. जियाउल)।




इसके अलावा, पूसा प्रखंड के 5 लाभुकों, जिनके आवास निर्माण पूर्ण हो चुके हैं, को प्रतीकात्मक चाभी सौंपी गई। लाभुकों में संगीता देवी (पति अजय साह), सुमन देवी (पति महेश ठाकुर), कल्पना देवी (पति नरेश कुमार झा), अंबिका देवी (पति वैद्यनाथ झा), सुमिया देवी (पति चंद्रमणि सिंह) शामिल है।

**समस्तीपुर जिले को मिले 44,870 आवास के लक्ष्य**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्तीपुर जिले को 44,870 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक दो चरणों में 40,113 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है।

24 मार्च 2025 को ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा समस्तीपुर जिले के 2,831 लाभुकों को 11.32 करोड़ की प्रथम किस्त जारी की गई। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 37,970 लाभुकों का सत्यापन पूरा हो चुका है, जिनके खातों में जल्द ही राशि भेजी जाएगी। समस्तीपुर जिले में अब तक 5,240 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जिससे यह राज्य में आवास निर्माण पूर्णता के मामले में दूसरे स्थान पर है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी, परियोजना पदाधिकारी-सह-निदेशक (राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम) हरिमोहन कुमार, तथा ग्रामीण विकास विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मत्स्य पालकों को दी गई नई तकनीकों की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** राज्य योजना के मत्स्य प्रसार योजना अंतर्गत सोमवार को प्रशिक्षण सह प्रत्यक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दरभंगा परिक्षेत्र, दरभंगा के उप-मत्स्य निदेशक कुमार विमल प्रसाद द्वारा किया गया। जिला मत्स्य कार्यालय, समस्तीपुर द्वारा आयोजित कार्यकम में श्री प्रसाद ने कहा कि मछली पालकों को मछली पालन की नई तकनीक अपनाने की नितांत आवश्यकता है। जिसमें किसानों की आय दुगुना हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने कहा कि कृषि के बाद पशुपालन एवं मत्स्य ग्रामीण परिवेषों के आजीविका का मुख्य साधन है और जिले में मत्स्य पालन निरंतर नई



उँचाईयों को छू रहा है। इस कार्यकम में जिला उद्योग केन्द्र, समस्तीपुर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं अन्य संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सहायक निदेशक, रसायन समस्तीपुर अमित कुमार ने मत्स्य पालन में रसायनों का उपयोग से हानि व लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, सहायक अभियंता, मत्स्य विभाग, विनोद कुमार, लगभग 175 मत्स्य पालक एवं मत्स्य विभाग के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मो0 नियाजुद्दीन ने किया।

# समस्तीपुर पथ निर्माण विभाग के कर्मी एवं खेग्रामस से निष्कासित प्रखंड सचिव कर रहे आरटीआई का दुरुपयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले में इन दोनों गलत आरटीआई लगाकर विभिन्न कार्यालय एवं उनके कर्मियों को परेशान करने का सिलसिला चल पडा है। इस संबंध में खेग्रामस के जिलाध्यक्ष उपेंद्र राय एवं जिला सचिव जीवच पासवान ने एसडीओ, जिलाधिकारी, डीजीपी, एवं मुख्यमंत्री से समुचित कार्रवाई की मांग की है। श्री राय ने अपने पत्र में बताया है कि पथ निर्माण विभाग में कार्यरत रामाशीष महतो एवं वारिसनगर के खेग्रामस के निष्कासित प्रखंड सचिव विमल पासवान दोनों व्यक्ति विभिन्न विभागों में सूचना का अधिकार लगाकर विभाग के कर्मी एवं अधिकारियों को परेशान करते रहते हैं। इन्होंने बताया है कि ये लोग बाजार समिति के व्यवसाईयों से भी नाजायज वसूली करने को लेकर एक आरटीआई लगाया गया है। बाजार समिति के व्यवसाईयों ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सह विशेष पदाधिकारी को व्यापार बाधित होने की जानकारी देते हुए समुचित कार्रवाई करने हेतु एक आवेदन दिया है। व्यवसाईयों ने बताया है कि वे लोग बाजार समिति में वर्षों से अपना व्यवसाय कर रहे हैं। उधर गलत सूचना अधिकार लगाकर बाजार समिति के व्यवसाईयों को परेशान किए जाने से व्यवसायी वर्ग में भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है। दूसरी तरफ सूचना अधिकार का गलत उपयोग करने को लेकर कई सामाजिक संगठनों के द्वारा भी कार्रवाई की मांग की गई है। खेग्रामस के दोनों जिला पदाधिकारियों ने बताया कि विमल पासवान को 4 वर्ष पूर्व पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने बताया की इन दोनों के खिलाफ जल्द ही एक बड़ा आंदोलन जिला में किया जाएगा।

## अपने पिता की तलाश में पश्चिमी बंगाल से पुत्र पहुंचे रफीगंज थाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पश्चिम बंगाल के 321 नंदन नगर बेलधरिया के राहने वाले अमित बैनर्जी अपने पिता समिरन बैनर्जी खोजबीन करते हुए थाना परिसर में पहुंचे। दरअसल 20 मार्च 202 को पूर्वा एक्सप्रेस से समिरन बैनर्जी परिवार के साथ कोलकाता से वृंदावन जा रहे थे। इसी बीच ट्रेन से लापता हो गये। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार से खोजबीन करने की गुहार लगाये हैं। उनके पुत्र ने बताया की मेरे पिताजी की दिमागी हालत ठीक नहीं हैं।

# भागवत महात्म्य पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पुंदौल नहर कॉलोनी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार की संध्या वाराणसी धाम से पधारी कथा वाचिका किशोरी संजू उपाध्याय ने भागवत महात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथावाचिका ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना सभी दान, व्रत, तीर्थ और पुण्य कर्मों से बढ़कर है। उन्होंने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि धुंधकारी जैसी प्रेत आत्मा का उद्धार भी श्रीमद्भागवत के माध्यम से संभव हो जाता है।

उन्होंने श्रीमद्भागवत के चार अक्षरों का अर्थ समझाते हुए कहा कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य, त से त्याग। जिस ज्ञान और भक्ति से इन चारों गुणों की प्राप्ति होती है, वही श्रीमद्भागवत कथा कहलाती है। कथा वाचिका ने संगीत के माध्यम से भक्तों को भाव-विभोर करते हुए निष्काम भक्ति, श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित का जन्म, कुन्ती देवी की याचना, भीष्म पितामह का प्रभु दर्शन, परीक्षित को श्राप एवं भगवान श्री शुकदेव के प्रकट होने जैसे अनेक प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान नागेंद्र पांडेय व उनकी पत्नी मनोरमा देवी, बलदेव पांडेय, मानकी देवी, पूर्व उप प्रमुख सुप्रिया देवी, पवन पांडेय, गोरा पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, अंजनी उपाध्याय, मंडल महामंत्री बिकू त्रिपाठी, समाजसेवी रामआज्ञा मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राजू सहनी ने एक बार फिर पेश की मानवता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/उजियारपुर ।** जिले के उजियारपुर प्रखंड स्थित भगवानपुर कमला पंचायत निवासी, युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने एक बार फिर मानवता की मिसाल कायम किया है। इस बार उन्नेउन्हों अंगारघाट थाना क्षेत्र के डिहुली गांव में अपनी टीम के लोगों को भेजकर, मृतक कपिल पासवान के पिड़ित परिवार को सहायता पहुंचाई। जिसमें पीड़ित परिवार को करीब 25 - 30 हजार की राशन सामग्री व नगद उपलब्ध कराया है। बताते चलें कि 18 मार्च की दोपहर मृतक कपिल पासवान गांव से सटे बुढ़ी गंडक नदी में स्नान करने गए हुए थे। इसी क्रम में पैर फिसल जाने के कारण नदी में डूबने से उनकी मौत हो गयी। मृतक ही घर में कमाने वाला मुख्य सदस्य था। उसके परिवार में उसकी पत्नी के अलावे छह छोटी-छोटी बेटियां है। मृतक की पत्नी भी मजदूरी करती है। श्री सहनी के इस सहयोग की सराहना करते हुए, मृतक के बड़े भाई अरविन्द कुमार पासवान ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सुचना जैसे ही भाई राजू सहनी को मिली, उन्होंने अपने टीम के लोगों को उनके भाई के घर पर भेजकर, उनके मृतक भाई की पत्नी को, करीब 25 - 30 हजार का राशन व अन्य सामग्री उपलब्ध करा दिया। राशन सामग्री पाकर मृतक कपिल पासवान की पत्नी के भावुक हो गयी। विदित हो कि विगत कई वर्षों से युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के द्वारा, किसी भी प्रकार के घटना से पिड़ित लोगों की सहायता अपने निजी कोष से पूर्ण निःस्वार्थ भाव से किया जाता रहा है। अभी तक उन्होंने दर्जनों अगलगी के घटना से प्रभावित परिवार, घटना दुर्घटना में मरने वाले लोगों के परिवार, की मदद किया है। साथ ही गरीब परिवार की लड़कियों की शादी में भी, अपने निजी कोष से काफी सहयोग किया है। कई बार तो पिड़ित परिवार को जानकारी हुई भी नही और उनकी परेशानी भी दुर कर दी गयी। इस संबंध में श्री सहनी ने बताया कि, मृतक के बच्चों के भविष्य के लिए भी जल्द ही कुछ अच्छा काम किया जाएगा। मौके पर राजू सहनी टीम के सदस्यों में भगवानपुर कमला पंचायत के सरपंच पति जयराम साहनी, श्रीराम साहनी, रामश्रेष्ठ साहनी, सुजित कुमार, चन्दन साहनी, राजेश कुमार सिंह, वरुण कुमार राय, सियाराम राय, रंजीत प्रसाद, हरेंद्र साहनी, सुखलाल साहनी, नकुल साहनी, मदन साहनी, बटोरन साहनी, चंद्रकांत सिंह, ललित कुमार सिंह, कपिल पासवान, सुरेन्द्र महतो, सुरेश प्रसाद सहनी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राजू भारती पुन: बने रक्तवीर कमेटी के अध्यक्ष, अनीश बने सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय रक्तवीरों को सम्मानित करने के उद्देश्य से रक्तवीर जिला स्तरीय कमिटी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को हसपुरा-महेंदिया रोड स्थित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के प्रांगण में कमिटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता राजू भारती ने की, जबकि संचालन संरक्षक शाहबाज मिनहाज ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया, जिसमें राजू भारती को पुनः अध्यक्ष और अनीश केसरी को सचिव चुना गया। इसके अलावा, प्रिंस कुमार शौंडिक और राणा यादव को उपाध्यक्ष, पप्पू यादव को कोषाध्यक्ष, निखिल भारद्वाज को उपसचिव, अंकित पटेल को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया, जबकि शाहबाज मिनहाज, अजय साहू, हिमांशु हमदर्दी, जयप्रकाश और क्षेत्र की एकमात्र महिला रक्त वीरांगना विजेता पटेल को संरक्षक मंडली में शामिल किया गया। अध्यक्ष राजू भारती ने जानकारी दी कि 13 अप्रैल (रविवार) को हसपुरा हाई स्कूल बड़ी फील्ड मैदान में 'रक्तवीर योद्धा सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र और जिले के साथ-साथ विभिन्न राज्यों से आए रक्तवीरों को सम्मानित किया जाएगा और स्कूली बच्चों द्वारा रक्तदान जागरूकता रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।

# लूटपाट कर भाग रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/विभूतिपुर।** पिछले दिनों दैता पोखर के पास हुये लूट-पाट की घटना का हमने 24 घंटे के अंदर सफल उद्भेदन कर लिया है इस क्रम में घटना कारित करने वाले तीनो अपराधकर्मियो को लूटे गये सभी सामान, एक देशी पिस्तौल व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को डीएसपी रोसडा सोनल कुमारी ने उक्त जानकारी देते हुए संवाददताओं बताया कि शनिवार देर शाम विभूतिपुर थाना अंतर्गत दैता पोखर के पास मोटरसाईकिल सवार तीन अपराधकर्मियो ने एक किराना दुकानदार के साथ लूटपाट की। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष, विभूतिपुर ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर अपराधकर्मियो के भागने की दिशा में पीछा इसी क्रम में एक सुनसान जगह पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन



व्यक्तियो को संदेह के आधार पर विधिवत निरूद्ध कर पुछताछ किया तो तीनो ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उन्होंने अपना-अपना नाम कमशः कारण राय पिता उमेश राय ग्राम कल्याणपुर उत्तर वार्ड नं0-02 टोला जगन्नाथपुर, नागमनी कुमार पिता प्रेम ठाकुर ग्राम कल्याणपुर उत्तर वार्ड नं0-12, वृजु कुमार पिता कंतलाल महतो ग्राम कल्याणपुर बैतीपार तीनो थाना विभूतिपुर जिला समस्तीपुर बताया है। उसी कम में उक्त तीनों व्यक्तियों का विधिवत तलाशी ली गई तो उनके पास से एक लोडेड देशी पिस्तौल, दो मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल, लूट का सभी सामान बरामद कर लिया गया। सुश्री सोनल ने बताया कि इनलोगों ने पुछताछ के क्रम में अन्य कई सार्थक सुत्र दिये है, जिसके आधार पर साक्ष्य संकलन करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# उत्तर कोयल नहर के लिए मगध क्षेत्र के लोग निकालेंगे बाइक जुलूस

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में उत्तर कोयल नहर की मांग को लेकर चल रहे धरना स्थल पर मगध क्षेत्र के लोग समर्थन में बाइक जुलूस कर पहुंचेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए धरना के अध्यक्ष अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां ने बताया कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर, गोह, देव, रफीगंज, गया जिला गुरारू, कोंच, गुरुआ, टेकरी, पंचानपुर, बेलागंज, अरवल जहानाबाद सहित मगध के विभिन्न प्रखण्ड क्षेत्र के किसान, मजदूर मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से रफीगंज ब्लॉक परिसर में धरना स्थल पर पहुंच कर धरनार्थियों का समर्थन कर हौसला अफजाई करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को धरना स्थल पर व्यवसायी टुनटुन खां, सीपीआई के नेता देवमुनि यादव, रमेश पासवान उर्फ करंट, कौशल कुमार छोटू कुमार, मिस बहुल, पूर्व पैक्स सत्येंद्र यादव, सीधी यादव, डॉ तुलसी यादव सहित दर्जनों लोग बैठक किया।


**बिहार सरकार**

**श्रम संसाधन विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दाउदनगर औरंगाबाद**
**सूचना सं0-63**
**कार्यान्वयन/पंजीकरण**

1. इंटर्नशिपः– इसका उदेश्य पॉच साल में 500 कम्पनियों में एक करोड़ युवाओं का इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है, एवं इस योजना में माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायो और रोजगार के अवसर प्रदान करना।
2. इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत में पायलट परियोजना के तहत 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। इस पायलट परियोजना के लिए शीर्ष कंपनियों की पहचान सी0एस0आर व्यय के औसत के आधार पर की गई है। कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है।
3. इस योजना के प्रयोजन के लिए इंटर्नशिप को इंटर्नआई कंपनी के बची व्यवस्थता के रूप परिकल्पित किया गया है।
4. कार्यक्षेत्रः– यह योजना कौशल विकास, प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप और छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि से संबंधित योजनाओं से अलग है।
5. अवधिः– इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने के होगी।
6. आयुः– 21 से 24 वर्ष जो पूर्णकालिक रोजगार में नहीं है।
7. योग्यताः– जिन अभ्यर्थियों ने हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल पास किया हो जिनके पास आई0टी0आई0 से प्रमाण पत्र है, डिप्लोमा, बीए0,बी0एस0सी0,बी0कॉम,बी0बी0ए0,बी0फार्मा डिग्री है, वे पात्र है।
8. मासिक सहायताः– इस योजना के तहत 12 महिनों की अवधि के लिए इंटर्न को 5000/– रूपये मासिक सहायता दी जायेगी। इंटर्न को उपस्थिति और अच्छे आचरण आदि से संबंधित कंपनी के नियमों के आधार पर सी0एस0आर0 फंड से प्रत्येक इंटर्न को 500/– रूपये जारी करेगी।
9. आकास्मिक व्ययः– कार्यभार ग्रहन करने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 6000/– रूपये का अनुदान वितरित किया जायेगा।
10. प्रशिक्षण लागतः– प्रशिक्षण से संबंधित व्यय सी0एस0आर0 फंड से कम्पनी वहन करेगी।
11. बीमा कवरेज :– प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सभी इंटर्न को प्रधान किया जायेगा। बीमा राशि सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी।
12. प्रक्रियाः– इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट करने के लिए पोर्टल पर प्रत्येक भागीदर कंपनी को एक समर्पित डैशबोर्ड प्रदान किया जायेगा, जिसमें इंटर्नशिप का सभी विवरण शामिल होगा।
13. पंजीकरण :– योग्य उम्मीदवारों को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा।
14. शॉर्ट लिस्टिंगः– पोर्टल के माध्यम से इंटर्नशिप का चयन कंपनी के मानदंडो के आधार पर शॉर्ट लिस्टिंग कर किया जायेगा, एवं पोर्टल के माध्यम से कंपनी द्वारा ऑफर किया जायेगा।
15. समापन और प्रमाणनः– इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् समापन प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

**प्राचार्य**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,**
**दाउदनगर औरंगाबाद**

**PR. No. 022473 (LRD ) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**


# दहेज हत्या का मामला दर्ज, देवर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर गांव में दहेज को लेकर एक विवाहिता की हत्या कर शव को जलाने का मामला सामने आया है। मृतका के पिता संतोष पासी, निवासी खैरा भूघर, थाना विक्रमगंज, जिला रोहतास ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर अपने दामाद और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, संतोष पासी की 20 वर्षीया पुत्री रेखा कुमारी की शादी 7 जुलाई 2024 को पोगर गांव निवासी विजय चौधरी के पुत्र सुरदीप चौधरी से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। पीड़िता के पिता ने बताया कि 23 मार्च की सुबह रेखा ने फोन कर बताया कि ससुराल पक्ष के सभी लोग उसे मार रहे हैं। कुछ देर बाद उसके जेठ (भैसुर) का फोन आया कि रेखा की मौत हो गई है।जब परिवार के सदस्य पोगर गांव पहुंचे तो घर पर कोई नहीं मिला और न ही रेखा का कोई पता चला।

## स्त्रियों की समस्या समाधान के लिए शिविर का आयोजन 27 मार्च को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के तत्वावधान में 27 मार्च को सुबह 10 बजे से रेड क्रॉस भवन औरंगाबाद में निसंतान स्त्रियों की समस्या समाधान एवं सलाह प्रेषण हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक डॉ स्मृति स्पर्श फर्टिलिटी एक्सपर्ट, पटना भाग लेंगी। चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद के विभिन्न प्रखंड तथा आस-पास एवं सुदूर क्षेत्र से निःसंतान स्त्रियां अपनी समस्या समाधान, परामर्श एवं सलाह हेतु इस शिविर में भाग लेंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रचार प्रसार एवं आवश्यक तैयारी की जा रही है। वाइस चेयरमैन मरगूब आलम, कोषाध्यक्ष शिव गुप्ता, सचिव दीपक कुमार एवं जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसलर तथा सचिव डॉ निरंजय कुमार ने बताया कि इस शिविर में संबंधित स्त्रियों के भाग लेने हेतु प्रत्येक प्रखंडों में भी संपर्क स्थापित करते हुए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। चेयरमैन ने बताया कि इसके लिए संबंधित स्त्रियों या उनके आश्रितों को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के कार्यालय में निबंधन कराना आवश्यक होगा।

# प्रो. शशिभूषण को डॉ. मनोज ने प्राचार्य बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बलराम भगत महाविद्यालय, समस्तीपुर के हिंदी विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. शशिभूषण कुमार शशि को प्राचार्य की पद पर चयनित होने के उपलक्ष्य में समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक श्रीरामचंद्र हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने प्रो. शशिभूषण को ससम्मान चादर और गुलदस्ता भेंट किया, जो उनके अद्वितीय प्रयास और शैक्षिक यात्रा की सराहना का प्रतीक था। डॉ. सिंह ने कहा, आपकी सफलता न केवल आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह समस्तीपुर जैसे छोटे शहर में शिक्षा के महत्व और शिक्षक के योगदान को भी दर्शाती है। यह आपकी मेहनत का फल है और हम सभी आपके इस उपलब्धि



पर गर्व महसूस करते हैं। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार चैधरी, कॉमर्स विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रामाशीष प्रसाद, मातृका हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. कुमार देवाशीष, रसायनशास्त्र विभाग के प्रो. राजेश कुमार रंजन, राम प्रकाश सिंह और अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# फरार शराब तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के चनहट गांव निवासी संदीप कुमार, जो शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से फरार था। पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने घर पर मौजूद है, जिसके बाद दलबल के साथ छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# आरओबी कार्यारंभ के उद्घाटन पर धोखाधड़ी के आरोप पर जिलाध्यक्ष ने की स्थिति स्पष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** भोला टॉकिज गुमटी पर आरओबी निर्माण मामले में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। एक तरफ रविवार को सांसद ने धूमधाम से भूमिपूजन कर आरओबी निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया। वहीं संवेदक ने कार्यादेश मिलने के बाद निर्माण आरंभ करने की बात कह कर नये विवाद की जमीन तैयार कर दी। निर्माण स्थल पर निर्माण सामग्री का उपलब्ध नहीं होने से संवेदक के बातों में सच्चाई दिखी। लोग मान बैठे कि



यह कार्यारंभ का तामझाम फर्जी और दिखावटी है। भाकपा, राजद, सहित विभिन्न विपक्षी दल इस बिना पर सांसद पर जनता से फरेब करने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग करने लगे। उसके बाद तो विभिन्न संचार माध्यमों व उपस्थित लोगों के जहन में एक सवाल तैरने लगा कि क्या सांसद ने जल्दबाजी में सस्ती लोकप्रियता केलिए भूमि पूजन तो नही कर दिया। इसी बीच लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह उर्फ हीरा सिंह ने संवाददाता से दूरभाष पर बातचीत के दौरान स्थिति साफ करते हुए तमाम आरोपों पर बर्फपात कर दिया। श्री हीरा सिंह ने कहा कि संवेदक को माईक पर बोलने का अभ्यास नहीं था। अचानक माईक देख कर एग्रीमेंट की जगह वर्क आर्डर बोल गया। जिससे यह सारा हंगामा उत्पन्न हो गया। श्री सिंह ने बताया कि वर्क ऑर्डर के बाद एग्रीमेंट एक प्रक्रिया होती है। जो वर्क ऑर्डर मिलने के 30 दिनों के भीतर करना होता है। अभी करीब 15 दिन पहले बेगूसराय की एक कंपनी को वर्क ऑर्डर मिला है। एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। जिसे संवेदक कंपनी शीघ्र पूरा कर लेगी और काम शीघ्र आरंभ हो जायेगा। इसी बीच भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जायेगी।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, दाउदनगर**
**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **RWD/ Daudnagar/ DMFT/ET-02/ 2024-25** द्वारा **अरथुआ लोहरा रोड स्कूल के पास से बुधौल तक एक मात्र सड़क का निर्माण कार्य का निविदा अमंत्रित किया गया था, जिसका PR No-019876 (RWD) 2024-25** है , अपरिहार्य कारण से निविदा के तिथियों में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | पूर्व का दिनांक एवं समय | संशोधित दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने का समय | 11.03.2025 –09:00AM से 20.03.2025 –3.00 PM तक | 21.03.2025 – 09:00AM से 27.03.2025 – 3.00 PM तक |
| ऑन लाईन निविदा जमा करने का समय | 21.03.2025 – 3.00 PM तक | 27.03.2025 – 3.00 PM तक |
| ऑफ लाईन निविदा जमा करने का समय | 21.03.2025 – 3.00 PM तक | 27.03.2025 – 3.00 PM तक |
| ऑफ लाईन निविदा खोलने का समय | 21.03.2025 – 3.30 PM | 27.03.2025 – 3.30 PM |

**शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगा।**

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल**
**दाउदनगर**

**PR. No. 22405 (RWD) 2024-25**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# भाजपा-जदयू को तीन करोड़ मजदूरों के खून-पसीने का देना होगा हिसाब : पवन खेड़ा

## युवाओं का असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है एनडीए सरकार : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार के 3 करोड़ पंजीकृत मजदूरों के खून-पसीने का हिसाब भाजपा-जदयू सरकार को देना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार युवाओं के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

वे दरभंगा में 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा के दौरान आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, पेपर लीक और पलायन जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार चुप है, जिससे राज्य के युवा निराश और आक्रोशित हैं।




पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस यात्रा के माध्यम से युवाओं और छात्रों की आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार जिन मुद्दों को यात्रा के माध्यम से उठा रहे हैं, उन पर अन्य राजनीतिक दलों को भी आज नहीं तो कल बोलना ही पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार असली मुद्दों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है, ताकि अपनी नाकामी छुपा सके।

यात्रा का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी शिक्षकों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में 2008 से लाइब्रेरियन की भर्ती नहीं हुई है। राज्य सरकार ने खेल कोटे से नौकरी देने की नीति को खत्म कर दिया है। सेना की तैयारी करने वाले छात्रों को पोलो ग्राउंड में फिजिकल ट्रेनिंग करने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि वहां खेलकूद की जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। वित्त रहित शिक्षक संघर्ष समिति के डॉ. राम मोहन झा ने बताया कि बिहार के लगभग 70% छात्र वित्त रहित स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ते हैं, लेकिन इन संस्थानों का अनुदान 2017 से लंबित है।

संवाददाता सम्मेलन में पवन खेड़ा, कन्हैया कुमार, विधान परिषद में कंग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, डॉ. अजय उपाध्याय, बिहार कंग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ और जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## छात्रों के हित को लेकर अभाविप करेगा आंदोलन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई की बैठक आज संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने किया एवं बैठक का संचालन कॉलेज मंत्री अंकित कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारी सदस्य सह एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हित की लड़ाई लड़ती आई है। लेकिन समय-समय पर समाज के लिए भी विद्यार्थी परिषद हमेशा संघर्ष करती रही है। और अब विद्यार्थी परिषद समाज के लिए हित में बरौनी निपानिया एवं राजवाड़ा रेलवे गुमटी पर ओवरब्रिज निर्माण करने को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है। जिसके लिए स्थानीय लोगों से मिलकर आंदोलन में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी इस आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया जाएगा।

## एक नजर

### सर्पदंश से बालक की मौत

**बलिया (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया थाना क्षेत्र के परमानंदपुर पंचायत के जगदीशपुर दियारा में सर्पदंश से बालक की मौत हो गयी। मृतक जगदीशपुर दियारा वार्ड चार निवासी विकास यादव का छह बर्षीय पुत्र आर्यन बताया गया।सर्पदंश के बाद बालक अचेत होने लगा स्वजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए बलिया अनुमंडल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा राजेश यादव ने घटना की लिखित आवेदन बलिया थाना को रविवार की देर शाम दिया है। घटना के संबंध में मृत बालक के स्वजन ने बताया कि बालक घर मे खेल रहा था जिस दौरान सर्प डस लिया। सर्प को किसी ने नही देखा था लेकिन खेलते हुए बालक के अचेत होते देख जब उसे उठाया तो उसके हाथ मे सर्प डसने का दाग देखा। जब इधर उधर देखा तो एक सांप को दीवार में घुसते हुए देखा। बालक को उठाकर अस्पताल लाया जहां चिकित्सक मृत घोषित कर दिया।मृत बालक के पिता कामगार है जो दूसरे राज्य में काम करता है।मां गूंगी ढंग की है।मृत बालक तीन भाई में सबसे छोटा है।मौत की सूचना मिलता ही स्वजनों में कोहराम मच गया। बलिया पुलिस शव को पोस्टमार्टम मे बेगूसराय भेज दिया है।

### हथियार के साथ वायरल विडियो मामले में युवक गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीरपुर थाना क्षेत्र के जिंदपुर गांव निवासी एक युवक का फोटो हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। जिसके बाद वीरपुर पुलिस ने उस वायरल फोटो का पहचान करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जिंदपुर गांव के वार्ड संख्या 11 निवासी मोहम्मद जसीम का 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अलकमर का तीन चार फोटो जो हथियार का साथ था वह वायरल हो रहा था जिसका सत्यापन कराने के क्रम में मोहम्मद अलकमर ने बताया कि हम फ़ेरी का काम करते हैं। फ़ेरी करने के दौरान ही करीब पंद्रह दिनों पहले मुंगेर में मोबाइल से फोटो खिंचवाया था। जिसके बाद उत्साह से स्टेटस में फोटो को लगा दिया। इसके बाद वायरल हो गया। पुलिस वायरल अभियुक्त मोहम्मद अलकमर और फोटो खींचा हुआ मोबाइल फोन को जब्त किया एवं अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायलय भेज दिया है।

### बेगूसराय ने समस्तीपुर को 69 रनों से हराया

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फर्टिलाइजर के मैदान पर आयोजित बीसीए अंडर-23 सेंट्रल जोन का मुकाबला बेगूसराय और समस्तीपुर के बीच खेला गया। जिसमें समस्तीपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेगूसराय की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 280 रन बना पायी। बेगूसराय की ओर से सर्वाधिक रन का योगदान जयंत गौतम ने 88 रन और पृथ्वी राज 58 तथा पल्लव प्रजापति ने 51 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी करते हुए समस्तीपुर की ओर से आदर्श ने 4 विकेट और रवि रंजन ने 3 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी समस्तीपुर की टीम 42 वे ओवर में सभी विकेट खोकर 211 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। समस्तीपुर की ओर से सर्वाधिक रन राम सुरेश सूरी ने 56 रन तथा आदित्य 38 तथा रवि रंजन ने रन का योगदान दिया। वहीं बेगूसराय की ओर से गेंदबाजी करते हुए बेगूसराय की ओर से अनिकेत 3 विकेट और सुधांशु 2 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जयंत गौतम को दिया गया।

### जिला संतमत सत्संग का 36वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के बारो में सत्संग मंदिर के निकट बेगूसराय जिला संतमत सत्संग का 36 वां जिला वार्षिक अधिवेशन का दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। इस संबंध में जिला मंत्री गजेंद्र प्रसाद पोद्दार ने बताया कि उक्त अधिवेशन में 20वीं सदी के महान संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के परम प्रिय शिष्य संतमत के वर्तमान आचार्य पूज्यपाद महर्षि हरिनंदन परमहंस जी महाराज, पूज्यपाद महर्षि शाही स्वामी जी महाराज, पूज्यपाद महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज एवं अन्य साधु महात्मां एवं विद्वानों के प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 6 बजे से अपराह्न 2 बजे तक भजन कीर्तन एवं महात्माओं के अमृतवाणी से प्रवचन आयोजित किया जा रहा है।

## केएलएच हैदराबाद में कला उत्सव 2025 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** केएलएच हैदराबाद ने कला उत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया, जिसने भारतीय कला और संस्कृति को नए आयाम दिए। यह राष्ट्रीय स्तर का महोत्सव 21 और 22 मार्च को केएलएच बच्चुपल्ली कैंपस में आयोजित हुआ। तेलंगाना सरकार के भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव ने देशभर के कलाकारों और छात्रों को एक मंच पर लाकर कला का जश्न मनाया। उद्घाटन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए और दो दिनों तक कैंपस एक सांस्कृतिक केंद्र में तब्दील हो गया।

**लुप्त होती कला शैलियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास**

इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की लुप्त होती कला शैलियों को पुनर्जीवित करना और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। इसमें संगीत, नृत्य, दृश्य कला, साहित्य, फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण जैसी विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

प्रतिभागियों ने नृत्य-संक्रांति (नृत्य), कला-स्पर्धा (कला), दृश्यांतर (फिल्म निर्माण), प्रतिबिंब-युद्ध (फोटोग्राफी), संगीत-सम्राज्य (संगीत), वाणी-संघर्ष (साहित्य) और वाद-संग्राम (वाद-विवाद) जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस महोत्सव में ?1 लाख की पुरस्कार राशि रखी गई, जिससे देशभर के कलाकारों को प्रेरणा मिली। कला उत्सव 2025 में 3,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और विभिन्न रोमांचक प्रस्तुतियों, लाइव संगीत और सेलिब्रिटी उपस्थिति का आनंद उठाया। इस महोत्सव की भव्यता को बढ़ाने के लिए भारतीय फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

महोत्सव में श्री ममिडी हरिकृष्ण (निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, तेलंगाना सरकार), श्री नवीन कुमार (आईएएस, सचिव, सिंचाई और जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), प्रसिद्ध अभिनेता प्रणव कौशिक और किशोर इंदुकुरी (संस्थापक एवं सीईओ, सिड्स फार्म) जैसे प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए केएलएच की नेतृत्व टीम का विशेष योगदान रहा। इसमें चेयरपर्सन इंजीनियर पी. साई विजय (निदेशक-एसएसी), डॉ. एल. कोटेश्वर राव, डॉ. रामकृष्ण अकेल्ला, डॉ. जी. राधाकृष्ण और संयोजक श्री जी. प्रेम सतीश कुमार ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## भागलपुर के पूर्व छात्रों का दिल्ली में स्नेह मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भागलपुर के तीन प्रमुख महाविद्यालय–टी.एन.बी. कॉलेज, सुंदरवती महिला कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज–के पूर्व छात्रों का वार्षिक स्नेह मिलन 23 मार्च, 2025 को दिल्ली में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर 1960 से 2010 के दशक तक के छात्र-छात्राएं भावनात्मक यादों में सराबोर दिखे। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही कि आकाशवाणी भागलपुर के पूर्व उद्घोषक हरिनाथ मिश्र और हरेन्द्र प्रताप 36 वर्षों बाद मिले। वहीं, 1985 में अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष के अवसर पर साइकिल यात्रा करने वाले मनोज लाल और हरेन्द्र प्रताप की भी वर्षों बाद मुलाकात




हुई। पूर्व छात्र कैसर एन.के. जानी ने महात्मा गांधी का जीवंत अभिनय कर सबका मन मोह लिया।

इस समारोह में वरिष्ठ नौकरशाह, प्रोफ़ेसर, डॉक्टर, वकील, पत्रकार और उद्यमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। डॉक्टर पंकज कुमार झा ने मुकेश के गीत गाए, जबकि अरविंद पाण्डेय ने बांसुरी से समा बांध दिया। पूर्व छात्रों ने भागलपुर के विकास, शिक्षा और रोजगार को लेकर अपने योगदान का आश्वासन दिया। साथ ही, विश्वविद्यालय की जर्जर स्थिति और गिरती शिक्षा व्यवस्था पर चिंता भी जताई।

## साइंस सिटी में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अहमदाबाद स्थित साइंस सिटी के एक्वाटिक गैलरी में विश्व जल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसमें विभिन्न जिलों के चार से अधिक स्कूलों के 450 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जल के महत्व, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और ग्लेशियरों के पिघलने से जल आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने जल संरक्षण पर केंद्रित एक्वा-क्विज में भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को मिशन लाइफ पहल के तहत जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने वाले पोस्टर प्रदान किए गए, ताकि वे दैनिक जीवन में जल बचाने की आदत डालें। इस आयोजन ने न केवल छात्रों को जल संकट के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें इस संसाधन की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की प्रेरणा भी दी।

## 10वें नाट्य महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** आशीर्वाद रंगमंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को दिनकर कला भवन में 10वां राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव प्रारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन प्रथम सत्र में समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेगूसराय राष्ट्रकवि दिनकर की उर्वर धरती है। रंगकर्मियों को इससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। कला संस्कृति को संजोने व संवारने में बेगूसराय के रंगकर्मी, साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी लगातार प्रयासरत हैं। यह गर्व का विषय है। आशीर्वाद रंगमंडल के कलाकारों को महोत्सव के मौके पर शुभकामना व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि बिहार सरकार कला संस्कृति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप नाटक अवश्य देखें। कलाकारों को प्रोत्साहित करने का दायित्व हमसबों का है। समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ अंजुला महर्षि ने कहा कि अपने देश में नाटक के हिसाब से बहुत कम ही मंच का निर्माण किया गया है। इस कारण नाटक के मंचन में कलाकारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बेगूसराय का यह मंच भी नाटक के उपयुक्त नहीं है फिर भी यहां के कलाकारों के जज्बा की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि विपरीत लाइटिंग व्यवस्था और कठिन परिस्थितियों में भी कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। आशीर्वाद रंगमंडल के इस साहसिक कदम के लिए बधाई देती हूं। मंच पर आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, मोमेंटो व बुके देकर रंगमंडल के सचिव व फ़ेस्टिवल डायरेक्टर डॉ. अमित रौशन एवं संस्था के अध्यक्ष ललन प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललन प्रसाद सिंह एवं संचालन रंगकर्मी अभिजीत कुमार मुन्ना ने किया। मंच पर डॉ अंजुला महर्षि, संजय महर्षि, डॉ अजय जोशी, सुरभित दत्त सिंहा, महामंत्री, उत्तर बिहार संस्कार भारती बिहार प्रदेश रंग समीक्षक अजीत राय, रंग समीक्षक संजय कुमार, संस्कार भारती के बिहार-झारखंड के संगठन मंत्री वेदप्रकाश, नगर निगम बेगूसराय की मेयर पिंकी देवी, पूर्व मेयर संजय कुमार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, डॉ. रंजन चौधरी मौजूद थे। इस मौके पर डीएम तुषार सिंगला एवं मेयर पिंकी देवी ने वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अंजुला महर्षि को रामविनय रंग सम्मान से सम्मानित किया।

## बिहार विश्व गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित हुए महेश कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एआई और एनालिटिक्स क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुके टाइगर एनालिटिक्स के फाउंडर और सीईओ महेश कुमार को बिहार फाउंडेशन (प्रवासी समुदाय को जोड़ने वाली बिहार सरकार की इकाई) की ओर से ''बिहार विश्व गौरव सम्मान 2025'' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 22 मार्च, 2025 को न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि बिहार विश्व गौरव सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है और वैश्विक स्तर पर बिहार का नाम रोशन किया है। महेश कुमार को यह सम्मान टाइगर एनालिटिक्स के नेतृत्व में उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और व्यावसायिक सफलता के लिए दिया गया है। सम्मान प्राप्त करने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए महेश कुमार ने कहा, ''बिहार विश्व गौरव सम्मान पाकर मैं बेहद खुश हूं। बिहार में पले-बढ़े होने के कारण मुझमें मुश्किलों से लड़ने की ताकत और नई चीजें सीखने की ललक विकसित हुई। इसने मुझे आगे बढ़ने में मदद की। मुझे उम्मीद है कि यह सम्मान बिहार और अन्य जगहों के युवाओं को प्रेरित करेगा, ताकि वे अपने नए विचारों पर काम करें और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाएं।''

महेश कुमार के नेतृत्व में टाइगर एनालिटिक्स ने उल्लेखनीय प्रगति की है। यह कंपनी मात्र 10 डेटा साइंटिस्ट्स की छोटी टीम से बढ़कर 5,000 से अधिक तकनीकी और कंसल्टिंग वर्कफोर्स तक पहुंच गई है। कंपनी की उपस्थिति अब भारत और अमेरिका के साथ-साथ कनाडा, मैक्सिको, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, ऑस्ट्रेलिया, यूके और स्पेन में भी बढ़ रही है। टाइगर एनालिटिक्स दुनिया की 1000 सबसे बड़ी कंपनियों में से कई की भरोसेमंद साझेदार बन चुकी है।

यह कंपनी CPG, BFSI, इंश्योरेंस, मैन्युफैक्चरिंग सहित विभिन्न उद्योगों में सेवाएं प्रदान कर रही है। महेश कुमार अब उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनका कार्य आने वाली पीढ़ियों के विचारकों, नेताओं और नवाचारकर्ताओं को प्रेरित करता रहेगा।

## माउंट लिट्रा में आई केयर सेशन कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव के प्रांगण में किडजी जी ग्रुप की ओर से 'आई केयर' सेशन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकेडमिक मैनेजर निहारिका मैंम एवं डिप्टी राष्ट्रीय एकेडमिक मैनेजर आनंदित मैंम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने कई स्वागत गीत एवं नृत्य गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्कूल चले हम, बुद्धू सा मन, शायराना हुई, आदि गीतों से आए हुए अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया इस अवसर निहारिका मैंम एवं आनंदिता मैंम ने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में किडजी शिक्षण पद्धति की बारीकियों को अभिभावकों के बीच रखा उन्होंने माता-पिता को स्कूल की उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तार से बताते हुए अभिभावकों को बच्चों के लिए उनकी सुरक्षा को प्रमुखता देते हुए उन्हें गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर शीतल देव ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में स्कूल का प्रमुख योगदान होता है परंतु उनके स्वयं की सुरक्षा के बारे में उन्हें अवगत कराना विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों का भी कर्तव्य है आज के सेशन आई केयर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पालन पोषण के साथ-साथ उसकी स्वयं की सुरक्षा के बारे में उन्हें जानकारी देना जरूरी है डॉक्टर शीतल देवा ने जी ग्रुप की और से कुशल किडजी स्कूल संचालन के लिए डॉक्टर मनीष देवा को प्रशस्ति पत्र देने के लिए धन्यवाद दिया विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि किडजी विद्यालय संचालन का यह उत्कृष्ट प्रशस्ति पत्र शिक्षकों के परिश्रम अभिभावकों के विश्वास और जी ग्रुप के सहयोग का प्रतिफल है डॉक्टर देवा ने जी ग्रुप से आए हुए अतिथियों के साथ-साथ तमाम अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने अपना कीमती समय विद्यालय में आकर दिया।

## न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास में बिहार दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बिहार फाउंडेशन यूएसए (ईस्ट कोस्ट चैप्टर) और बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए) के सहयोग से बिहार दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 135 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्य शामिल हुए। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक प्रगति और वैश्विक उपस्थिति को रेखांकित करने वाले इस समारोह की शुरुआत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हार्दिक संदेशों से हुई।

**एनआरआई को बिहार से जोड़े रखने पर जोर**




सम्राट चौधरी, जो बिहार फाउंडेशन, पटना के अध्यक्ष भी हैं, ने इस अवसर पर टाइगर एनालिटिक्स के संस्थापक महेश कुमार को बिहार में आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने और उद्यमिता को प्रेरित करने में उनके योगदान के लिए विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने ग्लोबल बिहारी समुदाय से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और बिहार के विकास में योगदान देने का आग्रह किया।

**बिहार की विरासत और योगदान को किया गया सम्मानित**

बिहार फाउंडेशन, पटना के सीईओ कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में प्रवासी बिहारी समुदाय के कल्याण के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया। वहीं, भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने शिक्षा, संस्कृति और इतिहास में बिहार के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया।

समारोह में बिहार की प्रसिद्ध सांस्कृतिक हस्ती दिवंगत पद्म विभूषण शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि देने के लिए एक वीडियो प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिसने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

**'बिहार विश्व गौरव सम्मान' से सम्मानित हस्तियां**

इस अवसर पर चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया:

महेश कुमार (संस्थापक, टाइगर एनालिटिक्स) : बिहार के आईटी और नवाचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए। डॉ. अभिषेक तिवारी (ग्लोबल हेड ऑफ पीपल, केपीएमजी) ऽ नेतृत्व और अवसर सृजन के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए। शरद कुमार (प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ अमेरिका) : वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्टता और प्रवासी समुदाय में नेतृत्व के लिए।

डॉ. प्रकाश झा (कृषि वैज्ञानिक) : खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में योगदान के लिए।

**समारोह में दिखी बिहार की वैश्विक पहचान**

इस कार्यक्रम ने बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और आर्थिक विकास को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया। भारतीय प्रवासी समुदाय ने इस आयोजन को एक प्रेरणादायक पहल बताया, जिससे बिहार और प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं।

## दो दिवसीय बिहार दिवस धूमधाम से सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय बिहार दिवस कार्यक्रम का समापन रविवार की संध्या सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय बिहार दिवस में स्थानीय कलाकारों के साथ मुंबई से आये कलाकारों ने लोगों को खूब मंत्रमुग्ध किया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की लोगों ने खूब सरहना की। कार्यक्रम में आये लोगों ने एक तरफ जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया, दूसरी तरफ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल, निजी रेस्टोरेंट द्वारा लगाये गये स्टॉल पर लोगों ने खाने का खूब लूफत उठाया। जीविका दीदीयों द्वारा हाथ से बने उत्पादित/निर्मित उत्पात अगरबत्ती, आचार, पापड़, तिलौड़ी, गुलदस्ता, गमला, वस्त्र, चुड़ी, लहठी आदि की भी लोगों ने



जमकर खरीददारी की। बच्चों के लिए लगाये गये झूठे पूरे मेला का आकर्षण केन्द्र बना रहा। गांधी स्टेडियम में 23 मार्च की शाम मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय द्वारा बिहार नृत्य कला, राजेश कुमार द्वारा बिहार गीत, वंदना सिन्हा द्वारा लोक नृत्य तथा गणेश वंदना द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई। फायर प्लाईस, कोलकाता द्वारा आयोजित नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पार्श्व गायिका सिरसा रक्षित द्वारा सत्यम शिवम सुंदरम एवं पार्श्व गायक मो दानिश द्वारा मेरे रस्के कमर....सहित अन्य गानों ने देर रात्रि तक दर्शकों को खूब झूमाया। कार्यक्रम के समापन में द्वितीय दिवस पर अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आए सभी कलाकारों को जिला पदाधिकारी द्वारा द्वारा शाल एवं जिला का स्मृति चिन्ह सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन की ओर से जिले के कई गण मन व्यक्तियों जिनका इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आवश्यक सहयोग है। उनको भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर के सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बटाई में लिए खेत पर ननद ने किया कब्जा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के सतवारिया गांव निवासी फातमा खातून ने बटाई दिए खेत के अनाज नहीं देने व पूछने पर मारपीट करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में अपनी ननद साजमा खातून, नन्दोई आलमगीर अंसारी समेत आधा दर्जन लोगों को आरोपित किया है। आरोप है की 20 साल पहले उसकी ननद की शादी भतौड़ा गांव निवासी आलमगीर अंसारी से हुई थी। ननद के ससुराल में किसी तरह की समस्या होने पर उसके भाई व पीड़िता के पति नाजमुल्ला अंसारी को अपने घर बुला लिया। और अपने बहन व बहनोई को एक बीघा पांच कठ्ठा जमीन बटाई जोतने को दे दिये ताकि ओ लोग अपना गुजर वसर कर सके। हालांकि 2 वर्ष फसल बाट कर दिए। लेकिन वर्ष 2024 से फसल देने में आनाकानी कर रहे है। इधर 15 मार्च को खेत में उपजाए गए सरसो के फसल बाटने के लिए बोलने पर गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर सभी लोग एकजुट होकर मारपीट कर जख्मी कर दिए। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### शराब कांड का आरोपित गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने शराब कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि रामपुर के सोनम देवी एंव तेतरी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुर्व में शराब जब्ती के दौरान छः महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। जिसमें पुर्व में ही दो महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी अन्य आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के संस्कृत विध्यालय परिसर में शहीद दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई नामचीन कलाकारों ने अपने कलाओ का प्रदर्शन वाहवाही बटोरी। शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष शेख औरंगजेब ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। शेख औरंगजेब , गौतम राव, तबरेज आलम, शेख गुड्डू, सुनील गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, समेत अन्य लोगों को आगत अतिथियों ने इस किर्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।

### सदन में विधायक ने उठाई अनुकम्पा पर नियुक्ति पत्र देने की मांग

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने चतुर्दश शत्र के दौरान विधानसभा में गौनाहा व रामनगर प्रखंड के विभिन्न विभागों में लंबित पड़े अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र बाँटने की मांग सरकार से की । उन्होंने कहा कि अगर अनुकम्पा के आधार पर योग्य अभ्यार्थियों की नियुक्ति हो जाती तो उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधर जाती और उनका परिवारिक स्थिति भी मजबूत हो जाती ।

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के हरपुर नवका टोला में बाइक पर सवार होकर ऑर्केस्ट्रा देखने जाने के क्रम में दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रुप से घायल हो गये। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सिरकहिया निवासी राधेश्याम यादव के पुत्र झुना यादव के रुप में हुयी है। सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जबकि पंचनामा तैयार कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेज दिया।घायल दोनों भंटाडीह निवासी हरिंदर माझी का पुत्र सुमन कुमार एवं सुखाड़ी मांझी का पुत्र कारी मांझी है। बताते है कि हरपुर गांव में बारात आया था।जिसमें ये तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रविवार की रात्रि करीब 10 बजे आर्केष्ट्रा देखने जा रहे थे।तभी हरपुर नवका टोला के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिसे बाइक पर सवार झुना की घटनास्थल पर मौत हो गई। एवं दो गम्भीर रुप से घायल हो गये। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

### मृत वोटरों का नाम मतदाता सूची से डिलीट करें

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को 03 नरकटियागंज विधानसभा के सभी बीएलओ की एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि वोटर लिस्ट में लिंगानुपात महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा कम है। इसलिए महिला मतदाताओं का नाम प्रत्येक बूथ पर जोड़े। वही 18 से 19 वर्ष के जो भी युवा है उनका नाम वोटर लिस्ट में अनिवार्य रूप से जोड़े। इसके साथ ही सर्वे के दौरान मृत पाए गए सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक के उपरांत एसडीएम ने बताया कि पिछले दिनों 90 वर्ष या उससे ऊपर के मतदाताओं का सर्वे कराया गया था। इस दौरान 80 प्रतिशत मतदाता मृत पाए गए है। मृत पाए गए सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जीवित मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में लिंगानुपात मतदाताओं की रेसिओ 880 है जबकि जनसंख्या के अनुसार रेसिओ 906 होनी चाहिए। इसलिए सभी बूथ पर महिला मतदाताओं तथा युवा मतदाताओं का नाम प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया गया है। वही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बैठक के दौरान अपर निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, बीपीआरओ विवेक आर्य आदि उपस्थित थे।

### ड्यूटी से गायब पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली पर्व पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु तैनात जिला बल के चार पुलिस पुलिस अपने ड्यूटी से गायब पाये गये। जिन पर एसपी ने कार्रवाई करते हुए गायब चारों पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि क्षेत्र में होली पर्व पर विधि व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर भारी संख्या में पुलिसकर्मी व पुलिस पदाधिकारी सहित दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। लेकिन जिला बल के चार पुलिस कर्मी पीटीसी 224 मोहन पासवान, चालक सिपाही 24 संतोष कुमार, सिपाही 61अमित कुमार, सिपाही 694 संतोष कुमार बिना किसी सूचना के अपने ड्यूटी से गायब थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही साथ बिना सूचना के अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहने के मामले में चारों पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

# सड़क हादसे में दुल्हन के भाई, चाचा समेत तीन की मौत

### शादी की खुशियां मातम में तब्दील

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगापट्टी थाना के पिपरा कचहरी टोला में रविवार की रात शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। बारात दरवाजे पर लगाने के दौरान हुए हादसे में लड़की के भाई, चाचा के अलावे एक अन्य की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुची पुलिस ने तीनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। गांव में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार योगापट्टी के पिपरा कचहरी टोला में शिवजी प्रसाद की भतीजी की शादी थी। शादी के लिये बारात जनवासे में थी। बारात को रिसीव करने के लिये देवनाथ प्रसाद के पुत्र जयप्रकाश कुमार और जयप्रकाश के चाचा शिवजी प्रसाद गए थे। जैसे हीं वे सड़क किनारे जनवासे के पास पहुंचे उसी दौरान बाइक पर सवार दो युवकों ने जयप्रकाश एवं शिवजी प्रसाद को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिवजी प्रसाद ,जयप्रकाश घायल हो गए साथ ही बाइक सवार रमाकांत एवं एक अन्य युवक भी घायल हो गया। आनन फानन में परिजन घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान शिवजी प्रसाद, जयप्रकाश कुमार एवं रमाकांत की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य घायल बिट्टू राम की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। आनन फानन में लड़की की शादी करा विदाई कर दी गयी। इधर शवो का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शवों को परिजनो को सौंप दिया है। फिलहाल डोली उठने के बाद अर्थी उठाने की तैयारी चल रही है।

# होटल संचालक पर फायरिंग में एक नामजद

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अफराद मोड़ स्थित शिवम लाइन होटल के संचालक पर अपराधी द्वारा बीती रात्रि रविवार को फायरिंग कर घायल कर दिया। गोली होटल संचालक माघी गांव निवासी दिलीप सिंह के बांह में लगी। इस संबंध में घायल ने ने बताया कि जब मैं अपने होटल से 11 बजे अपने घर माघी आ रहा था। मांझी- बरौली पथ में गोरिया कोठी तीन रहा पर एक व्यक्ति खड़ा था , मुझे देखते ही फायरिंग करना शुरू कर दिया। मैं जान बचाकर भागा और एक व्यक्ति के घर में शरण लिया। लेकिन वह व्यक्ति पीछा करते हुए फायरिंग किया और इसी दौरान । एक गोली मेरे पैर में लगी जिससे मैं जख्मी हो गया। फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान




कल्याणपुर निवासी सच्चिदानंद सिंह के रूप में हुई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत ठीक बताई जा रही। बताया जाता है कि 8 वर्ष पहले अपराधियों ने इसी परिवार के एक सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब जख्मी के परिवार में दहशत का माहौल है। महाराजगंज पुलिस को घटना की जानकारी मिली।पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा ली।कुछ खाली खोखे भी बरामद की। पीड़ित दिलीप सिंह द्वारा महाराजगंज थाने में आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है जिसमें कल्याणपुर निवासी सच्चिदानंद सिंह को आरोपित किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है।

### युवक को अगवा कर अपराधियों ने गोली मार की हत्या

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैरवा थाने के तितरा बाजार से रविवार की शाम लगभग सात बजे अपराधियों ने एक युवक को अगवा करने के बाद गोली मार हत्या कर डेड बॉडी को तितरा बाजार के समीप स्कूल के पीछे फेंक दिया. मृतक विशाल कुमार यादव मैरवा थाने के तितरा बाजार निवासी भगवान यादव का पुत्र था.आक्रोशित लोगों ने रविवार की रात में ही सदर अस्पताल डेड बॉडी के साथ आई मैरवा थाने की पुलिस को दौड़ा दौड़ा कर पिटाई की.इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया.सोमवार को आक्रोशित लोगों ने घटना के विरोध में सीवान मैरवा पथ को किया जाम कर दिया.लोगों का आरोप था कि सूचना देने के बाद भी पुलिस नहीं आई.परिजनों का आरोप है कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई.लेकिन पुलिस नहीं आई तबतक अपराधियों ने विशाल की गोली मार हत्या कर डेड बॉडी को स्कूल के पीछे फेंक दिया.

# नंदनगढ़ महोत्सव में देर रात तक गोते लगाते रहे लोग

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया में नंदनगढ़ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में राज्य के कई कलाकारों ने अपनी गायिकी का लोहा मनवाया तो विधायक विनय बिहारी ने दर्शकों का मन मोहा। वहीं वरीय अधिकारियों ने भी अपनी गायिकी की कुंठा को तोड़ते हुए मंच पर सुरीली आवाज में गाना गाकर सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए झूमने को विवश कर दिया।

मंच पर जब यूपी गोरखपुर की लोक गायिका अनुपमा यादव ने जब अपनी सुरीली आवाज में गाते हुए कहा कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, ई हवा में हम फिर से भगवा लहराएंगे। काशी भी सजा है, अयोध्या भी सजादी है। मेरे राम कृपा कर दो मथुरा भी सजाएंगे गाया तो महोत्सव में शामिल दर्शक झूमते हुए रोमांचित होकर तालियां बजाने लगे। इसके बाद मजाक में अनुपमा ने



विधायक श्री बिहारी को स्टेज पर बुलाकर गाया कि हई पुलिस प्रशासन ,सरकार का करी हमर चाचा विधायक बाड़े केहू का करी पर सभी लोग खूब मस्ती की। छाने छाने मिजाज बदले तहरे रजउ..., गाया।

विधायक विनय बिहारी के साथ युगल गीत कर्मा फिल्म का दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए। पर सभी झूम उठे।इसके बाद एक्साइज सुपरिंटेंडेंट मनोज कुमार ने मंच से जब सोहर गीत गाया तो दर्शक लोटपोट हो गए। उन्होंने जब अईसन मनोहर मंगल ऐ मूरत सुहावन सुंदर सुरत सुहावन सुंदर, ऐ राजाजी एकरे लूटअ ए राजाजी... कईसे बनी हो कईसे बनी फुलौरी बिना चटनी कईसे बनी गाया तो दर्शक तो दर्शक ,जिला के,अनुमंडल और प्रखंड के सभी पदाधिकारी झूम उठे। वे भी धीरे धीरे गुनगुनाने के साथ नजर बचाकर थिरकने भी लगे। दर्शकों की मांग पर श्री कुमार ने बबुआ हमार राजा होईहे, महाराजा होईहे.... लालना हमार। और मन्ना डे का 1977 में गाया पहला भोजपुरी गीत आरा हिले, छपरा हिले, बलिया हिले गाया तो दर्शक भी नाचने लगे। इसी तरह से नौतन बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह भी अपने को रोक नहीं पाए और मंच पर चढ़कर जब उन्होंने डम डम डिगा डिगा, मौसम भींगा भींगा बिन पिए मैं तो गिरा। दूसरा एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल जग में रह जाएंगे प्यारे तेरे बोल और रमय्या वस्तावैया मैने दिल तुझको दिया थिरकते हुए गाया तो दर्शकों के साथ सभी अधिकारी भी झूमने लगे। अंत में डीएम दिनेश कुमार राय द्वारा नंदनगढ़ महोत्सव की समापन की घोषणा की गई। साथ ही नरकटियागंज एसडीएम सूर्यप्रकाश गुप्ता, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, बीडीओ संजीव कुमार, सीओ नितेश कुमार सेठ, थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा के साथ महोत्सव को सफल बनाने वाले सभी कर्मियों को बधाई दी गई। कार्यक्रम के अंत मे डीएम दिनेश राय ने सभी कलाकारों को प्रमाणपत्र के अलावा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### पीएम आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को सौंपा 91.2 करोड़

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वितीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले के लाभुकों को आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त के रूप में कुल-



91.2 करोड़ रुपए प्रदान किया गया है। अबतक 2494 लाभुकों को प्रथम किस्त भुगतान किया गया है। इसी क्रम में निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश द्वारा मझौलिया प्रखंड के लाभुक शिला देवी, रमावती देवी, रम्भा देवी, बबीता देवी एवं चुमन कुमार यादव को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीआरडीए के अन्य पदाधिकारी, अभियंता एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सांस लेने में तकलीफ, बार-बार निमोनिया होना बच्चों में हृदय रोग के लक्षण: डॉ. सप्रे

### जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा बेतिया में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, बेतिया एवं रोटरी क्लब बेतिया सेंट्रल के सहयोग से गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेतिया में सोमवार को एक दिवसीय निशुल्क शिशु हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में बड़ी संख्या में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर पहुंचे, जहां जयप्रभा मेदांता हार्ट इंस्टिट्यूट, पटना के पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. आशीष सप्रे द्वारा बच्चों की जांच की गई और उचित परामर्श दिया गया।



इस अवसर पर डॉ. सप्रे ने बताया, बच्चों की त्वचा व होंठों पर नीलापन, बार-बार न्यूमोनिया, तेज सांस, दूध पीते समय सांस फूलना, वजन न बढ़ना और सीने में दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जन्मजात हृदय रोगों की पहचान समय पर हो जाए तो इलाज संभव है और बच्चा स्वस्थ जीवन जी सकता है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुधा भारती ने कहा, मेरे लिए यह हर्ष की बात है कि मेदांता जैसा संस्थान हमारे अस्पताल में पहुंचा और बच्चों के हृदय रोगों की जांच कर रहा है। ऐसे शिविर न सिर्फ बच्चों को नई ज़िंदगी देने का कार्य करते हैं, बल्कि जनजागरूकता भी बढ़ाते हैं। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. डी.के. मिश्रा ने कहा कि इस तरह के सहयोगात्मक प्रयासों से ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेषज्ञ सेवाएं सुलभ होती हैं। एचओडी, पेडियाट्रिक्स विभाग डॉ. अनिल कुमार ने कहा, हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित किया जाए, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर विशेषज्ञ सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. राजेश कुमार, हॉस्पिटल मैनेजर श्री शहनवाज, DEIC बेतिया रंजन मिश्रा, DEIC, मोतिहारी डॉ. शशि मिश्रा तथा प्रमुख लेखपाल उदय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### सीआरसी मूल्यांकन से गायब शिक्षिका से मांगा स्पष्टीकरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीआरसी स्तर पर चल रहे मूल्यांकन व स्कूल से गायब रहने पर एक शिक्षिका से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्पस्टीकरण की मांग की है। वही शिक्षिका के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए बीइओ राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को सीआरसी स्तर पर चल रहे मूल्यांकन कार्य की जांच की गई है। इस क्रम में भसुरारी में चल से मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया गया है। जिसमे मूल्यांकन के लिए प्रतिनियुक्त कटघरवा स्कूल की शिक्षिका साहिना नाज प्रवीण गायब मिली। उनके स्कूल में जांच की गई तो वे स्कूल से भी बिना सूचना के गायब पाई गई। दोनो जगहो से गायब शिक्षिका से स्पस्टीकरण की मांग की गई है। इसके साथ ही शिक्षिका के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए जिला को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेश का पालन नही करने वाले शिक्षको के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर बीइओ के अचानक मूल्यांकन जांच से शिक्षको में हड़कंप की स्थिति है।

# शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलायेगा नगर निगम : गरिमा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता सोमवार को नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर ने कहा कि है।अगले माह इसके लिए सभी पार्षदों की एक बैठक की जाएगी। वही बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि नगर विकास एवम आवास विभाग के स्तर से निर्देश के साथ



संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में अनियंत्रित आवारा कुत्तों से आम जनता परेशान है। स्कूली बच्चों के अतिरिक्त बुजुर्ग और महिलाओं को परेशानी और खतरा ज्यादा है।इस पर सहमति के बाद इससे निजात पाने के लिए सक्षम एजेंसी का चयन करने के लिए जरूरी पहल का निर्देश महापौर के द्वारा नगर आयुक्त दिया गया। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बरसात पूर्व मुख्य नालों की सफाई कराने का निर्णय लिया गया जारी श्पगार ऐपश आधारित बायोमेट्रिक हाजरी के बिना भुगतान नहीं होने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय किया गया है कि मीना बाजार टांगा स्टैंड वाली नगर निगम के सरकारी भूखंड पर स्वीकृत सार्वजनिक शौचालय के जारी निर्माण को गति देने के लिए में प्रशासन की मदद लेकर निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने का निर्णय बैठक में गया।

# लक्ष्य एकेडमी विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**महाराजगंज /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल के सुप्रसिद्ध विद्यालय लक्ष्य एकेडमी डे-बोर्डिंग स्कूल महाराजगंज का वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर गया । इस अवसर पर बच्चोंके बीच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें शामिल कुल 69 सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार ग्रुप-ए से आदर्श कुमार, ग्रुप-बी से लक्ष्य कुमार एवं ग्रुप-सी से प्रिंस कुमार तीन प्रतिभागी को रेंजर साइकिल दिया गया` वही तीनों ग्रुप से द्वितीय पुरस्कार , तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया` साथ ही वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे को भी पुरस्कृत किया गया` इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक





श्री संतोष कुमार सिंह ने सफल प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की एवं जो भी प्रतिभागी असफल रहे उन्हें अगले साल तैयार होने के लिए प्रेरित किया` विद्यालय के प्राचार्य श्री सोनू कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता परीक्षा प्रत्येक साल फरवरी महीना में होते रहेगी और जो भी प्रतिभागी सफल होंगे उन्हें विद्यालय की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा एवं विद्यालय में निःशुल्क नामांकन कराने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पश्चिमी जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, कुंदन सिंह (समाजसेवी), प्रो। नारायण सिंह, प्रो।सुबोध सिंह, बलवंत सर, राजन सर, किशन सर एवं सभी शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### आम लोगों को फर्स्ट एड और सीपीआर की तकनीक से किया गया प्रशिक्षित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के सिसवन ढाला स्थित आईएचएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड सेफ्टी मैनेजमेंट ने सीवान के आम लोगों को जागरूक करने के लिए एक प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में फर्स्ट एड और सीपीआर की तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आईएचएसएम सेफ्टी इंस्टीट्यू के संचालक अहमद रजा ने बताया कि वर्तमान में देखने में आ रहा है कि चाहे घर के बाहर दुर्घटना हो या घर में इमरजेंसी,सबसे ज्यादा जाने आजकल फर्स्ट एड के अभाव में ही जा रही हैं।हालांकि फर्स्ट एड कोई बहुत बड़ी डिग्री नहीं है।लेकिन उसका सही तकनीक और उपयोग का ज्ञान ही जान को बचा सकता है।संस्था के संचालक अहमद रजा ने बताया कि चूंकि सीवान में अभी इस संबंध में कोई भी पहल नहीं की गई है जिससे कि स्टूडेंट्स के साथ-साथ आम नागरिकों को जानकारी हो।



# भक्त प्रहलाद लीला का मंचन कर भक्ति की शक्ति को दिखाया

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ओदिखोर गांव में चल रहे नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ में सातवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत हो रहे रासलीला के दौरान रविवार की रात्रि भक्त प्रहलाद लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्रीधाम वृंदावन से आई रासलीला मंडली द्वारा भक्त प्रहलाद की ईश्वर भक्ति के भाव को काफी सहजता और सरलता के साथ प्रदर्शित कर ईश्वरीय शक्ति ज्ञान को दर्शकों दिखाया गया। रासलीला मंडली के व्यास पंडित मयंक ब्रजवासी ने अपने उद्घोष के दौरान दर्शकों को धर्म आस्था और भक्ति की शक्ति को वर्णित कर उसका सार्थक लाभ लेने को प्रेरित किया। उन्होनें कहा एक बार आप अपने मन को स्थिर कर भक्ति भाव से ईश्वरीय शक्ति व ज्ञान का स्मरण करें और देखे की उसका फलाफल आपको कितना आनन्दित करता है। भक्ति ही ऐसी शक्ति है कि हमारे आराध्य को हमारी सुननी पड़ती है। जब राजा हिरण्यकश्यप भक्त प्रह्लाद को भक्ति से भटका न सका तो उन्हें मारने के भिन्न भिन्न उपायों को लगाया लेकिन भक्त प्रह्लाद की आत्मीय शक्ति और ईश्वरीय भक्ति उन्हें क्षति तक पहुचने नही दी। हिरण्यकश्यप अपनी सभा में प्रहलाद से अपने भगवान को बुलाने को जब कहता हैं तब प्रहलाद कहते हैं कि भगवान कण-कण में हैं और भगवान भी अपने भक्त को बचाने स्वयं चले आते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर अतिथि



बीडीसी सह सामाजिक कार्यकर्ता विनीत नाथ तिवारी,पूर्व विधायक रामायण मांझी की पुत्र बधू जया देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शुक्ला, प्रिंसीपल राज रोशन तिवारी सहित कई अन्य मौजूद रहे। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित रंजीत तिवारी है तथा वैदिक अनुप पांडेय,विनीत कुमार मिश्र, दिनेश पांडेय व कुंदन कुमार तिवारी है। यज्ञ के यजमान है डॉ कमल यादव,रविन्द्र शर्मा व मुन्नी देवी है। यज्ञ के सक्रिय कार्यकर्ताओं पूर्व मुखिया हरिवंश रजक,बसन्त शर्मा,कमलेश गुप्ता,बलिराम प्रसाद,अवध किशोर शर्मा,राधामोहन पासवान,प्रदीप कुशवाहा,रामेश्वर शर्मा,अनिकेत शर्मा उर्फ छोटू, भगराशन भगत,मनोज सिंह, रमेश पटेल आदि।

# विश्व यक्ष्मा दिवस पर स्वास्थ्यकर्मियों ने टीबी मरीजों को दिया फूड बॉस्केट

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंदर में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रानी कुमारी की उपस्थिति में विश्व यक्ष्मा दिवस पर स्वास्थ्यकर्मियों 08 टीबी मरीजों को लेकर फूड बास्केट दिया गया। प्रशासी अधिकारी सुधीर कुमार,बीएचएम मधुरेंद्र कुमार एवं बीएएम हारून अहमद ने निश्चय मित्र बन कर मरीजों को फूड बॉस्केट दिया।फूड बॉस्केट में अंडा, सोयाबीन, दाल, चावल, बिस्किट, दूध का एक डिब्बा सहित प्रोटीन युक्त सामग्री का वितरण किया गया।मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रानी कुमारी ने कहा कि निक्षय मित्र योजना टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम छह माह के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते




हैं।उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ जीतने के लिए सम्मिलित प्रयास किया जाना आवश्यक है। इसलिए उन्होंने सक्षम व्यक्ति, जिम्मेदार सरकारी व गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र अभियान से जुड़ने की अपील की है।उन्होंने कहा कि टीबी की बीमारी कुछ वर्ष पहले तक खतरनाक मानी जाती थी।लेकिन अब इसका इलाज आसानी से हो रहा है। हालांकि सबसे अहम बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में इस बीमारी से संबंधित उचित परामर्श, जांच, इलाज के साथ ही दवा का वितरण पूरी तरह से निःशुल्क किया जाता है।

CMYK

# औरंगाबाद में डायबिटीज विशेषज्ञों का दो दिवसीय सम्मेलन 29 मार्च से

## मधुमेह नियंत्रण और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर होगा गहन मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देश में मधुमेह (डायबिटीज) के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने और इस बीमारी के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन 29 और 30 मार्च को औरंगाबाद में आयोजित किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण आयोजन 'रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया' के बिहार चैप्टर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बिहार और देशभर के करीब 300 से अधिक डायबिटीज विशेषज्ञ डॉक्टर हिस्सा लेंगे।




### सम्मेलन में होंगे 15 से अधिक वैज्ञानिक सत्र

इस सम्मेलन में 15 से अधिक वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 75 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मधुमेह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इन सत्रों में डायबिटीज के कारण, उपचार, रोकथाम, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नई दवाओं, इंसुलिन तकनीकों और जीवनशैली में सुधार के तरीकों पर गहन चर्चा होगी। आरएसएसडीआई बिहारकॉन के आयोजन सचिव डॉ. बी. के. सिंह ने सोमवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह सम्मेलन औरंगाबाद स्थित एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी ऑडिटोरियम में होगा। इसका उद्घाटन 29 मार्च को शाम 7 बजे किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में डॉ बी के सिंह के साथ डॉ एस. बी. प्रसाद, डॉ ओमप्रकाश भी मौजूद थे।

### कौन-कौन होंगे शामिल

इस उद्घाटन समारोह में आरएसएसडीआई के अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि सीसीडीएसआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एन. राय और आईसीपी के डीन डॉ. कमलेश तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। इस आयोजन में बिहार के 280 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों से 20 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉक्टर भाग लेंगे।

### युवा डॉक्टरों को मिलेगा सीखने का अवसर

इस कांफ्रेंस में मेडिसिन में स्नातकोत्तर (एमडी) की पढ़ाई कर रहे युवा चिकित्सकों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे डायबिटीज के उपचार और नए शोधों की जानकारी प्राप्त कर सकें।

### भारत में मधुमेह की बढ़ती समस्या

डॉ. सिंह ने बताया कि भारत तेजी से मधुमेह की राजधानी बनता जा रहा है। यह बीमारी केवल बढ़ती उम्र के लोगों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि युवाओं और बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि संयमित जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाकर इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

### भ्रांतियों से बचने की जरूरत

डॉ. सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि डायबिटीज को लेकर समाज में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं। लोग वैज्ञानिक उपचार के बजाय नीम-हकीमों और घरेलू नुस्खों पर भरोसा कर लेते हैं, जिससे बीमारी और गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि मधुमेह रोगियों को सटीक चिकित्सकीय परामर्श और आधुनिक उपचार पद्धतियों को अपनाना चाहिए।

### नए शोध और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों पर होगा मंथन

इस कांफ्रेंस में डायबिटीज से जुड़ी नई दवाओं, शोधों और अत्याधुनिक उपचार पद्धतियों पर भी चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों के लिए प्रभावी और कम खर्चीले इलाज की दिशा में किए जा रहे नवीनतम प्रयोगों पर अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि वर्तमान चिकित्सा पद्धतियों और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से मधुमेह के दुष्प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य डायबिटीज से निपटने के लिए डॉक्टरों और समाज को सही दिशा में जागरूक करना है। औरंगाबाद में होने वाला यह दो दिवसीय सम्मेलन डायबिटीज के इलाज और नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस आयोजन से युवा डॉक्टरों को भी बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में बेहतर उपचार प्रणाली विकसित की जा सकेगी।

# लंबित कार्यों को यथाशीघ्र करें पूर्ण : श्रीकांत शास्त्री

- विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में मंडे फॉलोअप मीटिंग एवं जिला समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा मंडे फॉल अप मीटिंग में प्राप्त विभागवार एजेंडा का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया एवं निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल के स्तर एवं दाउदनगर अनुमंडल सदर के स्तर पर दायर लंबित परिवाद का पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समीक्षा क्रम में पाया गया जिला में विभिन्न विभागों से सीपीग्राम से संबंधित 09 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 202 आवेदन एवं जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित 84 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड, एलपीसी के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक व ऑटो की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुजा करमा गांव के समीप की है। घायलों में नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मुंगिया गांव निवासी रौशन सिंह, नेहा कुमारी व कुटुंबा प्रखंड के अंबा शाही गांव निवासी प्रियंका देवी शामिल है। इलाज के दौरान घायल रौशन सिंह ने बताया कि वह अपने बाइक पर नेहा और प्रियंका को लेकर औरंगाबाद शहर के किसी कॉलेज में फार्म भरवाने के लिए आया था। तभी उस जगह सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गयी और तीनों गिरकर घायल हो गए।

# कारा में धूमधाम से आज मनेगी बुढ़वा मंगर होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के कारा गांव में मंगलवार को पारंपरिक बुढ़वा मंगर होली पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस विशेष अवसर को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। प्रशासन ने भी दोनों संप्रदायों के लोगों के साथ बैठक कर भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, इस परंपरा का श्रेय बटुरा गांव के पारसनाथ दुबे को जाता है। लोककथाओं के अनुसार उन्होंने अपने पराक्रम के बल पर महावीरी झंडा के साथ जुलूस निकाला और कारा के नवाब के घर पहुंचकर होली खेली। पहले तो नवाब को यह परंपरा अनोखी लगी, लेकिन धीरे-धीरे वे भी इसमें शामिल हो गए। इसके बाद हर साल यह आयोजन भव्य रूप लेने लगा और कारा गांव में बुढ़वा मंगर होली एक प्रतिष्ठित परंपरा बन गई। हर साल इस दिन आसपास के गांवों के लोग महावीरी झंडा लेकर कारा पहुंचते हैं और पूरे गांव में जुलूस निकालते हैं। इस दौरान सभी लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। समाजसेवी चिंटू गुप्ता बताते हैं, ''बुढ़वा मंगर होली को लेकर गांव में खासा उत्साह रहता है। यह दिन खुशहाली और भाईचारे का प्रतीक है।'' बटुरा निवासी शिक्षक योगेंद्र दुबे ने बताया कि यह परंपरा उनके दादा स्व. पारसनाथ दुबे द्वारा शुरू की गई थी, जो आज भी उसी श्रद्धा और उमंग के साथ निभाई जा रही है। उन्होंने कहा, ''आज भी इस दिन को अनूठे अंदाज में मनाया जाता है। घर-घर में विशेष पकवान बनाए जाते हैं और मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद महावीरी झंडा के साथ जुलूस निकाला जाता है।'' गांव के संतोष गुप्ता ने बताया कि बटुरा, कारा, राधे बीघा और शीशो बीघा सहित अन्य गांवों के लोग भी महावीरी झंडा लेकर कारा पहुंचते हैं और बाजार में घूम-घूमकर भाईचारे का संदेश देते हैं। विवेक कुमार सांकृत्यायन ने कहा कि इस अनूठी होली को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग कारा पहुंचते हैं। ''हर घर में विशेष मिठाइयां बनती हैं और मेहमानों का आदर-सत्कार किया जाता है। प्रशासन भी इस आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहता है। वर्षों पुरानी यह परंपरा हर साल और भव्य होती जा रही है।





# इंस्टाग्राम पर देसी कट्टा लहराने का वीडीयो वायरल, दो गिरफ्तार

- वीडियो अपलोड करने के एक घंटे के अंदर इंस्टाग्राम आई को पुलिस ने किया चिन्हित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना की पुलिस ने रविवार की शाम इंस्टाग्राम पर अवैध देसी कट्टा लहराने का वीडियो अपलोड करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के भलुआड़ी कला गांव निवासी भरत सिंह के पुत्र विक्की कुमार सिंह तथा अशोक भुईयां के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि रविवार की शाम एक व्यक्ति के द्वारा इंस्टाग्राम पर अवैध देसी कट्टा लहराने का वीडियो अपलोड करने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एक घंटे के अंदर इंस्टाग्राम आईडी को चिन्हित कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में विक्की कुमार सिंह ने बताया कि वह बिहारी शहजादा नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चलाता है। यह कट्टा मेरा और मेरे ही गांव के नीतीश कुमार का है। देसी कट्टे की बारामदगी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए विक्की कुमार सिंह को साथ लेकर सशस्त्र बल नीतीश के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही नीतीश ने भागने का प्रयास किया परंतु सशस्त्र बल की मदद से उसे पकड़ लिया गया। अवैध कट्टा के बारे में पूछताछ करने पर पहले तो उसने इंकार किया परंतु पुलिस बल द्वारा सख्ती से पुछताछ किए जाने पर उसने बताया कि विक्की कुमार सिंह ने कट्टा उसे रखने के लिए दिया है। नीतीश के घर की तलाशी के दौरान कमरे की छज्जे से कट्टा बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध देसी कट्टा रखने और उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# टीबी रोग से बचने के लिए सतर्कता जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व यक्ष्मा दिवस सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने जिले के चार पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत घोषित होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर आने वाले वर्ष में जिले को टीवी मुक्त करने का प्रयास करेंगे। विदित हो कि औरंगाबाद का सदर प्रखंड का परसडीह पंचायत, देव प्रखंड का हसौली पंचायत, नबीनगर का जय हिंद तेंदुआ पंचायत एवं ओबरा प्रखंड का ओबरा पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत केंद्रीय यक्ष्मा प्रयाग नई दिल्ली द्वारा किया गया है। समारोह को संबोधित करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने यक्ष्मा रोग के लक्षण, कारण, इलाज एवं बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। डीपीएस अजीत कुमार शर्मा द्वारा टीवी मुक्त पंचायत कैसे किया जाए। इस पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि समाज में जागरूकता आने से ही टीबी रोग को खत्म किया जा सकता है। टीबी से बचने के लिए मास्क उपयोग करने के साथ ही बलगम को इधर-उधर नहीं थूकना चाहिए।

# जयंती पर याद किये गये राम मनोहर लोहिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में डॉ राम मनोहर लोहिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के द्वारा एक विशेष व्याख्यान डॉ राम मनोहर लोहिया की सामाजिक एवं आर्थिक नीतियां का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. कौशल कुमार तथा सहायक अध्यापक विनीत शाह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सुनील कुमार उपस्थित रहे। सुनील कुमार ने लोहिया जी पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उनके सामाजिक एवं आर्थिक नीतियों को छात्रों के सामने प्रस्तुत किया। लोहिया जी के द्वारा समय-समय पर चलाए गए जन आंदोलन तथा उसके महत्व को बच्चों को समझाया। मुख्य वक्ता सुनील कुमार ने लोहिया जी के द्वारा दिए गए नारे तथा उनके वर्तमान समय में उनके प्रभावों का भी वर्णन किया महिलाओं एवं वंचितों के लिए लोहिया जी के द्वारा किए गए कार्यों को छात्र-छात्राओं के सामने बड़े विस्तार से वक्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के डॉ. विवेक कुमार ने छात्र-छात्राओं को लोहिया जी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में उनके महत्व को छात्र-छात्राओं के सामने रखा।



# 20 पदों पर होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिला नियोजनालय के तत्वाधान में आगामी 26 मार्च को रफीगंज प्रखंड के न्यू एरिया अंतर्गत एआरसीसी में सुबह 10:00 बजे से जॉब कैम्प का आयोजन होना है जिसमें फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी, नई दिल्ली की कम्पनी भाग ले रही है। इसमें 20 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएंगी। अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक होना चाहिए।

# लाभार्थियों को सौंपी गयी प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध आवास स्वीकृति एक मुस्त प्रथम किस्त का भुगतान एवं पूर्ण किये गये आवासों के लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से चाभी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि उक्त आलोक में आज जिला के 2448 लाभुकों एक मुस्त प्रथम किस्त का भुगतान किया गया। इसके साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला के कुल 16988 लाभुकों को अभी तक प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है। इसी प्रसंग में प्रतीकात्मक रूप से आवास पूर्ण करने वाले विभिन्न लाभुक यथा दौलती देवी, मोतीझरी देवी, मुन्नी देवी, शमा प्रवीण सहित 11 लाभकों को जो विभिन्न प्रखंडों से थी को प्रतीकात्मक रूप से चाभी सौपा गया। आज के कार्यक्रम करीब 22 लाभुकों को प्रतीकात्मक तौर पर स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अभ्येन्द्र मोहन सिंह ने इन लाभुकों को चाभी एवं स्वीकृति पत्र सौपा।




# कॉलेज परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज एनएसएस यूनिट के विशेष शिविर में छठे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका कुमारी एवं समन्वयक डॉ संजीव रंजन के मार्गदर्शन में कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को सफाई के महत्व से अवगत कराया गया। स्वयंसेवकों ने इस अभियान में उत्साह के साथ भाग लिया, तत्पश्चात रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जो पूरे कैंपस के बच्चों के लिए थी। इसमें भी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रंगोली का विषय नारी सशक्तिकरण था। इसके विजेताओं को समापन सत्र में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रितिक, रितिका, शुभम, श्रेया, प्रीति, रीना, नवीन, विशाल, चंदन, प्रिंस, सुशांत,आरती, सनोज एवं सचिन आदि स्वयंसेवक शामिल हुए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में डॉ. आशीष ने शुरू की हेयर ट्रांसप्लांट की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल झड़ने की समस्या से परेशान लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब हेयर ट्रांसप्लांट के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान बेहद आसान और किफायती हो गया है। जाने-माने डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कुमार के अनुसार हेयर ट्रांसप्लांट अब न केवल सरल और सुलभ है, बल्कि इसका सक्सेस रेट भी 95 प्रतिशत से अधिक है। खास बात यह है कि औरंगाबाद जैसे शहरों में यह सुविधा मात्र 30 से 35 हजार रुपये में उपलब्ध है, जो इसे आम लोगों की पहुंच में लाता है। शहर के नागा बिगहा रोड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के समीप सेकंड फ्लोर पर डॉ आशीष कुमार ने अपना क्लीनिक खोला है, यहां हेयर ट्रांसप्लांट के अलावा किसी भी प्रकार के चर्म रोग का सफल इलाज लेजर विधि द्वारा किया जाता है। डॉ. आशीष ने बताया कि बाल इंसान की खूबसूरती और आत्मविश्वास का अहम हिस्सा होते हैं। लेकिन गलत जीवनशैली, प्रदूषित भोजन-पानी और वंशानुगत कारणों से आजकल हेयरफॉल की समस्या आम हो गई है। अधिक हेयरफॉल से गंजापन हो सकता है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। ऐसे में हेयर ट्रांसप्लांट एक कारगर और स्थायी इलाज के रूप में सामने आया है। डॉ. आशीष ने हेयर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। सबसे पहले मरीज की काउंसलिंग की जाती है, ताकि उन्हें हर पहलू की जानकारी हो और कोई दुविधा न रहे। इसके बाद डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच की जाती है। दोनों सामान्य होने पर प्रक्रिया शुरू होती है। जिस क्षेत्र में बाल लगाने हैं, उसे सुई से सुन्न कर दिया जाता है। फिर दाढ़ी या छाती से बाल लेकर चिन्हित जगह पर प्रत्यारोपित किया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह दर्दरहित और बिना रक्तस्राव के होती है। हेयर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 10 दिनों तक डॉक्टर की निगरानी में रहना होता है। इस दौरान मेडिकेटेड शैंपू और दवाइयों का इस्तेमाल करना पड़ता है। डॉ. आशीष ने सलाह दी कि डॉक्टर की अनुमति के बिना बाजार की किसी भी चीज का प्रयोग नहीं करना चाहिए, वरना नतीजे प्रभावित हो सकते हैं।



# नहीं बना पुल तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के नहर पर पुल नहीं बनने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। आज दूसरे दिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र के सिजुवाही व खुटीडीह गांव के सामने पुल बनने से सहूलियत होगी। पुल के अभाव में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में नदी के कारण आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाता है। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया तथा प्रशासन विरोधी नारे लगाए। लोगों ने कहा कि यदि पुल नहीं बना तो वे आने वाले चुनावों का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि इन दिनों उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के नहर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा हैं। धरनार्थियों ने कहा कि पुल बन जाने से जमुनिया, चिलमी, कोयरी बिगहा, मैनपुर, पीतांबरा, खुटिडीह, जुड़ाही सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा। इससे कई गांवों के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा। इसके साथ ही लोगों को आवागमन में सहूलियत व आसानी हो सकेगी। जबकि प्रखंड क्षेत्र में जाने के कई रास्ते खुल जाएंगे। इससे कम समय लगेगा। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पुल का निर्माण शीघ्र नहीं कराया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र यादव, विजय कुमार उर्फ गोलू यादव, सुखदेव यादव, अर्जुन यादव, सत्यनारायण यादव, गिरजा मोहन यादव, अनिल यादव, जितेंद्र यादव, रामनारायण यादव, विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार, ओमप्रकाश कुमार, मोहित कुमार, किट्टू कुमार, गोपाल शरण यादव, धनेश्वर यादव, महेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, कमलेश यादव, पिंटू कुमार, मुन्ना कुमार, शीर्षक कुमार, आदर्श कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।